आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 10 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 234, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पूजा-राधा के सामने दक्षिण अफ्रीका ढेर 13

कंगना ने की मीना कुमारी की तारीफ 14

## प्रदेश में हाईब्रिड कारों पर पंजीकरण शुल्क माफ



**लखनऊ।** राज्य सरकार ने हाइब्रिड कारों पर लगने वाला पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया है। ऐसे में हाइब्रिड कार खरीदने पर कम से कम दो से तीन लाख रुपये तक की बचत होगी। इस फैसले से मारुति सुजुकी इंडिया, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और होंडा कार्स इंडिया जैसी कंपनियों को लाभ पहुंच सकता है। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने जानकारी दी कि हाइब्रिड कारों और प्लग इन हाइब्रिड कारों पर रजिस्ट्रेशन फीस को शत प्रतिशत माफ कर दिया गया है, जिसे तत्काल प्रभाव से प्रदेशभर में लागू कर दिया गया है। अब प्रदेश में खरीददार मारुति सुजुकी इनविक्टो और टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस पर तीन लाख रुपये से ज्यादा और मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा, टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर और होंडा सिटी ई :एचईवी पर दो लाख रुपये से ज्यादा बचा सकते हैं। दरअसल, शासन ने इस संबंध में पांच जुलाई को ही एक सर्कुलर जारी किया था। परिवहन आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में 10 लाख रुपये से कम कीमत वाले चार पहिया पर आठ प्रतिशत और 10 लाख रुपये और उससे ज्यादा कीमत वाली गाड़ियों पर 10 प्रतिशत रोड टैक्स लगता है।

- **खरीददार को तीन लाख रुपये तक की होगी बचत**

## कठुआ आतंकी हमले में शहीद पांचों जवानों के पार्थिव शरीर पहुंचे देहरादून

**ब्यूरो, देहरादून**



अनुज नेगी | आनंद सिंह रावत | कमल सिंह | आदर्श नेगी | विनोद सिंह

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले में शहीद उत्तराखंड के पांचों जवानों के पार्थिव शरीर देहरादून पहुंच गए हैं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत तमाम लोगों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहां से शहीदों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक निवास स्थान को भेज दिए जाएंगे। जवानों के बलिदान से देवभूमि में शोक की लहर है।

जम्मू कश्मीर के कठुआ में बीते सोमवार को आतंकियों ने घात लगाकर सेना के वाहन पर हमला कर दिया था। सेना के जवानों ने भी जवाबी फारयिंग की, लेकिन आतंकी जंगल की तरफ भाग गए। हमले में उत्तराखंड के पांच वीर सपूत शहीद हो गए। जिसमें जेसीओ (नायब सूबेदार) आनंद सिंह, हेड कांस्टेबल कमल सिंह, राइफलमैन अनुज सिंह, नायक विनोद सिंह और राइफलमैन आदर्श नेगी शामिल हैं।

राइफलमैन आदर्श नेगी टिहरी जिले के कीर्तिनगर में थाती डागर के रहने वाले थे। नायक विनोद सिंह टिहरी के जाखणीधार तालुक के चौंद जसपुर गांव के थे। नायब सूबेदार आनंद सिंह रुद्रप्रयाग जिले के कांडाखाल के रहने वाले थे। हवलदार कमल सिंह पौड़ी जिले के लैंसडाउन तहसील के पापरी गांव जबकि राइफलमैन अनुज नेगी पौड़ी जिले के रिखणीखाल तालुक के डोबरिया गांव के रहने वाले थे।

पांचों शहीद जवानों के पार्थिव शरीर देहरादून पहुंचने पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, विधायक बृजभूषण गैरोला, डीएम व एसएसपी ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धाजंलि अर्पित की। सैनिकों का पार्थिव शरीर उनके पैतृक निवास भेजा जाएगा जहां शहीदों का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री धामी ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

"हमारे रणबांकुरों ने उत्तराखंड की समृद्ध सैन्य परंपरा का पालन करते हुए मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। – **मुख्यमंत्री, पुष्कर सिंह धामी**

### डोडा में आतंकवादियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़

**जम्मू/कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के सुदूर वन क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने जब घड़ी भगवा जंगल में तलाशी एवं घेराबंदी अभियान चलाया तो मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी जारी थी। वहीं, कठुआ जिले में सेना के गश्ती दल पर घातक हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने के लिए मंगलवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। डीजीपी आरआर स्वैन अभियान की निगरानी के लिए पहुंचे। एडीजी आनंद जैन के साथ डीजीपी स्वैन ने क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। तलाश अभियान का दायरा बढ़ाकर उधमपुर और कठुआ के समीपवर्ती जिलों के बड़े क्षेत्रों को शामिल कर लिया गया है, जिनमें बसंतगढ़, सेओज और कठुआ जिले के बानी, डग्गर और किंडली के ऊपरी इलाके शामिल हैं। सेना की पैरा इकाई के विशेष सुरक्षा कर्मियों को विशिष्ट क्षेत्रों में आतंकवादियों के खिलाफ लक्षित अभियान के लिए तैनात किया गया है।

- **कठुआ में आतंकियों की तलाश में जुटे सुरक्षाबल**







## एसडीएम, सीओ समेत 6 निलंबित

### हाथरस हादसा : एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट, गहन जांच की बताई जरूरत, साजिश से इनकार नहीं

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** हाथरस हादसे के जिम्मेदारों पर प्रदेश सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए सिकंदराराऊ के एसडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत छह लोगों को निलंबित कर दिया है। इनमें चौकी इंचार्ज कचौरा और चौकी इंचार्ज पोरा भी शामिल हैं। हाथरस में 2 जुलाई को सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। दुर्घटना के एक सप्ताह के अंदर एसआईटी की 300 पन्नों की जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है। एसआईटी ने प्रारंभिक जांच में चश्मदीद गवाहों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर हादसे के लिए कार्यक्रम के आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना, साजिश से भी इनकार नहीं किया है।

मंगलवार को यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट में भोले बाबा को नहीं बल्कि आयोजकों और अफसरों को जिम्मेदार माना गया है। जिनके विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति एसआईटी ने संबंधित अधिकारियों से की है। जिसके बाद सिकंदराराऊ के एसडीएम रावेंद्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार, थानाध्यक्ष आशीष कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार के अलावा चौकी इंचार्ज कचौरा मनवीर सिंह एवं चौकी इंचार्ज पोरा को शासन ने निलंबित कर दिया।

**अब न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट का इंतजार :** हाथरस हादसे में दो सदस्यीय एसआईटी जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद अब इंतजार न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट का है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट भी न्यायिक आयोग के पास है। आयोग को दो माह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देनी है। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों उन्हें रोकने के लिए भी अपने सुझाव देने हैं। न्यायिक जांच के मुख्य बिन्दु में घटना कोई दुर्घटना है या फिर कोई षड्यंत्र? या कोई अन्य सुनियोजित आपराधिक घटना? जैसे सवालों को भी तलाशना है।



### जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हाथरस के भगदड़ मामले की जांच का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मैंने कल ही याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता और वकील विशाल तिवारी ने इस याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था। जनहित याचिका में भगदड़ मामले की जांच करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति का अनुरोध किया गया है।

### एसआईटी ने लिए 125 लोगों के बयान

हाथरस के सिकंदराराऊ में बीते दिनों सत्संग के बाद मची भगदड़ मामले की जांच को गठित एडीजी जोन आगरा और मंडलायुक्त अलीगढ़ की एसआईटी ने 2, 3 और 5 जुलाई को घटनास्थल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कुल 125 लोगों का बयान लिया गया, जिसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आम जनता और प्रत्यक्षदर्शियों का बयान भी लिया गया। घटना के संबंध में प्रकाशित समाचारों की प्रतियां, स्थलीय वीडियोग्राफी, छायाचित्र, विडियो क्लिपिंग का भी संज्ञान लिया गया।

### तथ्यों को छिपाकर ली गई अनुमति

जांच समिति ने हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश से भी इनकार नहीं किया है और गहन जांच की जरूरत बताई है। दरअसल, उप जिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सिकंदराराऊ द्वारा बिना कार्यक्रम स्थल का मुआयना किए आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया। उक्त अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया गया। आयोजकों ने तथ्यों को छिपाकर कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति ली। अनुमति के लिए तय शर्तों का अनुपालन भी नहीं किया गया।

- **आयोजकों की लापरवाही से हुआ हादसा, भीड़ को आमंत्रण देकर नहीं किया पर्याप्त इंतज़ाम**
- **पुलिस एवं प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया, वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी समुचित जानकारी**

### जांच के मुख्य तथ्य

- अप्रत्याशित भीड़ को आमंत्रित कर पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई।
- कार्यक्रम के लिए दी गई अनुमति की शर्तों का पालन किया गया।
- बिना पुलिस वेरिफिकेशन के जोड़ा गया, उनसे अव्यवस्था फैली।
- आयोजक मंडल द्वारा पुलिस के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया।
- स्थानीय पुलिस को कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण से रोकने का प्रयास हुआ।
- सत्संगकर्ता और भीड़ को बिना सुरक्षा प्रबंध आपस में मिलने की छूट दी गई।
- किसी प्रकार की बैरीकेटिंग अथवा पैसेज की व्यवस्था नहीं बनाई थी
- हादसा घटित होने पर आयोजक मंडल के सदस्य घटनास्थल से भाग गए।

### एक नजर

#### डीआईजी फायर जुगल किशोर निलंबित

**लखनऊ।** डीआईजी फायर जुगल किशोर तिवारी को शासन ने निलंबित कर दिया है। वह आईपीएस आचरण नियमावली के दोषी पाए गए हैं। बताया जा रहा कि किसी कर्मचारी की शिकायत पर अधिकारों से परे उन्होंने कार्रवाई की थी। जांच में मामला सही मिलने पर उन पर कार्रवाई की गई। बताया गया कि उनका एडीजी से भी रिश्ते अच्छे नहीं थे।

### राष्ट्रपति पुतिन ने दिया ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल

## प्रधानमंत्री मोदी को रूस का सर्वोच्च सम्मान



- **मोदी बोले- यह सिर्फ मेरा नहीं 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान**
- **सम्मान को भारत-रूस के बीच मित्रता को समर्पित किया**

**मॉस्को, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल' पुरस्कार से सम्मानित किया। मोदी को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में उनके योगदान के लिए इस सम्मान से नवाजा गया है। राष्ट्रपति पुतिन ने क्रेमलिन में सेंट एंड्रयू हॉल में एक विशेष समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया। पुरस्कार की घोषणा 2019 में की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय नेता हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पुरस्कार को स्वीकार करते हुए इसे भारत की जनता के प्रति और भारत तथा रूस के बीच मित्रता के पारंपरिक बंधन को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को रेखांकित करता है।

मोदी ने कहा कि मुझे रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने के लिए मैं आपका हृदय से आभारी हूं। यह सिर्फ मेरा नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और रूस के बीच सदियों पुरानी और गहरी मित्रता और आपसी विश्वास का सम्मान है।

### बाढ़ में फंसे सात ग्रामीणों को वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने किया एयरलिफ्ट

## बाढ़ से हालात गंभीर, सेना पहुंची जलभराव से दो और रेल मार्ग बंद

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** भारी बारिश के बाद उफनाई नदियों ने मंगलवार को पीलीभीत में हालात और खराब कर दिए। देवहा नदी में पानी बढ़ने से शहर व आसपास के इलाके डूब गए। शारदा नदी पूरनपुर और कलीनगर तहसील के गांवों में तबाही मचा रही है। बाढ़ की स्थिति देखते हुए सेना बुला ली गई। पुलिया बहने और जलभराव से बरेली और शाहजहांपुर रूट पर भी ट्रेन संचालन बंद कर दिया गया।

बाढ़ और बारिश से जिले में हालात बेकाबू हो रहे हैं। बाढ़ में फंसे लोगों की मदद के लिए सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। पूरनपुर तहसील में बाढ़ में 24 घंटे से घिरे सात लोगों को वायुसेना के हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। वहीं एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी और एसएसबी ने बाढ़ में घिरे कई लोगों का रेस्क्यू किया। मंगलवार को पूरनपुर और कलीनगर तहसील में करीब 200 लोगों को रेस्क्यू कर राहत शिविरों में पहुंचाया गया। बाढ़ को देखते हुए बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे का कयास लगाया जा रहा है। मंगलवार को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत तमाम अधिकारी पूरनपुर क्षेत्र में हेलीपैड के लिए जगह तलाशने व अन्य इंतजाम करने में जुटे रहे। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई।



जहानाबाद रेलवे क्रॉसिंग के समीप पुलिया बहने से हवा में झूलती रेल पटरी।

- **मंगलवार को करीब 200 लोगों को रेस्क्यू कर बाढ़ शरणालयों में पहुंचाया गया**

### पीलीभीत से बरेली और शाहजहांपुर रेल रूट बंद

बाढ़ के चलते जिले की रेल कनेक्टिविटी को भी ग्रहण लग गया। एक दिन पूर्व रेल ट्रैक पर जलभराव और पुलिया बहने से पीलीभीत-मैलानी और पीलीभीत-टनकपुर रूटों पर ट्रेनों का संचालन बंद हुआ था। मंगलवार को पीलीभीत-बरेली मार्ग पर जहानाबाद क्रासिंग के पास पुलिया बहने और पीलीभीत-शाहजहांपुर रूट पर रेल ट्रैक पर जलभराव होने से ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया।

### शाहजहांपुर में रामगंगा सहित कई नदियां उफनाईं, पानी बढ़ने से कई सड़कें बंद कीं

**शाहजहांपुर।** खन्नौत, गर्रा और रामगंगा नदी में पानी लगातार बढ़ रहा है। बहगुल भी उफान पर है। गर्रा का पानी पुल छूने वाला है। हनुमत धाम परिसर जलमग्न हो गया है। पुवायां-निगोही मार्ग पानी आने के चलते बंद कर दिया गया। पुवायां से नाहिल होते हुए बिलसंडा व बीसलपुर मार्ग बंद हो गया है। बहगुल नदी में जलस्तर बढ़ने से फंसे 48 लोगों को राजस्व टीम ने बाहर निकाला। कीलापुर में तटबंध कई जगह कट गया है। पहरूआ में नवनिर्मित तटबंध बिखरने लगा है। एडीएम वित्त डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि जिले में बाढ़ की चिंताजनक स्थिति नहीं है।

## नीट-यूजी मामले में पटना से दो और आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में एक अभ्यर्थी समेत दो और लोगों को पटना से गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही एजेंसी द्वारा मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 11 हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि नालंदा निवासी नीट-यूजी अभ्यर्थी सन्नी और गया निवासी अन्य अभ्यर्थी रंजीत कुमार के पिता को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक बिहार से आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि गुजरात के लातूर और गोधरा में में एक-एक व्यक्ति को तथा साजिश के सिलसिले में देहरादून से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने इससे पहले हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य और उप प्रधानाचार्य तथा उन दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था, जिन्होंने नीट अभ्यर्थियों को सुरक्षित परिसर उपलब्ध कराया था। इस परिसर से बिहार पुलिस ने जले हुए प्रश्नपत्र बरामद किए थे।

- **पेपर लीक की जांच कर रही सीबीआई ने की कार्रवाई**

## पतंजलि ने रोकी अपने 14 उत्पादों की बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि उसने उन 14 उत्पादों की बिक्री रोक दी है, जिनके निर्माण लाइसेंस उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने अप्रैल में निलंबित कर दिए थे। कंपनी ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उसने 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर को इन उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया है।

पतंजलि आयुर्वेद ने कहा कि मीडिया मंचों को भी इन 14 उत्पादों के सभी विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया गया है। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद को दो हफ्ते के भीतर एक हलफनामा दायर कर यह बताने का निर्देश दिया कि क्या विज्ञापन हटाने के लिए सोशल मीडिया मंचों से किए गए अनुरोध पर अमल किया गया है और क्या इन 14 उत्पादों के विज्ञापन वापस ले लिए गए हैं। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। कोर्ट आईएमए की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पतंजलि पर आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों के खिलाफ दुष्प्रचार का आरोप लगाया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

- **उत्तराखंड सरकार ने निलंबित किए थे इन उत्पादों के लाइसेंस**

### बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामला

## मुंबई में दंपती को टक्कर मारने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बीएमडब्ल्यू कार से स्कूटी को टक्कर मारने की घटना के दो दिन बाद फरार मुख्य आरोपी 24 वर्षीय मिहिर शाह को गिरफ्तार कर लिया है। शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा मिहिर उस बीएमडब्ल्यू कार को चला रहा था, जिसने एक स्कूटी को टक्कर मार दी थी। घटना में स्कूटी सवार एक महिला की मौत हो गई थी और उसका पति घायल हो गया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह घटना के बाद से फरार मिहिर को मुंबई के निकट विरार से गिरफ्तार कर लिया गया। मिहिर की मां और दो बहनों को ठाणे जिले के शाहपुर से पूछताछ के लिए मुंबई लाया गया है। उनसे और 10 अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मिहिर के पिता राजेश शाह ने अपने बेटे को भगाने में सक्रिय भूमिका निभाई और वारदात में शामिल वाहन को वहां से हटाने की साजिश रच रहा था।

## नैनी झील ने बनाया रिकॉर्ड, दस दिनों में भरा सात फीट पानी

**बबलू चंद्रा, नैनीताल**

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी की झील ने ऐसा रिकार्ड बनाया है, जो चिंता में डालने वाला है। पहली बार दस दिन में सात फीट पानी झील में भरा है। झील नियंत्रक झील में पानी भरने की तीव्र रफ्तार को अव्यावहारिक मान रहे हैं। नैनी झील का अस्तित्व शायद लाखों-करोड़ों वर्ष पुराना हो। मगर झील में पानी भरने के स्रोत मानसून और पश्चिमी विक्षोभ की बारिश प्राकृतिक जलस्रोत हैं । मानसूनी बारिश सबसे बड़ा स्रोत रहा है। जलस्तर घटने और बढ़ने की पैमाइश ब्रिटिशकाल से शुरू हुई, जो आज तक जारी है। झील भरने का क्रम एक नियंत्रित गति के साथ रहा है, जो बारिश की मात्रा पर निर्भर करता है। मगर इस बार झील में पानी बारिश की मात्रा की तुलना में कहीं अधिक भरा है, जो वास्तव में चिंता का विषय है। सिंचाई विभाग के झील नियंत्रण कक्ष के मुताबिक 26 जून से छह जुलाई के बीच बारिश लगभग दो फीट हुई और झील में पानी की मात्रा सात फीट को पार कर गई, जबकि नालों व प्राकृतिक स्रोतों से आने वाले पानी की मात्रा बारिश की मात्रा से दोगुने के लगभग ही होनी चाहिए, लेकिन इसके बावजूद करीब तीन फीट अधिक बढ़ गया। जिस कारण चिंता स्वाभाविक है।



नैनीताल झील में बढ़ा पानी। ● अमृत विचार

### जलस्तर में इतनी तेज वृद्धि बनी चिंता का सबब

#### भूमि के जल सोखने की क्षमता कम होना बड़ा कारण

**नैनीताल।** झील नियंत्रण कक्ष के निरीक्षक रमेश सिंह गैड़ा के अनुसार झील भरने की रफ्तार का बड़ा कारण भूमि के जल सोखने की क्षमता कम होना है। नगर के अधिकांश मार्ग सीमेंट से बने होने के कारण पानी बहकर झील में चला जाता है। साथ ही अधिक भवन निर्माण के चलते जमीन के पानी सोखने का दायरा कम हो चला है। जिस कारण बारिश का पूरा पानी झील में चला जाता है। नैनी झील की गहराई में कमी आई है। इसका कारण झील में बेशुमार गाद भर जाना है। पिछले करीब चार दशक पहले तक झील की अधिकतम गहराई 90 फीट से अधिक थी, जो अब घटकर 72 फीट रह गई है। नगर में भवन निर्माण का मलबा झील में पहुंचना इसका बड़ा कारण माना जाता है। झील के चारो ओर हरे-भरे जंगलों में पिछले कुछ दशक से वैध-अवैध निर्माणों की बाढ़ से भूमि की नमी बनाए रखने वाले हरे-भरे पेड़ों का पतन भी तेजी से बढ़ा है। रिहायशी कालोनियों के बनने व सीसी मार्ग के मकड़जाल से भी जमीन में धीमी गति से रिसने वाला बरसाती पानी अब सीधे झील मे पहुंच रहा है। झील में तेजी से जलभराव का भी ये एक मुख्य कारण है।

## एक नजर

### 13 जुलाई को जारी होगी राजकीय महाविद्यालय की मेरिट लिस्ट

**बदायूं।** राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर श्रद्धा गुप्ता ने बताया कि नूतन सत्र में बीए,बीएससी एवम बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि 12 जुलाई है। 15 जुलाई सोमवार से प्रवेश प्रारंभ हो जाएगा। इसके लिए प्रथम मेरिट लिस्ट 13 जुलाई की शाम को जारी होगी।

### स्वास्थ्य केन्द्रों पर नहीं पहुंच रहे सीएचओ

**बदायूं।** एसीएमओ डा. मोहन झा ने मंगलवार को देहात क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उपस्थिति चेक की तो पता चला कि करीब सौ सीएचओ गैरहाजिर मिले। जिले में तीन सौ सीएचओ हैं। जो कभी समय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर नहीं पहुंचते हैं। उन्होंने सभी गैर हाजिर सीएचओ के खिलाफ कार्यवाही की बात कही है।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षक दूसरे दिन भी मुखर

## नहीं लगाई आनलाइन हाजिरी, काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य, समस्या का समाधान होने तक विरोध जारी रखने की बात कही

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** ऑनलाइन हाजिरी का शिक्षकों ने दूसरे दिन भी विरोध जारी रखा। उन्होंने हाथ पर काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया। उन्होंने ऑनलाइन की जगह रजिस्टर पर ही हाजिरी लगाई गई। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। साथ ही ऑनलाइन हाजिरी भी नहीं लगाई जाएगी।

शिक्षक नेता अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि प्रदेशीय नेतृत्व ने कई बार महानिदेशक स्कूल शिक्षा को ज्ञापन सौंपकर डिजिटलाइजेशन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने की मांग की थी। 14 मार्च को उन्होंने संगठन के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया था कि डिजिटलाइजेशन से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के बाद ही इसे लागू किया जाएगा लेकिन मांगें पूरी नहीं की गईं। पहले ऑनलाइन हाजिरी के लिए 15 जुलाई की तिथि निर्धारित थी। अचानक से नई तिथि जारी कर दी गई। शिक्षकों ने कहा जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक विरोध जारी रहेगा।

**एक भी स्कूल में नहीं लगी ऑनलाइन हाजिरी :** जिले में 2,155 स्कूल संचालित हैं। इनमें 9,216 शिक्षक कार्यरत हैं। सभी स्कूलों को विभाग की ओर से टैबलेट और सिम उपलब्ध कराया गया है लेकिन विरोध के कारण किसी भी स्कूल में ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई गई। शिक्षक पुरानी व्यवस्था के तहत रजिस्टर में हाजिरी लगा रहे हैं।

### शिक्षक संघ शिक्षकों से लेगा सहमति और असहमति पत्र



**बदायूं।** ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर शिक्षकों का विरोध जारी है। मंगलवार को शिक्षक संघ ने मालवीय आवास पर बैठक कर इस बारे में चर्चा की। कहा गया कि ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षकों से ऑनलाइन उपस्थिति के बारे में पत्र लिया जाएगा जिसमें वह अपनी सहमति या असहमति देंगे। इसके बाद आगे की रूपरेखा तैयार होगी। संगठन के जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि 11 जुलाई को ब्लॉक स्तर पर समस्त शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और शैक्षिक संवर्ग के लोगों को बुलाया जाएगा। वहां उनसे ऑनलाइन उपस्थिति पर सहमति या असहमति ली जाएगी। यदि शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी के प्रति असहमति का प्रतिशत अधिक होगा तो उनकी लड़ाई उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले लड़ी जाएगी। इसके संदर्भ में प्रांतीय नेतृत्व ने चरणबद्ध योजना तैयार कर ली है। 23 जुलाई को जनपद के समस्त शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर पंकज पाठक, अरुण सक्सेना, प्रीति राठौड़, श्वेता आर्य, कुसुम रानी, कामिनी, अमित यादव, त्रिभुवन राठौर आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों के समर्थन में आए बीईओ



**मुजरिया ।** ऑनलाइन हाजिरी के विरोध का बीईओ ने भी समर्थन किया है। मंगलवार को उन्होंने भी बीआरसी पर हाथ पर काली पट्टी बांध कर कामकाज निपटाया गया। कौल्हाई स्थित बीआरसी केंद्र पर निपुण भारत मिशन के तहत एआरपी की बैठक में उन्होंने शिक्षकों का समर्थन करते हुए बैठक में प्रतिभाग किया। उन्होंने ब्लॉक संसाधन केंद्र कौलहाई पर एआरपी की मासिक समीक्षा बैठक में निपुण भारत मिशन की कार्ययोजना पर चर्चा की। ब्लॉक को आगामी फरवरी तक पूर्णतया निपुण बनाने की कार्य योजना तैयार की गई है जिसमें एआरपी के गोद लिए विद्यालयों और संकुल शिक्षकों के विद्यालयों को अक्टूबर में निपुण बनाने का टारगेट निश्चित किया गया। इस अवसर पर एआरपी राजन यादव,ओम प्रकाश, जमील अहमद, सोमेंद्र कुमार, खालिद कुरैशी उपस्थित रहे।



बाजू पर काली पट्टी बांधकर पढ़ाई कराते शिक्षक।

## संचारी रोग नियंत्रण सरकार की प्राथमिकता

**बदायूं,अमृत विचार :** बस्ती से ट्रांसफर होकर आए सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होने अधीनस्थों को शासन की मंशा के अनुरूप काम करने को कहा। शासन की प्राथमिकताएं गिनाते हुए बोले, जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का प्रयास किया जाएगा।



सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा।

उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर तक सफाई अभियान चलाया जाएगा। गांव-गांव आशा वर्कर्स को भेज कर बीमार लोगों की खोज की जाएगी। अभियान में जन सहयोग जरूरी है। लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा। सीएचसी पीएचसी को समय पर खोला बंद किया जाएगा। बिना इजाजत के कोई भी स्वास्थ्य कर्मी अपना स्थान नहीं छोडेगा। बिना रजिस्ट्रेशन अस्पतालों पर कार्यवाही की जाएगी।

# येलो डे में बताया पीले रंग का महत्व

संवाददाता, बिल्सी




बाबा इन्टरनेशनल स्कूल में आए बच्चे। ● अमृत विचार

- स्कूल में धूम-धाम हुआ कार्यक्रम का आयोजन
- पीले रंग की ड्रेस में सजकर बच्चों ने बढ़ाई विद्यालय की शोभा

**अमृत विचार :** बाबा इन्टरनेशनल स्कूल में मंगलवार को बड़े धूम-धाम से यलो डे मनाया गया। इसमें पीजी से केजी तक के विद्यार्थियों ने बढ-चढ़ कर भाग लिया। सभी बच्चे पीले रंग की ड्रेस में स्कूल आए। कक्षाओं में पीले रंग के गुब्बारे सजाये गये। छात्रों को पीले रंग का महत्व और उसकी उपयोगिता बताई गई। इस रंग की बारीकियों और खूबियों के बारे में बताया गया। साथ ही विभिन्न कार्यों में प्रयोग में लाने के तरीके सिखाए गए। बच्चों ने विभिन्न वस्तुओं में पीले रंग का इस्तेमाल कर उनकी सुंदरता बढ़ाई और खूब मस्ती की ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय और निदेशिका साधना वार्ष्णेय ने किया। उन्होंने बताया कि पीले रंग की खूबियां और इसका महत्व बताने के लिए येलो डे आयोजन किया जाता है। सनातन धर्म में पीले रंग का संबंध गुरु वृहस्पति से माना गया है। वृहस्पति जीवन में मार्ग प्रशस्त करने में भूमिका निभाते हैं। विज्ञान के दृष्टिकोण से भी यह रंग मानव जीवन के लिए उपयोगी है।

प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने बताया कि यह रंग जीवन में शुभता का प्रतीक है। नकारात्मक विचार खत्म कर उत्साह का संचार करता है। ज्ञान की प्राप्ति होने के साथ कुविचार दूर होते हैं। सनातन धर्म में पूजा-पाठ के दौरान इसका प्रयोग अनिवार्य है। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न उपकरणों को पीला रंग से सुसज्जित किया तथा कई वस्तुओं में इस रंग को मिला कर इसकी अन्य खूबियों को जाना। इस मौके पर विद्यालय प्रशासक अमित माहेश्वरी और समस्त शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# कमजोर बच्चों के लिए स्कूलों में लगेंगी अतिरिक्त कक्षाएं

कार्यालय संवाददाता बदायूं

- सरकारी माध्यमिक स्कूलों में कक्षा नौ से 12 के बच्चों का स्तर सुधारने का प्रयास

**अमृत विचार:** सरकारी माध्यमिक स्कूलों में पंजीकृत कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं चलाई जाएंगी। इसमें प्रमुख रूप से कक्षा नौ से 12 तक के बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं होंगी। इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य को आदेश जारी किए हैं।

इन छात्रों का चयन करने में उनका पढ़ाई में कमजोर होना कारण जाना जाएगा। उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। कक्षा नौ, 10 में विज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान की कक्षाएं चलाई जाएंगी। समग्र शिक्षा अभियान के तहत यह योजना चलाई जाएगी। डीआईओएस प्रवेश कुमार ने बताया कि कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं के संचालन के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसके लिए शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करने का निर्देश है। कमजोर छात्रों के शैक्षिक स्तर सुधारने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है।

जीजीआईसी की प्रधानाचार्य अल्पना कुमार ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद ने नई शिक्षा नीति में शैक्षिक व्यवस्था में सुधार के तहत निर्णय लिया है। दैनिक, साप्ताहिक और मासिक कार्य योजना के अनुसार पढ़ाई करने के निर्देश हैं। बच्चों की पढ़ाई के लिए नई शिक्षा नीति के तहत कार्य योजना बनाई जा रही है। कमजोर छात्रों के लिए विशेष अभियान के तहत पढ़ाई कराई जाएगी जिससे बोर्ड परीक्षा के दौरान रिजल्ट बेहतर रह सके।

# पानी नहीं मिलने पर फूटा गुस्सा, प्रदर्शन

संवाददाता, उसहैत




नगर पंचायत कार्यालय पर प्रदर्शन करते लोग ।

- ईओ और लिपिक के खिलाफ लोगों ने की नारेबाजी
- चेयरमैन ने जल्द समाधान कराने का आश्वासन देकर शांत कराया

**अमृत विचार :** पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों ने मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर ईओ और लिपिक के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि वह कई दिनों से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। नगर पंचायत प्रशासन शांत बैठा है। चेयरमैन ने किसी तरह से उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। उन्होंने जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

आक्रोशित लोगों का कहना है कि नगर पंचायत के ईओ और लिपिक नहीं आते हैं जबकि कस्बे में पानी सप्लाई नहीं हो रही है। इसके चलते कई दिनों से पेयजल का संकट है। नगर पंचायत प्रशासन को इसके बारे में अवगत कराया जा चुका है फिर भी वह कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने ईओ और लिपिक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

नगर पंचायत कार्यालय पर नारेबाजी होने की सूचना मिलते ही चेयरमैन नबाब हसन मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि अधिशासी अधिकारी की कुर्सी कई दिनों से खाली है। इसलिए वह कार्यालय पर नहीं आ रहे हैं। उनके नहीं आने से कई अन्य कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। लिपिक भी काम नहीं कर रहे हैं। जब तक यह लोग कार्यालय में काम नहीं करेंगे तब तक समस्या का समाधान नहीं होगा। चेयरमैन ने कहा कि कस्बे में लाइट की समस्या भी है। इसके लिए अलग से ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। ट्रांसफार्मर चालू होने पर ही टंकी भरी जाएगी और पानी की सप्लाई भी की जाएगी। उन्होंने गुस्साए लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। लोगों को दोनों समय पानी मिलेगा। चेयरमैन के आश्वासन के बाद गुस्साए लोगों ने प्रदर्शन बंद कर दिया।

# जिले की 282 गोशालाओं में रोपे जाएंगे 15 हजार पौधे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एक गोशाला में 50 पौधे लगाने की योजना, सुरक्षित करने को टी-गार्ड लगेगा
- हरी भरी दिखेंगी गोशालाएं, गर्मी से जानवरों की सुरक्षा की व्यवस्था बनेगी

**अमृत विचार:** जिले में संचालित गोशालाओंमें पौधारोपण होगा। उन्हें संरक्षित रखने को टी-गार्ड बनाए जाएंगे।

अप्रैल, मई और जून में भीषण गर्मी पड़ी जिससे पशु-पक्षी व्याकुल हो उठे थे। टीन शेड की गोशालाओं में संरक्षित कई गौवंशों की मौत हो गई। इसे ध्यान में रखते हुए इस मानसून सीजन में डीएम ने सभी गोशालाओं में पौधे लगाने का आदेश दिया है। जिले की 282 गोशालाएं संचालित हैं जिनमें से पांच स्थाई हैं, शेष अस्थाई हैं। इन गोशालाओं में 22 हजार से अधिक गौवंश संरक्षित हैं। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर 28 जुलाई को इन पशुओं को गर्मी से निजात दिलाने के लिए पौधे लगाए जाएंगे। इस अभियान में पांच लाख से अधिक पौधे रोपित किए जाएंगे।

> सभी गोशालाओं में पौधरोपण किया जाएगा। गौशाला की स्थिति के अनुसार पौधा रोपण होना है। वैसे एक गौशाला में 50 के आसपास पौधे लगाए जाएंगे। इन्हें संरक्षित करने के लिए ईटो का टी-गार्ड भी बनाया जाएगा। इस संबंध प्रधान और सचिव को आदेश दिए गए हैं।
> –विनोद कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

इसमें 15 हजार से अधिक पौधे गौशालाओं में लगेंगे। एक गौशाला में करीब 50 पौधे लगे लगाये जाने हैं। इसमें जामुन, बरगद, पीपल और नीम के पौधे शामिल रहेंगे। इनके आसपास मनरेगा योजना के तहत टी गार्ड बनेगा।

# गंगा के तटवर्ती इलाकों में निगरानी के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- तेज धूप तथा दो दिन से बारिश नहीं होने से मिली राहत
- बांधों की सुरक्षा के लिए विभाग ने की व्यवस्था

**अमृत विचार :** दो दिन से बारिश नहीं होने तथा तेज धूप होने के चलते नरौरा बैराज से कम पानी छोड़ा गया। फिलहाल तटवर्ती इलाकों में बाढ़ से तत्काल में और नुकसान होने की स्थिति नहीं है। एहतियातन जिला प्रशासन ने बाढ़ खंड को निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बांधों पर सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।



कछला गंगा में जलस्तर। ● अमृत विचार

बीते 10 दिन से पूरे प्रदेश में बारिश हो रही थी। पहाड़ों पर भी बारिश से खतरा बढ़ गया था। इसके कारण हरिद्वार बैराज में पानी का दबाव बढ़ गया था और वहां से बिजनौर और नरौरा को पानी छोड़ा जाने लगा। नरौरा से शनिवार को पानी छोड़ा गया जो 24 घंटे बाद कछला उसहैत क्षेत्र में पहुंचा। रविवार को 59 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया जबकि सोमवार को एक लाख 28 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे कछला गंगा में पानी खतरे के निशान से ऊपर हो गया। तीन दिन तक पानी छोड़े जाने से तटबंधों पर पानी की धार तेज थी। जलस्तर अचानक तेजी से बढ़ने के कारण बार-बार जिला प्रशासन तटबंधों का निरीक्षण कर रहा है। साथ ही तटवर्ती गांव वालों को भी सावधान कर दिया है।

हालांकि मंगलवार को सोमवार की अपेक्षा नरौरा से कम पानी छोड़ा गया क्योंकि दो दिन से बारिश नहीं हो रही है। पहाड़ों पर भी बारिश थम गई है। इसलिए बैराज में पानी नहीं आ रहा है। मंगलवार को बाढ़ खंड के सहायक अभियंता नेशपाल ने बताया कि आज पानी कम छोड़ा गया है जिससे अब तटवर्ती इलाकों में कोई खतरा नहीं है। हालांकि सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। फिर भी स्थिति ठीक है।कछला गंगा में आज पानी की धार के आसपास के दुकान वालों को पहले ही हटा दिया गया है। दोनो किनारों पर पुलिस तैनात कर दी गई। कुछ अधिकारियों ने भी जलस्तर का जायजा लिया। कछला गंगा में अब जलस्तर खतरे के निशान से सात सेंटीमीटर नीचे है। वहीं रामगंगा में भी मंगलवार को पानी कम हो गया जबकि सोमवार को तेज गति से बढ़ गया था। इससे दातागंज और हजरतपुर क्षेत्र के तटवर्ती गांवों में खलबली थी। दातागंज तहसील प्रशासन ने तटवर्ती गांवों को सचेत किया था।

> अगले चौबीस घंटे तक यदि बारिश नहीं होगी तो नरौरा से पानी और कम आने की संभावना है। इससे गंगा नदी के आसपास किसी तरह का खतरा नहीं रहेगा। तटवर्ती इलाकों में सावधानी बरती जा रही है। फिलहाल खतरे की कोई बात नहीं है। नरौरा से कम हो रहे पानी से खतरा टल गया है। –उमेश चंद्र– अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड

## नौ किसानों के नलकूपों से चुरा ले गए केबल-स्टार्टर

**बिल्सी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पिंडौल के खेतों में लगे नौ किसानों के निजी नलकूपों के स्टार्टर और केबल चोरी हो गए।

गांव निवासी किसान अवनेश, लालाराम, नेत्रपाल, राजपाल , संजीव, धर्मपाल, सरफराज खां, लेखराज, पुष्पेन्द्र एवं बाबू निवासी नगला तरऊ के खेतों में लगे निजी नलकूपों से चोर सात जुलाई की रात केबल और स्टार्टर को चुराकर ले गए। किसानों ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है।







# बीएसए ने परखी बच्चों की निपुणता

संवाददाता, बिसौली



कंपोजिट विद्यालय हरार्यपुर का निरीक्षण करते बीएसए वीरेन्द्र कुमार।

- कंपोजिट विद्यालय हरार्यपुर का निरीक्षण, हर प्रश्न का बच्चों से मिला जवाब
- उत्कृष्ट बच्चे सम्मानित, स्वीप में स्टाफ का कार्य बेहतर मिला सम्मानित

**अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय हरार्यपुर का बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने निरीक्षण किया गया उन्होंने कक्षा एक और दो के बच्चों की निपुणता को परखा। छोटे बच्चों ने उनकी बातों का फटाफट जवाब दिया। उसके बाद वह विद्यालय के प्रेजेंटेशन रूम में गए, जहां छात्र सचिन अनुज, रमेश, नितिन, अनामिका, संदीप, सुमित के मॉडल को बारीकी से देखा तथा उनसे बातचीत की। बीएसए ने कहा कि इस विद्यालय की पूरे जनपद मिसाल दी जाती है। इस गांव को भी मैं धन्यवाद देता हूं जो इतनी अच्छी तरह से इस विद्यालय की देखभाल कर रहे हैं। प्रधानाध्यापक कुंवर सेन ने बीएसए का हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा विद्यालय में हो रहे विकास की जानकारी दी।

आज के कार्यक्रम में बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया। साथ ही स्वीप में उत्कृष्ट कार्य करने पर विद्यालय स्टाफ को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में समग्र शिक्षा अभियान से राकेश यादव ए आर पी प्रभाकर सक्सेना, सर्वेश कुमार, लेखराज, संध्या मौर्य, क्वालिटी कोऑर्डिनेटर अतौर रहमान, विद्यालय के सहायक अध्यापक उमेश चंद्र, चित्रा, हिमानी वार्ष्णेय के साथ सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## धान की पौध लगा रहे किसान की सर्पदंश से मौत

**बिसौली ,अमृत विचार :** खेत पर धान की पौध लगा रहे किसान की सर्पदंश से मौत हो गई।

कारखेड़ी गांव निवासी मोर सिंह (48) पुत्र मोतीराम सोमवार को अपने खेत में धान की पौध लगा रहे थे। इसी दौरान सांप ने उनके हाथ में डस लिया। उन्होंने खेत में उनके साथ काम कर रहे किसानों को इसकी जानकारी दी। कुछ ही देर में उनकी हालत खराब हो गई तो उन्हें उठाकर सपेरों के पास ले गए। हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीण पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

# सप्ताहभर बाद खिली धूप बढ़ी गर्मी से लोग बेहाल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- तापमान 35 डिग्री पहुंचा, कृषि विभाग का अनुमान, इस सप्ताह होगी हल्की बारिश

अमृत विचारः सप्ताह भर बाद मंगलवार को धूप खिलने के बाद उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया। दिन भर लोग गर्मी से बेहाल दिखे।

कई दिनों से बारिश हो रही थी। मंगलवार सुबह मौसम साफ रहा। तापमान अधिकतम 35 डिग्री तक पहुंच गया। सुबह बादल छाए थे, लेकिन दोपहर तक धूप तेज हो गई। लोग गर्मी से परेशान होकर पेड़ों की छांव में तलाशते दिखे। दोपहर में सिर अंगोछा से ढक कर निकले। कृषि विभाग का अनुमान है कि इस पूरे सप्ताह हल्की बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

कृषि विभाग ने बुधवार को हल्की बारिश का अनुमान जताया है।अब कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। इस दौरान हल्की बारिश हो सकती है। आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। मौसम साफ होने के बाद खेतों की नमी कम हो गई। खेतों में भरा पानी सूखने के बाद किसानों ने फसल की बुवाई के लिए खेतों को तैयार करना शुरू कर दिया है। वहीं दिन में मौसम साफ साफ रहने से अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## आज का मौसम

तेज हवा के साथ बारिश की संभावना।

| 35.0⁰ | 28.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## एक नजर

### शराब पर ओवररेटिंग

**उझानी।** कस्बा उझानी में बीयर और अंग्रेजी शराब पर ओवररेटिंग चल रही है। आम आदमी पार्टी के एक पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री से शिकायत की थी। आबकारी विभाग की टीम ने निरीक्षण किया और बताया कि शिकायत सही मिली। जबकि शिकायतकर्ता आदित्य यादव ने कहा कि टीम की जांच से वह संतुष्ट नहीं हैं।

### सब्जी लेने गए युवक की मौत

**बदायूं।** दिल्ली राजमार्ग स्थित गांव कौल्हाई स्थित एक ज्यारत के पास युवक बेसुध मिला। पुलिस ने युवक को सहसवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। तकरीबन तीन घंटों के बाद युवक की शिनाख्त हुई। मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव खुखानिया निवासी नरेंद शाक्य पुत्र रामेश्वर शाक्य बुधवार को सब्जी लेने के लिए कस्बा सहसवान गए थे। रास्ते में उनकी मौत हो गई। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश की। पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने युवक का फोटो दिखाया। परिजनों ने शिनाख्त की।

### हादसे में युवक घायल

**बिल्सी।** पैदल जा रहा युवक बाइक की टक्कर से घायल हो गया। थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव खिरवारा निवासी विनीत कुमार पुत्र कालीचरण मंगलवार की दोपहर बाजार से कुछ सामान खरीदने के लिए आया था। वह बालाजी तिराहे के पास से गुजर रहा था तभी पीछे से एक बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे विनीत घायल हो गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया।

# युवक की मौत, पुलिस ने हादसा बताया तो परिजनों ने कोतवाली के सामने शव रखकर किया हंगामा

## परिजन बोले-मारपीट करने से बिगड़ी थी रुपेश की हालत, एसडीएम और सीओ ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

संवाददाता, दातागंज



कोतवाली दातागंज के सामने शव रखकर हंगामा करते युवक के परिजन। ● अमृत विचार



मृतक रूपेश।

**अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के बादाम नगर निवासी युवक की बरेली के निजी अस्पताल में मौत हो गई। परिजन शव लेकर वापस आए और कोतवाली के सामने रखकर हंगामा करना शुरू दिया। आरोप लगाया कि युवक की पिटाई की वजह से मौत हुई है। जबकि पुलिस इस मामले को हादसा मान रही है। एसडीएम, सीओ के काफी देर समझाने पर परिजन माने और एक घंटे बाद शव ले गए।

मोहल्ला बादाम नगर निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र श्याम लाल कांसपुर रोड पर आटा चक्की चलाते हैं। सोमवार को उनका पड़ोसी गेहूं पिसवाने के लिए चक्की पर आया। आटा मोटा पीसने के विवाद में उसकी सुरेंद्र सिंह से कहासुनी हो गई थी। मामला शांत करा दिया गया था। इसके बाद सुरेंद्र सिंह अपने घर चले गए। घर पर भैंस का दूध निकाल रहे थे। चक्की पर कहासुनी करने वाले लोग उनके घर पर आ गए और विवाद के बाद सुरेंद्र को बुरी तरह से पीटा। उनका हाथ टूट गया। आरोप है कि उनका मुंह पानी में डुबोकर मारने की कोशिश की। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर वापस चले गए।

सुरेंद्र सिंह ने बरेली के फतेहगंज पूर्वी गए अपने बेटे रूपेश (18) को फोन पर जानकारी दी और घर बुलाया। सुरेंद्र ने बताया कि आरोपियों ने उनकी बात सुन ली। रूपेश वापस आ रहा था तो आरोपियों ने उसे शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव नवादा के पास घेर लिया और बुरी तरह से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन वहां पहुंचे और रूपेश को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां मंगलवार दोपहर उसकी मौत हो गई। बरेली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। गुस्साये परिजन शव लेकर सीधे कोतवाली दातागंज पहुंचे और सड़क पर शव रखकर हंगामा करने लगे। वे आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

- दातागंज का रहने वाला था रूपेश भाई के साथ घटना होने का पता चलते पर मौके पर पहुंचा था
- घटना जैतीपुर क्षेत्र में होना बताकर वहा रिपोर्ट दर्ज कराने का दिया आश्वासन तो शांत हुए परिजन

> मामला जिला शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर क्षेत्र का है। वहीं के थाने में रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। युवक के पिता के साथ बदायूं में मारपीट हुई थी। उनकी रिपोर्ट यहां दर्ज की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> – **केके तिवारी**, सीओ दातागंज।

एसडीएम धर्मेंद्र सिंह, सीओ दातागंज केके तिवारी और प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ पहुंच गए। उन्होंने परिजनों को समझाया। कहा कि सुरेंद्र के साथ हुई मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। रूपेश से मारपीट थाना जैतीपुर क्षेत्र में हुई। वहीं के थाने में कार्रवाई की जा सकती है। इसके बाद परिजन शव लेकर चले गए।

# परिवार नियोजन के बारे में जानकारी देगा सारथी वाहन



झंडी दिखा कर सारथी वाहन को रवाना करते सीएमओ रामेश्वर मिश्रा।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले में 11 से 24 जुलाई तक चलेगा परिवार नियोजन कार्यक्रम

**अमृत विचार :** सीएमओ रामेश्वर मिश्रा ने सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जनपद के लोगों को परिवार नियोजन गतिविधियों के बारे में जानकारी देगा।

सीएमओ ने बताया कि 11 से 24 जुलाई तक जनपद में परिवार नियोजन कार्यक्रम मनाया जाएगा। इसी क्रम में सारथी वाहन का शुभारम्भ किया गया। इसके माध्यम से परिवार नियोजन की समस्त विधियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जायेगी। जनपद स्तर पर दो सारथी वाहन कुल चार कार्य दिवस तक संचालित किए जायेंगे। वह जनपद मुख्यालय के साथ-साथ अर्बन स्लम, झुग्गी झोपड़ी और अर्बन पुअर जैसे क्षेत्रों में जाएंगे। ब्लाक स्तर पर कुल तीन सारथी वाहन चार कार्य दिवस में संचालित किये जायेंगे और समस्त राजस्व ग्रामों में प्रचार-प्रसार किया जायेगा। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्री मोहन झा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अब्दुल सलाम, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सनोज मिश्रा सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

# किशोर चला रहा था ट्रैक्टर बेकाबू होकर तालाब में गिरा



तालाब में गिरे ट्रैक्टर को निकालती क्रेन। ● अमृत विचार

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** खेत की जुताई करके आते समय ट्रैक्टर का चालक नियंत्रण खो बैठा। ट्रैक्टर राजमार्ग किनारे तालाब में जा गिरी। राजमार्ग पर जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन मंगलवाकर ट्रैक्टर तालाब से बाहर निकलवाया। ट्रैक्टर नाबालिग चला रहा था।

थाना बिनावर क्षेत्र गांव बाकरपुर खरैर निवासी शमशुल उर्फ शाहनशे ट्रैक्टर खेत जोतकर अपने नाबालिग बेटे मोहम्मद शमी के साथ घर लौट रहे था। लोगों के अनुसार शमी ट्रैक्टर चला रहा था। बरेली-मथुरा राजमार्ग पर बिनावर क्षेत्र में शफी नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर तालाब में जा गिरा। पिता-पुत्र कूदकर बच गए। ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। राजमार्ग पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राजमार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने दूसरा ट्रैक्टर और क्रेन मंगवाकर ट्रैक्टर को तालाब से बाहर निकलवाया।

# कबाड़ में किताबें बिक्री करने का वीडियो हुआ वायरल

**बदायूं, अमृत विचार:** कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। बच्चों को मुफ्त पाठ्य सामग्री वितरित की जा रही है। इस योजना पर पलीता लगाया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को बांटी जाने वाली पुस्तकें कबाड़ की दुकान पर पहुंच रही हैं। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है।

वीडियो में बोरे में बंद किताबें कबाड़ी की दुकान पर तौली जा रही हैं। किताबों पर नवीन सत्र की तिथि अंकित है। वीडियो अंबियापुर ब्लॉक के एक प्राथमिक स्कूल का बताया जा रहा है। शिक्षकों ने किताबों का वितरण बच्चों में न कर कबाड़ी के हाथों बेच दिया। बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि किताबें बेचने का वीडियो वायरल होने की जानकारी मिली है। अभी देखा नहीं है। जांच के बाद दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई होगी।

# पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, गोली लगने से घायल

संवाददाता, कुंवरगांव



अस्पताल में भर्ती बदमाश।



मुठभेड़ में घायल बदमाश को गाड़ी में बैठाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गोरखपुर में चोरी के मामले में वांछित और पांच हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की थी। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी। एक हेड कांस्टेबल भी घायल हो गया।

सोमवार देर रात लगभग साढ़े 11 बजे थाना कुंवरगांव के थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ कासिमपुर मार्ग के खासपुर व करौतिया मोड़ पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान गांव खासपुर की ओर से एक बाइक सवार आता नजर आया। पुलिस ने रुकने के लिए हाथ दिया तो बाइक सवार ने भागने का प्रयास किया। शक होने पर पुलिस पकड़ने को दौड़ी तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पांच गोली चलाईं। एक गोली हेड कांस्टेबल विनोद कुमार शर्मा के हाथ में लगती हुई निकल गई।

- सोमवार रात चेकिंग के दौरान फायरिंग में एक सिपाही भी गोली लगने से हुआ घायल
- फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर, मैनपुरी और बदायूं में पकड़े गए बदमाश के खिलाफ दर्ज हैं कई मुकदमें

पास में खड़े थानाध्यक्ष बच गए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। बाइक सवार बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी। वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा, पांच खोखा कारतूस और बाइक बरामद की। उसने अपना नाम थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव कादरबाड़ी निवासी तकरीम उर्फ बड्डे पुत्र जहूर हसन बताया। वह 2022 में गोरखपुर के थाना सिकरीगंज में हुई चोरी में वांछित है। गोरखपुर पुलिस ने उस पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उसके खिलाफ जिला फर्रुखाबाद के थाना फतेहगढ़ व शमशाबाद, शाहजहांपुर के थाना पुवायां व रोजा, मैनपुरी के थाना कुरावली, बदायूं के थाना कादरचौक और गोरखपुर के थाना सिकरीगंज में बलवा, मारपीट, धमकाने, चोरी, आबकारी अधिनियम, डकैती के लिए एकत्र होने व डकैती की तैयारी करने आदि के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने घायल हेड कांस्टेबल और बदमाश का जिला अस्पताल में इलाज कराया। बदमाश के खिलाफ पुलिस मुठभेड़, आर्म्स एक्ट आदि के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके उसे जेल भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक इंतजार हुसैन व मलखान सिंह, गिरिराज सिंह, विनोद कुमार, हरीश कुमार, आयुष कुमार शामिल रहे।

# तीन दिन की मशक्कत पकड़ा गया हिंसक सांड़



हिंसक सांड़ को पकड़ते पशु चिकित्सालय के ड्रेसर व अन्य लोग।

संवाददाता, ककराला

**अमृत विचार :** कस्बे में सड़कों पर घूमने वाला एक सांड़ पिछले कई दिनों से हिंसक हो गया था। राह चलते लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर देता था। सांड़ के हमले में दो लोगों की मौत भी हो चुकी है। सांड़ से लोग परेशान थे। बच्चों कोघरों से बाहर नहीं निकलने दे रहे थे। सांड़ को पकड़ने को कई दिनों से प्रयास किए जा रहे थे मगर वह पकड़ में नहीं आ रहा था।

समाजसेवी संस्था हेल्प फाउंडेशन के कार्यकर्ता नाजिम, सईद, खालिद, महमूद, अजहान जिया, आतिफ खान, शहबाज, मुस्लिम खां, साजिद ठेकेदार आदि ने पशु चिकित्सा अधिकारी विजय राठौर से मंगलवार को नंदी को पकड़ने की गुजारिश की। इसके बाद राजकीय पशु चिकित्सालय के ड्रेसर अनमोल जौहरी और पशुमित्र गिरीश कुमार ने तीन दिन की कड़ी मशक्कत करने के बाद मंगलवार को सांड़ को पकड़ लिया। उसे कस्बे से दूर किसी पशुशाला में छोड़ा जाएगा।

# बदायूं के युवक की हरियाणा में हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



पोस्टमार्टम के समय मौजूद मृतक का बेटा व अन्य। ● अमृत विचार



मेघनाथ का फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** बदायूं के युवक की हरियाणा में हत्या कर दी गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी इसकी पुष्टि हुई है। मृतक के बच्चों ने मां और चालक पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला हरियाणा का बताते हुए वहीं जाकर कार्रवाई करने की बात कही है।

थाना कादरचौक के मुगर्रा जरासी निवासी मेघनाथ (38) पुत्र राजपाल पत्नी राधा और तीन बच्चों के साथ हरियाणा के पानीपत के कस्बा कुलदीप नगर में रहते थे। बड़ा बेटा अभिषेक गांव में रहता था। मेघनाथ पानीपत में ट्रकों पर लोडिंग का काम करते थे। अभिषेक के अनुसार सोमवार को फोन आया कि पार्टी के दौरान मेघनाथ की मौत हो गई है। वह पानीपत जाने की तैयारी कर रहे थे कि शाम के समय एम्बुलेंस से मां राधा और भाई-बहन शव लेकर गांव आ गए। मेघनाथ के गले तथा शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान थे। भाई-बहन ने बताया कि मां ने ही पिता की गला दबाकर हत्या की है।

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि, चालक पर आरोप
- पुलिस ने घटना हरियाणा में होना बताकर कार्रवाई से झाड़ा पल्ला

अभिषेक ने पिता की हत्या में मां के अलावा ट्रक के चालक का भी हाथ बताया।उसने कहा कि हत्या के बाद पुलिस को सूचना दिए बिना ही जल्दबाजी में शव गांव भेज दिया गया। सूचना पाकर पुलिस मुगर्रा जरासी गांव पहुंची। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है जिसमें हत्या की पुष्टि हुई है। मामला हरियाणा का है। वहीं से रिपोर्ट दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दूसरे दिन भी नहीं चली टनकपुर-मथुरा पैसेंजर ट्रेन, यात्री रहे परेशान

**बदायूं, अमृत विचार :** रेलवे लाइन पर बारिश का पानी भरने से रद्द की गईं ट्रेनों मंगलवार को भी नहीं चली।

इज्जतनगर बरेली रेलवे स्टेशन से जारी सूचना के अनुसार लालकुआं में रेलवे लाइन पर पानी आने से 05336 कासगंज-काशीपुर ट्रेन सोमवार से बंद कर दी गई। साथ ही काशीपुर से कासगंज चलने वाली 05335 पैसेंजर ट्रेन भी रद्द रही। यह ट्रेन बदायूं रेलवे स्टेशन पर सुबह 10:40 पर पहुंचती थी। गूलरभोज पर लाइन पर पानी आने से ट्रेन को रद्द करना पड़ा। मंगलवार को यह ट्रेनें नहीं चलीं। दोनों के रद्द होने से यात्रियों को परेशानी हुई। रेलवे सूत्रों का कहना है कि गूलरभोज वलाल कुआं रेलवे लाइन पर भरा पानी दो दिन में खत्म होने की संभावना है। इसलिए जल्द ही लाइन साफ होने की संभावना है। यदि मौसम साफ रहा तो दो दिन के बाद दोनों ट्रेनों को चालू कर दिया जाएगा।

# कोर्ट का आदेश नहीं मानती कुंवरगांव थाना पुलिस

संवाददाता, कुंवरगांव

- महिला ने दुष्कर्म के मामले में पुलिस से की थी शिकायत
- कोर्ट की शरण में पहुंची पीड़िता 13 मई को जारी हुआ था आदेश

**अमृत विचार :** शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़िता कोर्ट की शरण में पहुंची। कोर्ट ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। महिला थाने के चक्कर लगाकर परेशान है।

थाना कुंवरगांव अंतर्गत एक गांव की महिला ने फरवरी में कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि वह एक जनवरी 2024 को अपने घर में अकेली सो रही थी। तभी उसके गांव का युवक तथा कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव बरसुआ का रिश्तेदार तमंचे लेकर उसके घर में घुस आए। उन्होंने उसके ऊपर तमंचा तान लिया और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। आरोप है कि दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। मुंह में कपड़ा ठुंसा होने से वह शोर नहीं मचा सकी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने किसी से भी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने जाकर पुलिस से शिकायत की लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। इसके चलते वह कोर्ट की शरण में गई। 13 मई को कोर्ट ने पुलिस को 15 दिन के भीतर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया। इसके बावजूद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पीड़िता पुलिस के चक्कर लगा रही है। थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि महिला थाने नहीं आई है। मामले की जानकारी भी नहीं है। मामला पता करके रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

# युवकों की बाइक सवार ने मारी टक्कर एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सोमवार रात की घटना, सड़क किनारे बैठकर बरात देख रहे थे बरेली निवासी पूरन लाल
- कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव पलिया गूजर का मामला, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव पलिया गूजर में बरात चढ़त के दौरान सड़क किनारे बैठे दो युवकों को एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे का इलाज चल रहा है। परिजनों ने बाइक सवार के खिलाफ तहरीर दी है।

बरेली के थाना फैजगंज पूर्वी क्षेत्र के गांव चटिया चटनपुर निवासी पूरन लाल (40) अपनी बहन के घर दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव पलिया गूजर में हुए शादी समारोह में शामिल होने आए थे। सोमवार रात बरात चढ़त का कार्यक्रम था। इसी दौरान पूरन लाल और गांव निवासी भूरे सिंह सड़क किनारे बैठकर बरात देख रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आए बाइक सवार ने उन दोनों को टक्कर मार दी। युवक बाइक छोड़कर भाग गया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्रामीण उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक ने पूरन लाल को मृत घोषित कर दिया। भूरे सिंह का इलाज चल रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों की ओर से तहरीर दिए जाने के बाद पुलिस बाइक सवार की तलाश कर रही है।

# प्रसव केंद्र से लौटीं महिलाएं



प्रसव केंद्र के गेट पर लगा ताला और बाहर खड़ी महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्थाएं मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

घटपुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गांव सिलहरी स्थित प्रसव केंद्र का भी यही हाल है। यहां अक्सर ताला लगा रहता है। चिकित्सक के अनुपस्थित रहने से परेशानी होती है। महिलाएं वापस लौट जाती हैं। सोमवार को गांव गुरुपुरी विनायक निवासी उर्मिला, सोनी टीकाकरण के लिए पहुंचीं। उन्होंने बताया कि वे दो दिन से प्रसव केंद्र के चक्कर लगा रही हैं। दोनों दिन प्रसव केंद्र पर ताला लगा मिला। घंटों इंतजार करने के बाद भी केंद्र का ताला नहीं खुला तो वह वापस लौट गईं।

# पांच दिन से लापता युवक का तालाब में मिला शव, रस्सी से बंधे मिले हाथ-पांव

संवाददाता, वजीरगंज

**अमृत विचार :** पांच दिन से लापता युवक की हत्या करके शव तालाब में फेंक दिया। उसके दोनों हाथ पीछे की ओर पैर से डंडे के सहारे और कमर पर रस्सी से ईंटें बंधी थीं। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी सतीश (36) पुत्र जयपाल खेतीबाड़ी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। पांच जुलाई को वह खेत पर जाने के दौरान लापता हो गए। परिजनों ने तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। मंगलवार को गांव के पास एक तालाब में ग्रामीणों ने शव उतराता देखा। गांव के कुछ युवक पानी में कूद गए लेकिन शव नीचे चला गया।

ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पानी से शव निकलवाया। शव के हाथ पीछे के साइड से पैर से बंधे थे। कमर में रस्सी और रस्सी से ईंटें बंधी थीं। ग्रामीण ने सतीश के रूप में शिनाख्त की। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने बताया कि सतीश की किसी से भी रंजिश नहीं थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक का शव मिला है। पोस्टमार्टम कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हरिराम हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं।** जमीन के विवाद में कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव दियोरी निवासी हरिराम की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई थी जबकि उसकी बेटी और भतीजा घायल हो गए थे। पुलिस ने बलवा, जानलेवा हमला और हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने पुलिस ने हत्यारोपी गांव दियोरी निवासी मुनेंद्र पुत्र महेश और रिंकू पुत्र राजपाल को गांव अंधरऊ के पास पुल के नीचे से गिरफ्तार कर लिया।

# कश्मीर में आतंकी हमले में जवान हो रहे बलिदान, सरकार कह रही सब ठीक

## शहीद स्थल पर पहुंचकर कांग्रेसियों ने जवानों को अर्पित की श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले में बलिदान हुए जवानों को कलक्ट्रेट स्थित शहीद स्थल पर मोमबत्ती जला कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

कांग्रेस प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप एवं विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष वीरेश तोमर ने आतंकी हमलों को भाजपा सरकार की नाकामी बताया। कहा कि आतंकवादी हमले लगातार बढ़ रहे हैं। जबकि सरकार दावा करती है कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति सामान्य है। हमारे जवान आतंकवादी हमलों में अपनी जान गंवा रहे हैं तो सरकार को इसका स्पष्टीकरण देना होगा। जिला उपाध्यक्ष सुरेश राठौर व शहर अध्यक्ष असरार अहमद ने कहा पिछले 7 महीनों में जम्मू में यह 24वां आतंकी हमला हुआ है। हमारी संवेदनाएं उन लोगों के परिवार के साथ हैं जिन्होंने अपनी जान गंवाई या घायल हुए।



जम्मू कश्मीर में मारे गए जवानों के प्रति श्रद्धाभाव प्रकट करते कांग्रेसी।

- **जम्मू कश्मीर में केंद्र सरकार की नीतियों की नाकामी उजागर**

प्रदेश उपाध्यक्ष सेवादल यंग बिग्रेड शफी अहमद ने प्रशासन पर सुरक्षा के प्रति ढिलाई बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवादी हमले में सेना के पांच जवानों की हत्या चिंताजनक है। जिला उपाध्यक्ष वीरेश तोमर व गौरव राठौर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में प्रशासन को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

जिला महासचिव इखलास हुसैन व सूरजपाल सोलंकी ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन एससी-एसटी जिलाध्यक्ष मुन्नेत्र कन्नौजिया ने किया। शहर उपाध्यक्ष अकील अहमद, वीरेश सिंह, शहर उपाध्यक्ष रफत अली खान, हरीश कश्यप, सोमपाल, वीरपाल यादव, सचिन यादव, अरविंद सिंह, जगदीश, योगेंद्र, रामपाल आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## पंखे से करंट लगने से किशोरी की मौत

**बदायूं।** पंखे में उतरे की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत हो गई। कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव भटौली निवासी दुर्विजय सिंह की 16 साल की बेटी फूला सोमवार देर शाम आंगन में चल रहे फर्राटा पंखे को घुमाने गई। पंखे में करंट आ रहा था। करंट की चपेट में आकर वह चिल्लाईं और बेसुध होकर जमीन पर गिर गईं। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिवार में चीत्कार मच गया। मंगलवार सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया।


मृतक फूला।

## टेबल फैन में करंट से तीन साल के बच्चे की मौत

**कुंवरगांव।** टेबल फैन में करंट आने से तीन साल के एक बच्चे की मौत हो गयी। थाना क्षेत्र के ग्राम आजमगंज मझिया निवासी बेचेलाल मंगलवार को दोपहर खेत से घर वापस पहुंचा तो गर्मी के चलते टेबल फेन चलाकर सो गया। उसका तीन साल का पुत्र आशीष खेलता हुआ पंखे के पास पहुंच गया। उसने पंखा छू लिया जिससे करंट से बेसुध हो गया। घर में चीख पुकार होने पर बेचेलाल जाग गया और बच्चे को जिला अस्पताल लेकर गया जहां डॉक्टरों उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है।

# गिरिजाघर की जमीन पर कब्जे की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के इंद्रा चौक स्थित गिरिजाघर की जमीन पर कब्जे की कोशिश की गई। पादरी की तहरीर पर पहुंची 112 पुलिस ने सामान हटवाकर कब्जा मुक्त कराया। इस मामले में पहले भी चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है।

जिला अधीक्षक मेथोडिस्ट गिरिजाघर के पादरी ईपी सिंह ने बताया कि वह मैथोडिस्ट सोसायटी की संपत्तियों की देखभाल करते हैं। 30 अगस्त 2023 को चार लोगों ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर बैनामा कराने की कोशिश की थी। उनके ऊपर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मंगलवार को फिर से सामान रखकर कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी। जानकारी होने पर डायल 112 पुलिस को बुलाकर सामान हटवा दिया। आज कब्जा करने वालों में एक व्यक्ति पहले दर्ज कराई गई रिपोर्ट में भी शामिल था। उन्होंने कहा कि गिरिजाघर की जमीन के किसी भी भाग को दुकान या अन्य निर्माण के लिए नहीं दिया गया है। सिविल लाइन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच की जा रही है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



गिरिजाघर की इसी जमीनपर किया जा रहा था निर्माण। ● अमृत विचार

- **पादरी ने बुलाई पुलिस इसके बाद हटवाया गया सामान**

## मोहर्रम के दृष्टिगत मजिस्ट्रेट तैनात

**बदायूं, अमृत विचार:** चन्द्र दर्शन के अनुसार इस वर्ष मोहर्रम का मुख्य पर्व 17 जुलाई को मनाया जाएगा। पर्व के दौरान शांति व्यवस्था के लिए जिला मजिस्ट्रेट मनोज कुमार ने मजिस्ट्रेट नामित किए हैं। शहर में सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सिटी मजिस्ट्रेट और तहसीलों में एसडीएम को दी गई है। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि मोहर्रम के दौरान उनके क्षेत्र में जुलूस व ताजिया निकाला जाना प्रस्तावित है।

**नव चयनित लेखपालों को आज नियुक्ति पत्र : बदायूं :** अपर जिलाधिकारी रेनू सिंह ने बताया कि आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद लखनऊ द्वारा 10 जुलाई पूर्वान्ह नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री द्वारा दिए जाएंगे। जिसका सजीव प्रसारण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट में होगा। कार्यक्रम में जनपद के नव चयनित लेखपालों का नियुक्ति पत्र वितरण किया जाएगा। एडीएम ने सभी एसडीएम और तहसीलदार को नव चयनित लेखपालों के नियुक्ति पत्र तैयार करने के आदेश दिए हैं।

# अटैना पुल के नीचे बैरिकेडिंग कराने के डीएम ने दिए निर्देश


बाढ़ सुरक्षा कार्यो का निरीक्षण करते डीएम मनोज कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** डीएम मनोज कुमार ने मंगलवार को तहसील दातागंज के ग्राम पथरामई में बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने जटा गांव में निर्माणाधीन पुलिया देखी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पुलिया के दोनों तरफ साइड वाल पोल बनाने के लिए कहा। ठकुरी नगला की निर्माणाधीन पुलिया का निरीक्षण कर समीपवर्ती ट्रांसफार्मर के पास तकनीकि स्थितियों को ठीक करने के लिए कहा। अटैना पुल के नीचे घाट पर बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर बनाई जा रही पुलिया के समीपवर्ती संपर्क मार्गों पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग उमेश चंद्र बताया कि गत वर्ष तहसील दातागंज के पथरामई में करीब दो करोड की लागत से बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य कराए गए थे। इससे आसपास के 100 से अधिक गांवों को बाढ़ सुरक्षा में मदद मिलेगी।

- **डीएम ने बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का किया निरीक्षण**

# टूट गई 15 दिन पहले बनी पुलिया

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** बारिश के तेज बहाव में 15 दिन पहले बनी पुलिया टूट गई जिससे आवागमन बंद हो गया है। ग्रामीणों ने जिला पंचायत से फिर से बनाने की मांग की है।

ब्लाक सलारपुर के गांव फरीदपुर निवासी इस्तक खां, इंतजार खान, जाकिर, खालिद मियां, इदरीश, कल्लू खान, निहाल, नूर बाबू आदि ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि जिला पंचायत ने उनके गांव से लेकर बिछुरईया तक लगभग 800 मीटर कच्ची सड़क बनाई थी। इसपर हाल ही में एक पुलिया बनाई गई थी। तेज बारिश में पुलिया टूट गई। ग्राम प्रधान मोहम्मद शाकिब ने कहा कि पुलिया टूटने से इस रोड पर आवागमन बंद हो गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने तथा पुलिया फिर से बनवाने की मांग की है।

जिला पंचायत के मुख्य अभियंता मासूम रजा ने बताया कि उन्हें पुलिया निर्माण की जानकारी नहीं है। यदि टूट गई है तो उसकी जांच कराई जाएगी।


बारिश के दौरान टूटी पुलिया। ● अमृत विचार

खबरें पेज 9 पर भी...

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें-
7417389433, 7017678157

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
NABH PRE ACCREDITED
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

### आज का मौसम

आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।

35° अधिकतम तापमान | 27° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.27 | सूर्यास्त 07.15

### जिले में आज

- अपना क्लब द्वारा शहर के सोरों रोड स्थित बाग में पौधरोपण सुबह नौ बजे से।
- जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ऑपरेशन जागृति अभियान फेस-2 के तहत जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड पटियाली परिसर में खरीफ मेला सुबह 10 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा कार्यक्रम शाम सात बजे से।

## दहेज हत्या के आरोप में दंपती गिरफ्तार, जेल भेजा

**कासगंज।** थाना अमांपुर पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ ने बताया कि वांछित अभियुक्त रामेश्वर एवं उनकी पत्नी चन्द्रवती निवासी ग्राम अभयपुरा थाना अमांपुर दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भे दिया गया।

# गंगा में जलस्तर बढ़ा तो कटने लगा बांध, नौ जियो बैग पानी में समाए

## बांध कटने से कई बीघा फसलें जलमग्न, पिछले साल साढ़े तीन करोड़ की लागत से बना था बाध, गंगा का रौद्र रूप देख लोगों में दहशत, निगरानी बढ़ी

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** पटियाली तहसील के गांव बरोना में गंगा अपना रौद्र रूप दिखाने लगी हैं। जलस्तर बढ़ने पर गंगा में आए उफान से साढे.तीन करोड़ की लागत से बना जियो बैग बांध कटना लगा और नौ जियो बैग्स पानी में समा गए। बांध का कटान होने से आसपास के गांवों के लोग दहशत में हैं।

पिछले साल बरोना में बाढ़ से हुई तबाही के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांव का दौरा कर हालात का जायजा लिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सिंचाई विभाग ने आबादी किनारे कटान रोकने को बांध बनाने की योजना बनाई थी। इसके बाद साढ़े तीन करोड़ की लागत से गंगा के कटान को रोकने के लिए गांव की उत्तर दिशा में पुराने बांध के आगे किनारे पर 105 जियो बैग से नया बांध बनाया गया था, जो गंगा के रौद्र रूप के आगे दो दिन भी नहीं टिक सका। बांध के नौ जियो बैग्स कटान होने पर पानी में समा गए और बाढ़ का पानी आबादी के पास पहुंचकर कटान करने लगा। इससे प्रशासन का बाढ़ से बचाव का प्रबंधन धरा रह गया। वहीं, गंगा का रौद्र रूप देख इलाके के लोग दहशत में हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारी रात में कैंपिंग कर कटान रोकने को बचाव कार्य कराने में जुटे हैं। आबादी किनारे रेत से बोरी लगाकर कटान रोकने का प्रयास किया जा रहा है।



बरौना गांव के पास बांध कटने से जलमग्न हुईं फसलें। ● अमृत विचार

### बांध की गुणवत्ता पर उठे सवाल

बरोना में कटान रोकने को बना बांध बाढ़ आने पर पानी में समाने के कगार पर है। इससे नए बांध की गुणवक्ता पर सवाल उठा रहे हैं। करोडों की लागत से बने बांध के निर्माण में हुई गड़बड़ी को लेकर सपा प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी बांध को मानक के विरुद्ध बनाए जाने के आरोप लगा रहे हैं। बांध के निर्माण में ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतने की बात कही गई थी।



बरोना गांव किनारे पहुंचीं गंगा का कटान रोकने को बोरियां लगाते मजदूर।

> बरोना में बाढ़ से हो रहे कटान को रोकने के लिए बनाए गए नए बांध में लगे नो जिओ बैग्स पानी में समा चुके हैं। लगातार कटान रोधी कार्य किया जा रहा है।
> – **खूब सिंह**, एसडीओ सिचांई विभाग

### निगरानी के लिए बनाई गईं नौ बाढ़ चौकियां

प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में निगरानी के लिए नौ बाढ़ चौकियां बनाई हैं। इनमें जूनियर हाईस्कूल बाजपुर, प्राथमिक पाठशाला देवकली, प्राथमिक पाठशाला काली गढैया, उच्च प्राथमिक पाठशाला कागज पुख्ता, अमर सिंह शास्त्री इंटर कॉलेज विजय नगर नरदौली पुख्ता, प्रेमादेवी करन सिंह इंटर कॉलेज गढ़िया नजरा सनोडी खास, जूनियर हाईस्कूल सिकन्दरपुर वैश्य, प्राथमिक पाठशाला नंगला डम्बर, नजरा नाली, फतुआबाद, नगला दुर्ग शामिल है। इन चौकियों पर नौ ग्राम सचिवों व नौ रोजगार सेवकों की ड्यूटी लगाई गई है, जो बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में निगरानी रखेंगे। क्षेत्र में बाढ़ से संबंधित सूचना प्रशासन को उपलब्ध कराएंगे।

### गंगा का जल स्तर बढ़ा, अभी खतरे के निशान से नीचे बह रहा पानी

**कासगंज, अमृत विचार :** मंगलवार को गंगा के जलस्तर में मामूली बढ़ोतरी हुई। हालांकि गंगा अभी खतरे के निशान से लगभग पौने दो मीटर नीचे बह रही हैं। वहीं, बैराजों से मंगलवार को पानी का डिस्चार्ज कम हुआ है। पटियाली क्षेत्र में गंगा की बाढ़ का प्रभाव अधिक दिखाई दे रहा है। डीएम मेधा रूपम ने सिंचाई विभाग व अन्य अधिकारियों को गंगा के पानी पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं, एसडीएम को गांवों के हालात का जायजा लेने को कहा गया है। पहाड़ो पर बारिश होने से गंगा के जलस्तर में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि अभी हालात पूरी तरह काबू में है। गंगा खतरे के निशान से लगभग पौने दो मीटर नीचे बह रही है। मंगलवार को गंगा का जलस्तर बढ़कर 163.40 मीटर पर पहुंच गया, जो सोमवार की अपेक्षा मात्र 0.15 सेंटीमीटर अधिक रहा। जिले में विकास खंड सोरों, सहावर और पटियाली क्षेत्र के गांव ही बाढ़ से प्रभावित होते हैं। इनमें सबसे अधिक प्रभाव पटियाली क्षेत्र में देखने को मिलता है। अभी तक पटियाली क्षेत्र में ही गंगा की रौद्रता दिखाई दी है। जबकि कासगंज, सोरों और सहावर में स्थित अभी सामान्य है। मंगलवार को बैराजों से पानी का डिस्चार्ज सोमवार की अपेक्षा कम हुआ है।



मिहोला गांव के पास कच्चा बांध ठीक करते मजदूर। ● अमृत विचार

### मिहोला गांव में कच्चा बंधा कटा, सिंचाई विभाग ने ठीक कराया

गंजडुंडवारा के पास गंगा में जलस्तर बढ़ने और कटान के चलते कादरगंज से नरदौली तक बना कच्चा बांध कादरगंज व मिहौला गांव के बीच लगभग डेढ़ मीटर के दायरे में कट गया। मिहौला गांव के प्रधान प्रतिनिधि जसवीर सिंह ने तत्परता दिखाते हुए मनरेगा मजदूरों से बांध को सही कराया। बंधा कटने से लगभग 40 बीघा फसल जलमग्न हो गई। वहीं, कादरगंज गंगा पुल के पूर्व दिशा में जगमई के पास कच्चे बंधे के नीचे से तेजी से पानी निकलने लगा। जिसे सिंचाई विभाग ने सही करा दिया। दोनों जगह बांध से पानी रुकने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### हरिद्वार, बिजनौर और नरौरा बांध से डिस्चार्ज किया गया पानी

| बैराज | मंगलवार का डिस्चार्ज | सोमवार का डिस्चार्ज |
|---|---|---|
| हरिद्वार | 44044 क्यूसेक | 40488 |
| बिजनोर | 41929 क्यूसेक | 51500 |
| नरौरा बैराज से | 122884 क्यूसेक | 128716 |

> जिले में गंगा के जलस्तर में मामूली बढ़ोतरी हुई है। गंगा खतरे के निशान से काफी नीचे बह रही हैं। किसी भी विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। बाढ़ चौकियों पर रोजगार सेवक और पंचायत सचिवों की ड्यटी लगा दी गई है। लेखपाल को ग्रामीण क्षेत्र में प्रवास करने के निर्देश दिए गए हैं।
> – **मेधा रूपम**, डीएम



जियो बैग समाने पर बरोना गांव किनारे पहुंचीं गंगा।



कटान रोकने को बोरे में बालू भरते मजदूर।

# समर्थकों संग बरोना पहुंचे सांसद बाढ़ के हालात का लिया जायजा



बरोना गांव के पास हालात का जायजा लेते सांसद देवेश शाक्य व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** मंगलवार को सांसद ने बाढ़ प्रभावित बरोना का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से बातचीत कर वहां की समस्या जानी। इसके बाद सांसद ने डीएम से मिलकर बरोना में लोहे की जाली से पत्थरों को बांधकर बांध बनाए जाने की मांग की।

सांसद देवेश शाक्य एवं पटियाली विधायिका नादिरा सुल्तान कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को गांव बरोना पहुंचे। जहां सांसद और विधायक ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी परेशानियों को जाना। ग्रामीणों ने सांसद से अनुरोध किया कि बरोना पर पक्का बांध बनाया जाए। बीते वर्ष भी यहां बाढ़ से काफी नुकसान हुआ था। ग्रामीणों ने अन्य समस्याएं भी सांसद के समक्ष रखी। सांसद ने ग्रामीणों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। इसके बाद सांसद कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने डीएम मेधा रूपम से मुलाकात की। जिले में बढ़ते गंगा के जलस्तर पर चिंता जताई। बरोना की आबादी में पहुंचे गंगा के पानी से हुए नुकसान की भरपाई किए जाने के साथ साथ बरोना पर इस्माइल पुर-महमूदपुर की तर्ज पर लोहे की जाली में पत्थरों को फंसाकर पक्की ठोकरों का बांध बनाए जाने की मांग की।साथ ही सांसद ने बाध की गुणवक्ता की जांच कराए जाने की मांग की। सपा जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह, सपा प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी, तारिक महमूद,सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सूखी है मझधार, दो हिस्सों में बंटी पतित पावनी की धार

गजेंद्र चौहान, कासगंज

**अमृत विचार :** व्यवस्था की नासमझी से पतित पावनी गंगा की धार दो हिस्सों में बंट गई और मझधार सूख गई है। बदायूं और कासगंज जिले के हिस्सों में पतित पावनी की धार तबाही मचाने को आतुर दिखाई दे रही है। यदि अभी भी जागरूक न हुए तो आने वाले समय में और भी अधिक रौद्र रूप देखने को मिलेगा।

जिम्मेदारों की अनदेखी और बेरुखी ने पतित पावनी की धार दो हिस्सों में बांटकर तटवर्ती क्षेत्रों की मुसीबत बढ़ा दी है। कासगंज और बदायूं जिले को जोड़ने वाले अल्लीपुर बरबारा पुल पर मानकों की अनदेखी सामने आ रही है। यहां पहले तो अप्रोच रोड के लिए गंगा का दायरा कम कर दिया, फिर रही सही कसर सेतु निगम ने पूरी कर दी। पुल के बीचों बीच पत्थर की एक स्लेप बना दी, जिससे दायरा और कम हो गया। दो धाराओं में बंटी गंगा का प्रवाह कासगंज जिले की ओर काफी तेज होने लगा।



कासगंज का अलीपुर बरवारा पुल। ● अमृत विचार

- **अनदेखी और बेरुखी ने बांट दिया गंगा का आंगन, तभी से तराई में शुरू हुई तबाही**
- **कासगंज बदायूं को जोड़ने वाले पुल ने कम कर दिया गंगा का दायरा**

### आंकड़े की नजर से

- 1600 मीटर लंबा है अल्लीपुर बरबारा पुल
- 174.97 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है निर्माण

हांलांकि, इस बार बदायूं जिले में भी गंगा रौद्र रूप में दिख रही है।

बता दें कि पुल निर्माण के दौरान सिंचाई विभाग ने आपत्ति जताई थी, लेकिन लोक निर्माण विभाग एवं पीडब्लूडी ने पुल को मानक के अनुरूप बनाना बताकर मुश्किल खड़ी कर दी। गंगा में जहां धार बंटकर डायवर्ट होनी चाहिए वहां तो धार सिमट रही है और जहां धार एक होनी चाहिए वहां लोक निर्माण विभाग एवं सेतु निगम की मनमानी ने धार को दो हिस्सों बांटकर पानी का प्रवाह कम कर दिया। इतना ही नहीं गंगा का दायरा भी काफी हद तक समेट दिया। कासगंज- बदायूं को जोड़ने वाले अल्लीपुर बरबारा पुल पर पश्चिमी हिस्से में जब पानी का दबाव बढ़ेगा तो प्रवाह तेजी से पूर्वी हिस्से में आ जाएगा।

सबसे बड़ी समस्या है कि पुल पर गंगा नदी में मजबूती के नाम पर पत्थर की स्लेप बनाई गई है उससे पानी कासगंज की ओर अधिक तेज बह रहा है। आने वाले समय में जब जलस्तर बढ़ेगा तो कासगंज क्षेत्र के तटवर्ती गांवों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। सिंचाई विभाग ने इसकी पुष्टि की है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने जांच में पाया है कि इस पुल का निर्माण गंगा के बहाव की दृष्टि से ठीक नहीं है। अब लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम एक-दूसरे के पाले में गेंद डाल रहे हैं। हालांकि, सेतु निगम और लोक निर्माण विभाग एक-दूसरे का बचाव भी कर रहे हैं और पुल को मानक के अनुरूप बता रहे हैं।

### साहब को कुछ पता नहीं तो बोलने से भी डरते हैं

सेतु निगम और सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने तो अपना पक्ष रख दिया, लेकिन लोक निर्माण विभाग अपना पक्ष रखने से बचता रहा है। हर साल लोक निर्माण विभाग इस मामले को लेकर अपना पल्ला झाड़ता रहा है। इस बार तो पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने फोन भी नहीं उठाया।

> अल्लीपुर बरबारा पर पुल का निर्माण सेतु निगम ने कराया है। पहले तो लोक निर्माण विभाग ने अप्रोच रोड के लिए गंगा नदी का काफी दायरा कम किया और फिर सेतु निगम ने पुल के बीच में मजबूती के नाम पर स्लेप लगवा दी। जिससे दायर और कम हो गया।
> –**संजय शर्मा**, सहायक अभियंता सिंचाई

> सेतु निगम ने सिर्फ पुल का निर्माण कराया है। एप्रोच रोड कार्य पीडब्लूडी की ओर से कराया है। उन्होंने रुड़की के इंजीनियर से इस काम में सहयोग लिया है। रुड़की के इंजीनियर की टीम ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस संस्था की रिपोर्ट सर्वोपरि है। एप्रोच रोड के लिए कुछ हद तक नदी का दायरा कम करना होता है।
> – **वीरेंद्र सिंह**, डीपीएम सेतु निगम

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



एसडीओ को ज्ञापन सौंपते भाकियू स्वराज गुट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **बिजली न मिलने से नहीं हो पा रही धान की रोपाई, किसान परेशान**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन स्वराज के कार्यकर्ताओ ने किसानों के साथ शहर के एसडीओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। किसानों ने विद्युत न मिलने से धान की रोपाई में आ रही समस्या को लेकर अपना आक्रोश जताया। किसानों को नियमित विद्युत आपूर्ति दिए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन एसडीओ को दिया।

भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिलाध्यक्ष मोहित यादव के नेतृत्व में मंगलवार को दर्जनों कार्यकर्ता एसडीओ कार्यालय पर पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष ने कहा विद्युत विभाग के अधिकारियों की मनमानी के चलते किसानों को बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली की समस्या से जूझ रहे किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। निजी पंपों से महंगी सिंचाई करना उनकी मजबूरी बन गई है। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसानों की समस्याओं को समझें और नियमित विद्युत आपूर्ति करें। उन्होंने कहा कि अन्यथा की स्थिति में किसान बडा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन के बाद मांगों को लेकर ज्ञापन पंकज कुमार को दिया। इस दौरान हरिशंकर लोधी, उपेंद्र उपाध्याय, मानपल, गीतम सिंह, राजकुमार उपाध्याय, चरन सिंह राजपूत, बंटू यादव, शैलेंद्र यादव, रामोतार यादव, सत्यराम, नन्ने खान, चुन्नू अंशारी, मेघ सिंह कश्यप सहित भाकियू आदि शामिल रहे।

# शौच करने गए वृद्ध नहर में गिरे, हो रही तलाश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** शौच करने के दौरान एक वृद्ध नहर में गिरकर लापता हो गए। पीएसी फ्लड यूनिट एवं दमकल की टीम तलाश में जुटी हैं। हादसे का पता लगने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए।

थाना ढोलना के गांव कोटरा के निकट से हो हजारा नहर बह रही है। मंगलवार को दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे गांव कोटरा निवासी रामबाबू शौच के लिए नहर किनारे गए। जहां वह शौच के लिए बैठते समय नहर में जा गिरे। इसकी जानकारी लगने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इस घटना की जानकारी अधिकारियों को दी गई। एसडीएम संजीव कुमार के निर्देश पर पीएसी फ्लड यूनिट एवं दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई और नहर में लापता वृद्ध की तलाश शुरू कर दी।



हादसे के बाद नहर किनारे एकत्र ग्रामीण और परिजन। ● अमृत विचार



वृद्ध को तलाश करते पीएसी के जवान।

- **पीएसी फ्लड यूनिट व दमकल की टीमें तलाश में जुटीं**

> हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर गए थे। पीएसी फ्लड यूनिट और दमकल की टीमें नहर में वृद्ध की तलाश कर रही है।
> –**अजयवीर सिंह**, थाना ढोलना

# अमरपुर और ढिलावली मंदिर से घंटे व दान पेटिका ले गए चोर

- **दोनों मंदिरों के पुजारियों ने अलग-अलग तहरीर दी, पुलिस ने किया मौका मुआयना**

**कासगंज, अमृत विचार:** चोरों ने सोमवार रात सदर कोतवाली क्षेत्र के दो मंदिरों को अपना निशाना बनाया। ताले तोड़कर मंदिर में घुसे चोर घंटे और दान पेटिका लेकर फरार हो गए। मंगलवार सुबह इसकी जानकारी होने पर घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ढिलावली निवासी रामअवतार सिंह ने पुलिस को तहरीर में बताया कि सोमवार रात चोरों ने मंदिर के मुख्यद्वार का ताला तोड़ दिया और अंदर घुसकर पीतल के घंटे और दान पेटिका निकालकर ले गए। इस घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह को हुई। इसका पता लगने पर तमाम लोग मौके पर जा पहुंचे। घटना की सूचना देने पर पुलिस ने भी मौका मुआयना किया। इसके कुछ देर बाद पड़ोस के गांव अमरपुर के मंदिर में भी चोरी होने का पता चला। जहां से चोर मंदिर के मेनगेट का ताला तोड़कर दो घंटे (18 किलो वजन) और दान पेटिका ले गए। पुलिस दोनों घटनाओं की तहरीर मंदिर के पुजारियों की ओर से दी गई है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर व्यवस्थाएं कर ली जाएं दुरुस्त: जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददात, कासगंज

**अमृत विचार :** की कांवड़ यात्रा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को बैठक हुई। इसमें डीएम ने अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय रहते सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

डीएम मेधा रूपम ने कहा कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांवडयात्रा से जुडे.विभागों के अधिकारी अपने अधीनस्थों के साथ आवंटित क्षेत्रों का भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लें कि उनके रास्ते में कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। साफ- सफाई का निरीक्षण कर लें। इसके लिए अभी से तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने बीडीओ, डीपीआरओ, ईओ को चेतावनी दी कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम ने संबंधित को निर्देश दिए कि गोरहा पर दोनों साइड अतिक्रमण हटवाएं, संबंधित वहां चेंजिंग रूम व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था हो। उस पर सफाई कर्मी की ड्यूटी लगाई जाए। डीएम ने कहा कि कादरगंज व शाहबाजपुर घाट पर बेरिकेडिंग कराई जाए, जिससे की कोई श्रद्धालु गहरे पानी में नहीं जाए। कावंड यात्रा मार्ग पर बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर, पेड़ों की शाखाओं की छटनी, सड़क की मरम्मत, सड़क के दोनों ओर साफ सफाई, कूडे की सफाई, साइन बोर्ड आदि का कार्य आरंभ कर दिया जाए। डीएम ने कहा कि लाखों कांवडिय़ा कासगंज की सीमा से होकर गुजरते हैं। उनकी यात्रा में किसी प्रकार का विघ्न उत्पन्न न हो इसकी जिम्मेदारी सभी की है।

सीडीओ सचिन ने कहा कि अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करेंगे। कांवड मार्ग पर पड़ने वाले ब्लैक स्पॉट, एक्सीडेंट प्वाइंट पर संबंधित विभाग साइन, ऐज बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें। ताकि कोई दुर्घटना न हो। बैठक में एडीएम राकेश कुमार पटेल, एएसपी राजेश भारती, सीएमओ डा. अनिल कुमार, एसडीएम सदर संजीव कुमार, एसडीएम सहावर कोमल पवार, एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह अधिकारी मौजूद रहे।

**शहरी क्षेत्र में ईओ और ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ देखेंगे सफाई व्यवस्था:** डीएम ने कहा है कि शहरी क्षेत्र में नगर पालिका के ईओ एवं ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ सफाई व्यवस्था की देख रेख करेंगे।घाटों पर सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाए। कांवड़ यात्रा मार्ग पर अतिक्रमण नहीं होनी चाहिए। सड़क के किनारे घूरे नहीं होना चाहिए। शिविरों के आसपास गंदगी न हो। लाईट की व्यवस्था नियमित सुचारू रहें।




कांवड़ यात्रा को लेकर आयोजित बैठक में डीएम मेधा रूपम व अन्य अधिकारी।

- **कर्मचारियों की रोस्टर के अनुसार लगाई जाएं ड्यूटियां**

### कांवड़ यात्रा मार्ग पर नहीं बिकेगा मांस-मछली

डीएम ने निर्देश दिए हैं कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार की मीट व मछली की दुकानें नहीं खुलेंगी। अधिकारी नियमित रूप से चेकिंग करते रहें। यदि कहीं भी मांस व मछली की खुले में बिक्री होती पाई जाए तो तत्काल कार्रवाई करें। होटल, ढाबों पर भी नियमित चेकिंग कराई जाए। साथ ही संचालकों को हिदायत दे दी जाए कि ढाबों, होटलों पर मदिरा न पिलाई जाए।

## एक नजर

### गंजडुंडवारा में आज सात घंटे गायब रहेगी बिजली

**गंजडुंडवारा।** बुधवार को नवीन पैनल इंस्टालेशन के चलते गंजडुंडवारा उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी महावीर सिंह ने बताया क्षेत्र मे निर्वाधित सप्लाई के लिए बुधवार को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक 33/11 केवी नवीन पैनल को गंजडुंडवारा उपकेंद्र पर स्थापित किए जाने का कार्य किया जाएगा। इसके चलते इस उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सात घंटे के लिए बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग करने की अपील की है।

### शराब सहित एक पकड़ा

**कासगंज।** सोरों कोतवाली के दरोगा प्रहलाद सिंह ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी दबोच लिया। आरोपी ग्राम न्यौली निवासी सत्यराम है। उसके कब्जे से 41 क्वार्टर अवैध देशी शराब के बरामद हुए हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

# कार्य में लापरवाही पर इंस्पेक्टर व नदरई चौकी इंचार्ज निलंबित

## कुकर्म के मामले में कार्रवाई न करने का भुगतना पड़ा खामियाजा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पीड़ित परिवार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में किया था आत्मदाह का प्रयास

> पीड़ितों के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही के आरोप में इंस्पेक्टर और चौकी इंचार्ज को निलंबित किया गया है। पुलिस कर्मी कर्तव्य निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ काम करें।
> – अपर्णा रजत कौशिक

**अमृत विचारः** कुकर्म के मामले में लापरवाही बरतना सदर कोतवाली के इंस्पेक्टर एवं नदरई गेट चौकी इंचार्ज को खासा महंगा पड़ गया। एसपी ने कार्य में लापरवाही पाए जाने पर दोनों को निलंबित कर दिया। पीडि़त परिवार ने आरोपियों पर कार्रवाई न होने से क्षुब्ध होकर सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मदाह का प्रयास किया था।

सदर कोतवाली के एक गांव में 11 वर्षीय बालक के साथ तीन लोगों ने बंधक बनाकर कुकर्म किया था। इस मामले में पीडि़त परिवार ने सदर कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की थी। चौकी इंचार्ज से भी न्याय की गुहार लगाई थी, लेकिन कोतवाली पुलिस ने पीडि़त पक्ष की फरियाद नहीं सुनी। गंभीर घटना होने के बावजूद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इससे क्षुब्ध होकर सोमवार को पीडि़त परिवार कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां पुलिस की कार्य प्रणाली पर अंसतोष जताते हुए अपने ऊपर मिट्टी कस तेल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। इसके बाद मामला डीएम के संज्ञान में आया। इस पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई के लिए कहा। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही त्वरित कार्रवाई न करने का दोषी मनाते हुए इंस्पेक्टर रामवकील सिंह एवं नदरई गेट चौकी इंचार्ज रविंद्र चाहर को निलंबित कर दिया।

## अनुसूचित जाति जनजाति कृषकों के लिए मिलेगा अनुदान

**कासगंज।** जिला उद्यान अधिकारी रविचंद्र जयसवार ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में औद्यानिक विकास योजना के तहत संकर शिमला 5 हेक्टेयर, मसाला मिर्च 6 हेक्टेयर, संकर लौकी 6 हेक्टेयर, गैंदा 3 हेक्टेयर, प्याज 5 हेक्टेयर, आईपीएम 5, मौनवंश 5 कार्यक्रम के लक्ष्य प्राप्त हुए है। कार्यक्रमों का बीज कृषकों को अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक खतौनी, की छायाप्रतियां, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र एंव मोबाइल नंबर व लाभार्थी को फोटो लाना आवश्यक है। कृषक अपना पंजीकरण पोर्टल या जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में करा सकते है।

# राष्ट्रवादी चिंतन को जगाना विद्यार्थी परिषद का मुख्य उद्देश्य

संवाददाता, पटियाली



श्री भागवत राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में विचार गोष्ठी में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76वें स्थापना दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने 76वें स्थापना के अवसर पर युवा पखवाड़ा मनाया। कार्यक्रम के पहले दिन श्री भागवत राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने परिषद की नीतियों और रीतियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि रोशन मिश्रा ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश का इकलौता और सबसे बड़ा संगठन है, जो विद्यार्थियों के हित की बात करता है। विद्यार्थियों की मूल समस्याओं की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहता है। विशिष्ट अतिथि सौरभ दीक्षित ने बताया कि परिषद का 67वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। यह बड़े गर्भ की बात है। परिषद की स्थापना का मूल उद्देश्य राष्ट्र का पुनः निर्माण करना है। राष्ट्र के पुनः निर्माण के लिए छात्रों में राष्ट्रवादी चिंतन का जगाना ही परिषद का प्रमुख उद्देश्य है। गोष्ठी में कुश गुप्ता, अम्बुज द्विवेदी, रोशन मिश्रा, सत्यराम शर्मा, मुकेश बाबू, गोविंद मिश्रा, ओमकार दीक्षित, हिर्देश पांडे, अनुज द्विवेदी, लालसिंह यादव, शोभित कुमार आदि मौजूद रहे।

### आधा दर्जन स्कूल वाहन मानक के अनुरूप नहीं

**कासगंज, अमृत विचार :** एआरटीओ ने आरपी मिश्र ने मंगलवार को शहर के विद्यालयों में जाकर स्कूल वाहन चेक किए। इस दौरान आधा दर्जन वाहन मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। इस पर एआरटीओ ने नाराजगी जताई और विद्यालयों को नोटिस देकर वाहनों का भौतिक निरीक्षण करने को कहा। एआरटीओ आरपी मिश्र ने मंगलवार को स्कूलों में जाकर बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों को चेक किया। उन्होंने वाहनों में विभागीय मानको को परखा। आधा दर्जन वाहन ऐसे पाए गए। जिनमें मानक पूरे नहीं थे एआरटीओ ने विद्यालय संचालकों के प्रति नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए। जब तक वाहनों के मानक पूरे न हो जाए, तब तक यह रोड पर नहीं चलने चाहिए, अन्यथा सीज कर दिए जाएगें। उन्होंने विद्यालयों को नोटिस देकर भौतिक निरीक्षण कराने को कहा है। विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं, अनफिट वाहनों से विद्यार्थियों को लाने ले जाने का काम न कराया जाए। चालक प्रशिक्षित होना चाहिए। कॉमर्शियल लाइसेंस धारक ही स्कूली वाहन चलायेंगे।

# बसपा ने विधानसभा वार कमेटियां गठित कीं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- कासगंज के शैतान, अमांपुर के प्रमोद और पटियाली के नरेंद्र सिंह प्रभारी बने

**अमृत विचारः** बहुजन ने जिले की तीनों विधान सभाओं में नए सिरे से कमेटियों का गठन किया है। कार्यकर्ताओं ने नवगठित कमेटी के पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया है।

आगामी विधान सभा चुनाव 2027 को लेकर राजनैतिक पार्टियां अपने अपने संगठन को मजबूत करने में लगी हुई है। इसी को लेकर बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष डीपी राना ने जिले की कासगंज, अमांपुर, पटियाली तीनों विधान सभाओं की कमेटियों का गठन कर दिया है। कासगंज से विधानसभा प्रभारी- शैतान सिंह भारती, अनार सिंह बघेल को बनाया गया है, जबकि अध्यक्ष ललित कुमार गौतम,उपाध्यक्ष शमशाद अहमद, महासचिव राजेन्द्र सिंह लोधी उर्फ मंत्री, सचिव सोनू भारती, कोषाध्यक्ष सचिन वाल्मीकि, संयोजक बी वन सुमन लता, संयोजक बी वी एफ कौशल कुमार को बनाया गया है। इसी तरह अमांपुर विधान सभा पर प्रभारी प्रमोद कुमार निर्मल, पुनीत शाक्य, अध्यक्ष लाल बहादुर शास्त्री,उपाध्यक्ष प्रेम कुमार प्रजापति, महासचिव रवि भाष्कर,सचिव राघवेंद्र सिंह , कोषाध्यक्ष राम लडैते कठेरिया, संयोजक बी वन अरुण वेदी, संयोजक बी वी एफ अरुण कुमार को बनाया गया है। पटियाली विधान सभा प्रभारी डॉ. नरेन्द्र कुमार, मोहम्मद हसन, अध्यक्ष बबलू गौतम, उपाध्यक्ष फिरोज मंसूरी, महासचिव अशोक शाक्य, सचिव डॉ. राम आसरे,कोषाध्यक्ष राजीव दिवाकर, संयोजक बी वन गीता ,संयोजक बी वी एफ नेक्शे लाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जिले में शिक्षा और चिकित्सा का बुरा हाल, गोशालाओं में मर रहे गोवंश

संवाददाता, सोरों



डीएम मेधा रूपम का स्वागत करते हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- हिन्दू युवा वाहिनी पदाधिकारियों ने डीएम से मुलाकात कर व्यवस्था में सुधार की जरूरत बताई

**अमृत विचारः** मंगलवार को हिन्दू युवा वाहिनी का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को कलेक्ट्रेट जाकर नवागत डीएम से मिला। इस दौरान युवा वाहिनी पदाधिकारियों ने जिले की मूलभूत समस्याओं के बारे में चर्चा कर शिक्षा, चिकित्सा और गोशालाओं में दशा सुधारने की डीएम से मांग की।

हिन्दू युवा वाहिनी जिला प्रभारी मनोज चौहान के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को नवागत डीएम मेधा रूपम से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। युवा वाहिनी पदाधिकारियों ने बताया कि जिले की गोशालाओं को स्थिति काफी दयनीय है। उनमें सुधार की जरूरत है। गोशालाओं में गोवंश के लिए चारे और पानी की प्रर्याप्त व्यवस्था नहीं है। देखरेख के अभाव में गोशालाओं में गोवंश की मौत हो रही है।शिक्षा और चिकित्सा की व्यवस्था भी बेहतर नहीं है। सरकारी अस्पताल रेफर सेंटर बन चुके हैं। इसमें भी सुधार की आवश्यकता है। इस पर डीएम सुधार करने का आश्वासन दिया। इनमें प्रवीन वर्मा, मनोज राजपूत, पुष्कर सिंह आदि शामिल रहे।

## रोजगार संगम पोर्टल पंजीकरण कार्यशाला का आयोजन

**कासगंज।** मिशन रोजगार के अंतर्गत जिला सेवा योजन कार्यालय द्वारा श्रीमती शारदा जौहरी नगर पालिका कन्या महाविद्यालय में रोजगार संगम पोर्टल पंजीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को नवीन रोजगार संगम पोर्टल के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्यों के दृष्टिगत श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा एकीकृत पोर्टल का विकास कराया गया है। इस एकीकृत पोर्टल पर कैंपस प्लेसमेंट, डायरेक्ट हायरिंग, विदेशों में रोजगार, ऑनलाइन काउंसलिंग एवं लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम की व्यवस्था विकसित की गयी है। उपस्थित छात्राओं को पंजीकरण प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

## सार-संक्षेप

### पहली बारिश में धरासाई हो गया नवनिर्मित नाला



**सोरों।** ग्राम पंचायत हिमायूंपुर में पांच महीने पहले ही बना नाला पहली बारिश में ही धराशाई हो गया। कार्यदायी संस्था द्वारा नाले में घटिया सामग्री प्रयोग किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीण लंबे समय से गांव की सड़कों पर जलभराव से मुक्ति दिलाए जाने की मांग कर रहे थे, जिसके परिणाम स्वरूप जिला पंचायत द्वारा 400 मीटर लंबे नाले का निर्माण 50 लाख की लागत से कराया गया था। परंतु निर्माण में अनियमितता ने ग्रामवासियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पारदर्शिता के साथ मजबूत नाला बनवाने की मांग की है। मांग करने वालों में प्रधान मनोज शर्मा, देवेंद्र , राघवेंद्र, सत्यनारायण, राजपाल, संतोष कुमार, सुनील, राम सिंह, राजेंद्र, हेमेंद, टीटू, मनमोहन, रिंकू ,अतुल, शिवकुमार , अनिल ,अमित आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से नाला निर्माण कराकर समस्या के समाधान की मांग की है।

### ठेकेदार की लापरवाही बन सकती है हादसे का कारण



**कासगंज।** शहर के नदरई गेट गांधीमूर्ति इलाके में ठेकेदार द्वारा रोड पर डाली गई मिटटी बरसात से दल दल में बदल गई है। जिससे हादसा हो सकता है। नदरई गेट पुलिस चौकी के सामने पुराने डिवाइडर को तोड़ कर नए डिवाइडर का निर्माण हुआ है ।नए डिवाइडर पर मिटटी डाले जाने के लिए मिटटी सड़क पर लाकर डाल दी थी। इस मिटटी को जेसीबी से डिवाइडर के बीच डलवा दिया गया, लेकिन अब रोड मिटटी रह गई, जो दोपहर को हुई बरसात के बाद दल दल में बदल गई। दोपहिया वाहन तो दल दल से फिसल गए और चालक मिटटी में गिर कर गंदे हो गए ।यह इंतेफाक रहा कि कोई चुटैल नहीं हुआ, लेकिन ठेकेदार की ये लापरवाही हादसे का कारण बन सकती है।

### एग्रीस्टैक फसल व खसरा ई फीडिंग बनी समस्या



**कासगंज।** एग्रीस्टैक फसल और ऑनलाइन खसरा ई फीडिंग का कार्य पटवारियों के लिए समस्या बना हुआ है। फसली कार्य पूरा हो जाने के बावजूद भी डाटा पोर्टल पर लॉक नहीं हो रहा है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है। डीएम को दिए गए ज्ञापन में लेखपालों ने बताया कि गांव गांव जाकर एग्रीस्टैक फसली सर्वे और ऑनलाइन खसरा ई फीडिंग के कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी लेखपाल अपने अपने कार्यों को कर्तव्य निष्ठा के साथ पूरा कर रहे हैं। कार्यो में तकनीकी और व्यवहारिक समस्याएं सामने आ रही हैं ।उच्चधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराते चले आ रहे हैं। इसके बावजूद कोई समाधान नहीं निकल रहा है। 1428 फसलों की ऑनलाइन फीडिंग का कार्य पूरा हो चुका है। जिसका डाटा लॉक नहीं हो पा रहा है। इससे समस्त लेखपाल परेशान है। उन्होंने डीएम मेधा रूपम को सात सूत्रीय ज्ञापन देकर आ रही समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की है। मांग करने वालों में जितेंद्र कुमार, विवेक कुमार, राकेश राजपूत, बीरेंद्र सिंह, विनय कुमार, कुमारी प्रियांशी आदि मौजूद रहे।

# झूठा मुकदमा लिखाने के दुष्प्रभावों के बारे में बताया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



सोरों क्षेत्र के विद्यालय में छात्र-छात्राओं को जागरूक करती मिशन जागृति की टीम।

- ऑपरेशन जागृति: रैली और चौपालों के माध्यम से महिलाओं को किया जा रहा जागरूक

**अमृत विचार :** जिला पुलिस एवं यूनिसेफ के सहयोग से समाज में महिलाओं व युवतियों की सुरक्षा तथा सम्मान एवं वैचारिक व्यावहारिक परिवर्तन के लिए ऑपरेशन जागृति फेज-2 चलाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों एवं पंचायत भवन में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। झूठा मुकदमा लिखाने पर पड़ने वाले विपरीत असर के बारे में बताया गया।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में मिशन जागृति की टीमों द्वारा सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कनारखेडा, कोतवाली सोरों के गांव देवारी प्रहलादपुर, नौरथा, थाना ढोलना के गांव करसरी हितायतगढी, थाना सहावर के गांव खरपरा एवं सीपीवी पब्लिक स्कूल सहावर, थाना अमांपुर के गांव महदवा, थाना पटियाली के गांव रतनपुर फतेहपुर, थाना सिढपुरा के गांव कुचारानी, थाना सिकन्दरपुर वैश्य के गांव राजेपुर कुर्रा व उस्मानपुर, थाना सुन्नगढी के गांव अहमददेव नगर में जन चौपाल लगाई एवं रैली निकाली गई। इसमें महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा के बारे में बताया गया। पीड़िताओं को परामर्श एवं रेफरल सुविधा की जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि झूठे मुकदमे लिखाने से जीवन पर गलत असर पड़ता है। युवक-युवतियो के प्रेम संबंध में बिना सोच बिचारे घर से चले जाना एवं उससे नवयुवक, युवतियों के जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के प्रति होने परिणाम बताए। साइबर हिंसा के बारे में जानकारी देकर उससे बचाव के तरीके बारे में जागरूक किया। साथ ही नए कानून के संबध में भी आम जनमानस को जानकारी दी।

# मानदेय देने की सरकार की मंशा को सराहा

- योजना लागू होने पर वृद्धों व संत पुजारी को मिलेगा लाभ
- मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ मानेदय के लिए बनेगा बोर्ड

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** सरकार 60 वर्ष से अधिक उम्र के पुजारियों और संतों के लिए मानदेय नीति लाने की तैयारी कर रही है। इसके अलावा सरकार द्वारा संत और पुजारियों को राशन औ हेल्थ कार्ड की सुविधा दिए जाने पर भी विचार किया जा रहा है।

तीर्थनगरी सोरों में के संत और पुजारियों ने सरकार की इस मंशा की सराहना की है। उनका मानना है कि उम्रदराज पुजारी और संतों को इससे कई लाभ मिलेंगे।



भले ही अभी मानदेय नीति लाए जाने पर सरकार विचार कर रही है। सरकार इस नीति को लागू करती है तो यह नीति उम्रदराज पुजारी और संतों के लिए हितकारी होगी। सरकार को इस नीति को लागू करना चाहिए। – **सोमवार मुनि महाराज**



मानदेय नीति यदि लागू होती है तो पुजारियों और संतों की आर्थिक मदद होगी। पुजारी, संत ऐसे हैं जिनके पास जीविका को साधन नहीं है। वह सनातन धर्म के लिए समर्पित है। ऐसे संतों पुजारियों के लिए नीति कल्याणकारी होगी। – **विदेहानंद महाराज**



सरकार मानदेय नीति के लाने अलावा पुजारी और संतों के लिए राशन और हेल्थ कार्ड दिए जाने की सुविधा पर भी विचार कर रही है। साथ ही 100 वर्ष से अधिक पुराने मंदिर के जीर्णोद्धार की योजना बनाई जा रही है। सरकार की सोच सराहनीय है। – **राधे बाबा**



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार संतों और पुजारियों को मानदेय नीति लाने पर विचार कर रही है। सरकार अपनी योजना का क्रियान्वयन करे। जिससे 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पुजारी और संतों को यह सुविधा मिल सके। – **नरेश त्रिगुणायत**

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरैपी हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
• बी.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
• बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) • एम.ए. (अंग्रेजी)
• एम.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• बी.कॉम. (ऑनर्स) • एम.कॉम.
• बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) • एम.बी.ए.
• बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

## शौच को खेत पर गई महिला से दुष्कर्म

**एटा, अमृत विचारः** शौच के लिए खेत पर गई महिला के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नयागांव थाने में एक व्यक्ति ने अदालत के आदेश से तीन लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया है। रिपोर्ट के अनुसार तीन मई को उसकी पत्नी शौच के लिए खेतों की तरफ गई थी।

तभी आरोपी मुन्नू उर्फ रौनक पुत्र मान सिंह ने उसकी पत्नी को पकड़ लिया और जबरन खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। इस घटना की जानकारी महिला ने परिजनों को दी। उसके शिकायत करने पर आरोपी मुन्नू ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की।

एसआई ललित कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश से मुन्नू समेत तीन लोगों के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है, जांच पड़ताल की जा रही है।

# सड़क हादसों में महिला समेत तीन लोगों की जान गई, तीनों परिवारों में कोहराम

### ननद को अस्पताल में देखने के बाद घर लौट रही थी नूतन, साथी के संग बाइक पर जा रहा था भीम सिंह

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना का पता लगने पर परिजनों में कोहराम मचा गया।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव नगला अहमद निवासी बलवीर सिंह, उनकी पत्नी भगवान देवी, बेटा विजय कुमार और पुत्रवधू नीतू उर्फ नूतन (25) पत्नी अमलेश कुमार सोमवार रात करीब 9:30 बजे बेटी ऊषा को आगरा अस्पताल में देखने के बाद ऑटो से अपने घर लौट रहे थे। ऑटो कोतवाली देहात के गांव अम्बारी के समीप पहुंचा होगा। तभी उसमें विपरीत दिशा से आ रही मैक्स पिकअप ने टक्कर मार दी।



मृतका नीतू उर्फ नूतन भीम सिंह और मुस्कान। ● अमृत विचार

इस हादसे में गंभीर चोटें आने से नीतू उर्फ नूतन की मौत हो गई, जबकि बलवीर, उनकी पत्नी भगवान देवी घायल हो गए। इसका पता लगने पर पुलिस ने नीतू का पोस्टमार्टम कराया है। घायलों को अस्पताल में इलाज चल रहा है।

वहीं, अलीगंज क्षेत्र में तहसील के पास एक बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। यह हादसा सोमवार देर रात हुआ। इसमें जनपद कन्नौज के पट्टी पुरवा निवासी भीम सिंह (21) पुत्र शम्भूदयाल की मौत हो गई, जबकि उसका साथी शिवम पुत्र जागेश्वर समेत तीन लोग घायल हो गए। भीम सिंह व शिवम एक कंपनी के होर्डिंग लगाने का काम करते हैं। सभी घायलों को उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया है। इधर, अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम झकरई निवासी दिलशाद पत्नी मुस्कान (25) को दवा दिलाकर बाइक पर अपने घर लौट रहे थे। मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे अलीगंज क्षेत्र के गांव कैल्ठा मोड़ के समीप उनकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर मुस्कान को मृत घोषित कर दिया। दिलशाद का उपचार चल रहा है।

### भरभराकर गिरी मकान की छत, मां-बेटा घायल

**एटा।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम नगला मोती निवासी तुलसादेवी (75) व उनका बेटा मुनेश कुमार अपने घर में मंगलवार दोपहर खाना खा रहे थे। तभी अचानक उसके मकान की छत भरभराकर गिर गई, जिससे दोनों मलबा में दब गए। छत गिरने की आवाज सुन आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोगों ने फौरन मलबा हटाकर मां-बेटा को बाहर निकाला। इसके बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज में दाखिल करा दिया गया।

## ऑनलाइन उपस्थिति के खिलाफ 11 को प्रदर्शन करेंगे शिक्षक

**एटा, अमृत विचारः** प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। इसमें 11 जुलाई को अपराह्न तीन बजे ऑनलाइन उपस्थिति के खिलाफ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करने की घोषणा की है। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने के लिए शिक्षकों से अपील की है।

मंगलवार को हुई बैठक में शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लोकपाल सिंह, जिला मंत्री वीरपाल सिंह जाटव के अलावा प्रवीन, जिला कोषाध्यक्ष, ओमवीर राजपूत, संयुक्त मंत्री ज्ञानेन्द्र पाल सिंह, मुकेश कुमार, प्रशांत पचैरी, मनोज राजपूत, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष निधौली कलां, पुष्पेंद्र कुमार ब्लॉक मंत्री निधौली कलां गौरव जादौन ब्लॉक अध्यक्ष अवागढ़, मनोज जादौन ब्लॉक अध्यक्ष जलेसर, अभिषेक अरुण ब्लॉक मंत्री जलेसर आदि रहे।

## प्रधानाचार्य परिषद ने नवागत डीआईओएस का किया स्वागत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** प्रधानाचार्य परिषद की जिला इकाई ने मंगलवारको नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक से शिष्टाचार भेंट की। परिषद के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर डीआईओएस का स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में डीआईओएस कार्यालय पहुंचे प्रधानाचार्यों से डीआईओएस डा. इंद्रजीत ने परिचय प्राप्त कर जिले की शैक्षिक व्यवस्था एवं विभागीय निर्देशों के सापेक्ष प्रगति पर चर्चा की। शीघ्र ही जिले के सभी विद्यालयों में पहुंचने का आश्वासन दिया। डीआईओएस ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समय से विद्यालय संचालन, अनुशासित शैक्षिक परिवेश, गुड़वत्तापूर्ण, नकलविहीन परीक्षाएं आदि पर विशेष ध्यान रहना चाहिए। नवागत डीआईओएस ने शिक्षकों समस्याओं पर प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का आश्वासन दिया।



डीआईओएस को माला पहनाकर स्वागत करते प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारी।

प्रधानाचार्यों को पौधरोपण लक्ष्य पूरा करने के भी निर्देश दिए। प्रधानाचार्य परिषद ने शैक्षिक व्यवस्थाओं में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य रणवीर सिंह यादव, परिषद के जिला मंत्री दुर्वेश यादव, विजय मिश्र, राजवीर सिंह, अनोखे सिंह, आदर्श मिश्र डैनी आदि रहे।

# विवेकानंद का व्यक्तित्व अपनाने की अपील

संवाददाता, अलीगंज

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्रज प्रांत की अलीगंज इकाई के कार्यकर्ताओं ने संगठन के स्थापना दिवस पर मंगलवार को स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यकर्ताओं ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व को अपनाने की अपील की।

विमल प्रांत खेल कार्य संयोजक ने बताया आज के दिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना हुई थी। आजादी के बाद एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण और अपनी संस्कृति को बचाए रखने के लिए विकसित और मॉडर्न देश का सपना देखा था। इसमें विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले युवाओं की समुचित भागीदारी के लिए नौ जुलाई 1949 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना की गई।



स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान मौजूद विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता।

- **विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद की मूर्ति पर किया माल्यार्पण**

मंगलवार को अलीगंज नगर के नगला पड़ाव पर युवाओं के प्रेरणा श्रोत स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर अखिल भारती विधार्थी परिषद की इकाई द्वारा माल्यार्पण किया गा। साथ ही उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने को शपथ ली। युवा नेता सूरज सिंह राठौर ने इस अवसर पर सभी को जनहित के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने को कहा।

इसमें नगर मंत्री अभिषेक तोमर, नगर सह मंत्री भास्कर, विशाल पाल नगर खेल संयोजक, अतुल कुमार, आशीष तोमर, अजय तोमर, मोहन राठौर, सूर्यांश श्रीवास्तव आदि रहे।

## मजदूरी के रुपये मांगने पर महिला को पीटा, रिपोर्ट

**जलेसर, अमृत विचारः** कोतवाली में एक महिला ने मकसूदपुर निवासी अख्तर पुत्र अकबर समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि अख्तर के पास उसके मजदूरी के रुपए थे। पीड़िता ने सात जुलाई को अपने रुपये मांगे तो आरोपी ने गालियां दीं और लाठी-डंडे से पीटा। पीड़िता को जमीन पर गिराकर अर्द्ध नग्न कर दिया। घटना देखकर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उसके परिजनों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना की जांच सीओ जलेसर कर रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर मलावन थाने में प्रियंका देवी पत्नी राजकुमार निवासी आसपुर ने गांव निवासी मनोज कुमार समेत छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया हैं।

# लापता किशोर का शव पानी भरे गड्ढे में उतराता मिला

संवाददाता, जैथरा

**अमृत विचार :** एक दिन पहले लापता हुए किशोर का शव गड्ढे में भरे पानी पर उतराता मिला। आरोप है कि यह गड्ढा पड़ोसी गांव के किसान ने बालू खनन के लिए खुदवाया था। हादसे के बाद से परिवार वालों में आक्रोश है।



मृतक बीकेश

जैथरा इलाके के गांव नगला बैनी निवासी बीकेश कुमार (15) पुत्र महेश चन्द्र सोमवार को अपने खेत पर गया था। परिजनों ने बताया कि देर सायं तक वह घर नहीं लौटा। उसे खेत पर जाकर देखा तो वहां भी नहीं मिला। खेतों में खड़ी फसल में तलाश किया, लेकिन बीकेश का कुछ पता नहीं चला। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे शौच को गए ग्रामीणों ने गांव से करीब एक किलोमीटर दूर गोशाला के समीप गड्ढा भरे पानी पर किशोर का शव उतराता देखा। इसका पता लगने पर तमाम ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने शव बाहर निकाला तो बीकेश का निकला। इस बीच परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिससे कोहराम मचने लगा। इस बीच सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। लोगों मानना है कि शौच करते समय वह गड्ढे में गिरा गया होगा, जिसके बाद वह बाहर नहीं निकल सका। बीकेश के परिजनों ने बताया गया कि यह गड्ढा ग्राम पंचायत गड़ी रोशन के ग्राम प्रधान ने बालू खनन के दौरान कराया था। बारिश के दौरान उसमें पानी भर गया, जिससे हादसा हो गया। इस लापरवाही से परिजनों में आक्रोश है।



मेडिकल कॉलेज में मौजूद मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

- **पड़ोसी गांव के प्रधान पर बालू खनन के लिए गड्ढा खुदवाने का आरोप, लोगों में आक्रोश**

### संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण की मौत

**अवागढ़।** अवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव मीसाखुर्द निवासी रामरतन सिंह (45) की शादी नहीं हुई है। वह काफी दिनों से कासगंज में अपनी बहन शीला के घर रह रहा था। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे रामरतन पथरी की दवा लेने के लिए एटा आया था। रोडवेज बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास वह बेहोश होकर गिर पड़ा। चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने उसे उठाकर मेडिकल कॉलेज में दाखिल करा दिया। जहां डाक्टर ने रामरतन को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। इस पर परिजन रोते बिखलते एटा पहुंच गए।

### अलग-अलग स्थानों पर करंट से दो लोग झुलसे

**एटा, अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग स्थानों पर बिजली का करंट से दो लोग झुलस गए। मलावन थाना क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ निवासी मनोज कुमार गांव के पास टूटे पड़े बिजली के तार में उलझ गया, जिससे करंट लगने पर वह झुलस गया। परिजनों द्वारा युवक को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया है। वहीं, दूसरी ओर सकीट थाना क्षेत्र के गांव कायमपुर निवासी संगीता देवी (25) पत्नी अवधेश कुमार को सबमर्सिबल चलाते समय करंट लग गया, जिससे संगीता झुलस गई। उसे मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया है।

REQUIREMENT
आवश्यकता है
1. हॉस्पिटल सुपरवाइजर
2. कम्पाउंडर
3. वार्ड बॉय / वार्ड आया
4. हॉस्टल केयर टेकर महिला
5. कुक पुरुष/ महिला
6. नर्स/आयुर्वेदिक परिचारिका
7. स्टोर इंचार्ज
संपर्क करें
रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सैक्टर-7 राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली (उ.प्र.)
फोन नं. 8077808309, 9837357497

# यूनानी चिकित्सा पर बढ़ रहा भरोसा

- **उल्टी दस्त और कब्ज से परेशान मरीजों को भा रहा यूनानी चूरन**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बदलते मौसम में खांसी बुखार और उल्टी दस्त के मरीज अंग्रेजी दवा खाने से बच रहे हैं। वह यूनानी दवाएं भी ले रहे हैं जिससे उन्हें लाभ मिल रहा है। हर दिन सैकड़ों मरीज यूनानी दवाखाना पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कि यूनानी दवाएं बुखार और उल्टी-दस्त में कारगर साबित हो रही हैं।

बारिश के मौसम में बुखार और उल्टी-दस्त की बीमारी से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित होते हैं। अब तक ज्यादातर लोगों का झुकाव अंग्रेजी दवाओं की तरफ रहता था लेकिन कई दिनों तक दवाएं लेने के बाद भी लोगों को लाभ मिलता नहीं दिख रहा तो यूनानी अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी। यूनानी चूरन चटनी खाने वाले मरीजों का कहना है कि इस दवा से उन्हें लाभ मिल रहा है। हालांकि यह दवा धीरे-धीरे काम करती है लेकिन कारगर साबित हो रही है। उनका कहना है कि यहां की दवाएं खाने में भी कोई दिक्कत नहीं होती है।



बुखार के मरीज की जांच करतीं चिकित्सक सोनी सलीम। ● अमृत विचार

> कुछ बीमारियां मौसम विशेष में ही पैदा होती हैं। बुखार और उल्टी दस्त की समस्या ज्यादातर बारिश में होती है। लोग अंग्रेजी दवाएं लेते हैं। उससे लाभ भी होता है लेकिन वह स्थायी नहीं होता। बुखार फिर से होने की आशंका रहती है। इसलिए उल्टी-दस्त के मरीज यूनानी दवाएं पसंद करने लगे हैं। यहां पर केवल चूरन चटनी दी जाती है। इससे लोग धीरे-धीरे ठीक होते हैं लेकिन बाद में उन्हें परेशानी नहीं होती है। करीब 15 दिन से हर दिन सौ से सवा सौ मरीज आ रहे हैं। सभी को लाभ मिल रहा है। बुखार की दवाएं अचूक हैं, इसलिए मरीज सुबह से दोपहर तक लाइन लगा कर दवा लेने आते हैं। उन्हें हर बीमारी की दवा दी जाती है।
>
> -डा. सोनी सलीम - यूनानी चिकित्सक

### साप्ताहिक बाजार में चोरों ने जेब से मोबाइल उड़ाया

**उघैती,अमृत विचार :** कस्बे में प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में लंबे समय से मोबाइल चोर सक्रिय हैं, इसके बाद भी पुलिस मोबाइल चोर गिरोह को नहीं पकड़ पा रही है। मंगलवार की शाम लालाराम शाक्य सब्जी खरीदने गए तभी मोबाइल चोर ने जेब से फोन चोरी कर लिया। इस तरह की घटनाएं कई अन्य लोगों के साथ भी हो चुकी हैं। जिनकी सूचना पुलिस को दी गयी। फिर भी पुलिस साप्ताहिक बाजार में कभी चोरों को खोजने का प्रयास नहीं करती है।

## गड्ढे में बस फंसने पर घबराए यात्री मची चीख-पुकार

**बिसौली, अमृत विचार :** दूसरा वाहन बचाने के चक्कर में कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव पनौड़ी में बदायूं से बिसौली जा रही रोडवेज बस का पहिया मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग के किनारे गड्ढे में फंस गया। इससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। चालक ने बस निकालने की कोशिश की लेकिन नहीं निकाल पाया तो यात्री बस से बाहर आ गए। वह दूसरे वाहन से अपने गंतव्य स्थान को रवाना हो गए।



गड्ढे में बस का पहिया जाने के बाद बस से बाहर आते यात्री। ● अमृत विचार

# दबंग नहीं लगने दे रहे नल ग्रामीणों ने जताया विरोध



प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचारः** ग्राम समाज की भूमि पर गांव के कुछ दबंगों का कब्जा है। जिस पर ग्रामीणों के प्रयास से सरकारी हैंडपंप लगाया जा रहा है। परंतु दबंग ने हैंडपंप नहीं लगने दिया। ग्रामीणें ने विरोध प्रदर्शन किया।

उघैती के गांव टिटौली में लोगों ने ग्राम सभा की जमीन पर सरकारी हैंडपंप लगाने को लेकर तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसकी मंजूरी के बाद मंगलवार को मिस्त्री हैंड पंप लगाने पहुंच गए। मिस्त्री गड्ढा कर रहे थे कि गांव निवासी चेतराम ,मुकेश ने कार्य रुकवा दिया। साथ ही मिस्त्री और काम कर रहे लोगों को भगा दिया। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तब एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने थाना पुलिस से की। आरोप है कि पुलिस ने उनकी फरियाद न सुन भगा दिया। इसके बाद ग्रामीण किशनवीर, अमलेश, हरिओम, नाथू सिंह, भूरे, नरेश, ज्ञान सिंह, भगवान सिंह, धर्मवीर, प्रेमवीर आदि ने गांव पहुंचकर प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग कर हैंडपंप लगाने की गुहार लगाई है।

### पुलिस कर्मी बताकर 46 हजार रुपये निकाले

**जलेसर।** कोतवाली में रामचन्द्र निवासी गदागढ़ी मजरा इसेपुर थाना बरहन जिला आगरा ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया है कि सात जुलाई को वह जलेसर के सादाबाद अड्डा पर मौजूद था। तभी उसके पास एक अनजान व्यक्ति पहुंचा और उसने खुद को पुलिस वाला बताया। आरोप है कि जांच पड़ताल के नाम पर उसने रामचंद्र की जेब से 46 हजार रुपये निकाल लिए। उसके पिता की जेब से मोबाइल निकाल लिया। इसके बाद वह चला गया। रामचंद्र की ओर से तहरीर दे दी गई है।

### घर में घुसे चोरों ने युवक को घायल किया

**जलेसर।** कोतवाली में बीएल कुशवाह निवासी मोहल्ला गौलनगर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। बीएल कुशवाह ने बताया कि छह जून की रात चोर घर में घुस गए। चोरों ने सबसे पहले जंगला से बेहोशी की दवा का स्प्रे कर दिया, जिससे परिजन बेहोश हो गए। इसके बाद चोरी का प्रयास किया, लेकिन पीड़ित बेहोश नहीं हुआ। उसने चोरों का विरोध किया तो हाथापाई हो गई। इस पर चोरों ने उसके चेहरे को खरोंच कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। छानबीन के दौरान कुछ सुराग भी मिले हैं, जिन पर काम चल रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### मंदिर कमेटी के सदस्यों ने गरीब कन्या की शादी के लिए मदद की



**बदायूं।** ट्यूबवेल कॉलोनी स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर 14वें विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कमेटी की ओर से एक पहल की गयी है कि गरीब कन्याओं की शादी में हर संभव मदद की जाए। इसी कड़ी में ग्राम खरखोली बुजुर्ग में स्वर्गीय धनवीर की पुत्री सीतू की शादी में कमेटी के सदस्यों ने यथा संभव धन, वस्त्र और समान देकर सहयोग किया। सीतू की मां अमरावती ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री की शादी मुरादाबाद निवासी सुमित के साथ की है। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के अध्यक्ष मिलन उपाध्याय, धीरेंद्र उपाध्याय एवं महंत राजेश कुमार सदस्य सर्वेश चंद्र गुप्ता, मनोज शर्मा, नीरज कुमार, डा.पवन शर्मा, सोनू कुमार, प्रमोद वर्मा, सत्यदेव कुमार, प्रमोद कुमार एडवोकेट, फौजी राम, दीक्षा गुप्ता, हर्षित शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# अशोक, जामुन व करंज के पौधे लगाए

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने 'वन महोत्सव के अंतर्गत'एक पेड़ मां के नाम'अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में अशोक, जामुन, सेजनी, करंज, बेहड़ा, कपोक, रोज़वुड, सागौन, शीशम और पाला इंडिगो आदि विभिन्न देशी प्रजातियों के पौधे रोपे। इन प्रजातियों का चयन विशेष रूप से उनके पर्यावरणीय और औषधीय महत्व को ध्यान में रखते हुए किया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य डॉ. नरेश चन्द और कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार शर्मा के मार्ग दर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्य डा. नरेश चंद्र ने बताया कि पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार शर्मा ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण के महत्वपूर्ण घटक हैं। इस अवसर पर शहादत बख्श, विप्लव भारती, अश्वनी शर्मा,अनमोल शर्मा, अश्वनी शर्मा, नीरज देवी रहे।



कॉलेज परिसर में पौधरोपण करते स्वयं सेवक। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मैंने अपने सगे पुत्र फैजानउद्दीन को उसके दुर्व्यवहार व गलत चाल चलन के कारण उससे समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा।
मुताबुद्दीन पुत्र श्री मेहाउद्दीन, निवासी- ग्राम सुजातपुर, थाना मीरगंज, जिला बरेली

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

बुद्धो कलूषभूतायां विनाशे प्रत्युपस्थिते।
अनयो नयसङ्कशो हृदयात्रावसर्पति॥

विनाशकाल के समय बुद्धि विपरीत हो जाती है। ऐसे व्यक्ति के मन में न्याय के स्थान पर अन्याय घर कर लेता है। वह अन्याय के आसरे ही सब निर्णय लेता है।

## संपादकीय

# निरंतर प्रयास जरूरी

भारत अपने सतत विकास लक्ष्यों 2030 (एसडीजी) के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रहा है। इसके बावजूद इसके 17 लक्ष्यों और 169 संबद्ध लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अभी बहुत प्रयास करने की आवश्यकता है। हाल में भारत में जारी एसडीजी की प्रगति रिपोर्ट डेटा आधारित प्रमाण पेश करती है। यह बताती है कि एसडीजी और उससे जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने की प्रक्रिया में भारत की प्रगति मिलीजुली रही है। गौरतलब है कि सितंबर 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा शिखर सम्मेलन में 193 सदस्य देशों ने सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा अपनाया, जो 1 जनवरी 2016 को लागू हुआ। एजेंडा का सार्वभौमिक सिद्धांत है 'किसी को पीछे न छोड़ें'। वैश्विक स्तर पर एसडीजी की सफलता निर्धारित करने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है। 2015 में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत वैश्विक समुदाय का छठा हिस्सा है। हमारी विकास संबंधी जरूरतें बहुत बड़ी हैं। भारत में लोगों को आधुनिक सुविधाओं और विकास के साधनों तक पहुंच के लिए बहुत लंबा इंतजार करना पड़ा है। हमने इस कार्य को अनुमान से पहले ही पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है।

सोमवार को न्यूयॉर्क में सतत विकास के लिए वर्ष 2024 के उच्च स्तरीय राजनैतिक मंच (एचएलपीएफ) में संयुक्त राष्ट्र की उप प्रमुख आमिना मोहम्मद ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति का लक्ष्य 2030 की समय सीमा में हासिल करने के लिए जरूरी प्रतिबद्धता और निवेश को तत्काल वास्तविकता में तब्दील करना होगा। एसडीजी प्राप्त करने की दिशा में भारत सरकार की नीतियों का अहम योगदान है। इनमें स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटीज, प्रधानमंत्री जन धन योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आदि शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार कोरोना महामारी ने देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया। फिर भी भारत ने हाल के वर्षों में गरीबी उन्मूलन के मामले में बेहतर प्रदर्शन किया है। बहुआयामी गरीबी में 9.89 प्रतिशत की कमी आई और यह 2015-16 से 2019-21 के बीच घटकर 14.96 प्रतिशत रह गई। कुल मिलाकर भारत तेज गति से बढ़ रहा है, वहीं वृद्धि के लाभ आबादी के एक बड़े हिस्से तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। बेहतर होगा कि सरकार आने वाले वर्षों में तय लक्ष्य पाने के लिए उन क्षेत्रों पर जोर दे, जहां हम अभी पीछे हैं। इसके लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता होगी तथा लोगों की खर्च योग्य आय बढ़ानी होगी। साथ ही अपने घरेलू संसाधनों के भीतर सर्वोत्तम संभव कार्य करने का प्रयास करने होंगे।

# फ्रांस चुनावः हिंसा, नैतिक हार और गठबंधन सरकार



रंगनाथ सिंह
पत्रकार

भारत की तरह फ्रांस में भी राष्ट्रपति का पद आम चुनाव से प्रभावित नहीं होता, लेकिन वहां के राष्ट्रपति के पास हमारे राष्ट्रपति से कहीं ज्यादा शक्तियां हैं। पहले चरण में चुनाव परिणाम इंटरनेशनल मीडिया की चाहत के उलट आए तो सड़कों पर हिंसा हो गई, दूसरे चरण में जब चुनाव चाहत के अनुसार आए तो भी हिंसा हो गई।

इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया एक हफ्ते से सांसत में था। अब जाकर उसे राहत मिली है। इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया की अच्छी बात ये है कि अच्छे मौसम में वह 'निष्पक्ष' रहता है, लेकिन मौसम प्रतिकूल होते ही वह अपने पसंदीदा दल के सिर पर हार की तलवार लटकता देख, नि ष्पक्षता का केंचुल उतारकर उनके लिए परिष्कृत दुष्प्रचार शुरू कर देता है। पिछले एक हफ्ते में भारत में लोकप्रिय इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया दुबला हुआ जा रहा था कि 7 जुलाई के बाद फ्रांस में कहर आ जाएगा। फ्रांस में दो चरण में चुनाव होता है।

फ्रांस के चुनाव में पहले चरण में जो पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी वही दूसरे दौर के चुनाव के बाद तीसरे स्थान पर पहुंचती दिख रही है। पहले चरण में दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले दल दूसरे चरण के लिए आपस में मिल गए थे। उन्होंने जनता से अपील की थी कि जिस सीट पर जो उम्मीदवार पहले चरण के नंबर वन दल को हराता दिखे, उसे ही वोट दें। दूसरे चरण में पहले दल को हराने के लिए 200 से ज्यादा उम्मीदवारों ने पर्चा वापस ले लिया। इतना सब करने के बावजूद सबसे बड़े चुनाव पूर्व गठबंधन को फ्रांस में बहुमत से कम मिलने का अनुमान है। याद रखें कि एक दल को नहीं, बल्कि कई दलों के गठबंधन को बहुमत से कम सीटें मिल रही हैं। बहुमत के लिए इस तरह की रस्साकशी लोकतंत्र के लिए स्वाभाविक है। उल्लेखनीय ये है कि फ्रांस का चुनाव भारत के चुनाव से तीन बिंदुओं पर मिलता दिख रहा है जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। वे तीन बिंदु हैं- हिंसा "नैतिक हार" और गठबंधन सरकार।

भारत की तरह फ्रांस में भी राष्ट्रपति का पद आम चुनाव से प्रभावित नहीं होता, लेकिन वहां के राष्ट्रपति के पास हमारे राष्ट्रपति से कहीं ज्यादा शक्तियां हैं। पहले चरण में चुनाव परिणाम इंटरनेशनल मीडिया की चाहत के उलट आए तो सड़कों पर हिंसा हो गई, दूसरे चरण में जब चुनाव चाहत के अनुसार आए तो भी हिंसा हो गई। फ्रांस और हमारे बंगाल के बीच यह अद्भुत समानता है कि हार की आशंका और हार टलने की खुशी, दोनों स्थितियों में हिंसा हो जाती है। राहत की बात ये है कि बहुमत से सीट कम पाने के बाद भी फ्रांस में सबसे बड़े वामपंथी गठबंधन (जिसमें कई दल

1991 में जिस दल ने बिना बहुमत के अकेले दम पर पांच साल सरकार चलाई उस पर आजतक किसी ने अनैतिक सरकार होने का आरोप नहीं लगाया। विद्वान उसे अल्पमत की सरकार कहते हैं। 1996 में सबसे ज्यादा 161 सीट जीतने वाले दल को विपक्ष में बैठना पड़ा। 140 सीटें जीतने वाले दूसरे बड़े दल ने विपक्ष में बैठकर भी तीसरे बड़े दल का प्रधानमंत्री बनवा दिया।

शामिल हैं) की 'नैतिक हार' नहीं होगी। बहुमत प्राप्त करना लोकतांत्रिक देशों की समस्या है। चीन, कतर और अफगानिस्तान में किसी को अल्पमत की तानाशाही से समस्या नहीं होती। जिन देशों में लोकतंत्र जितना मजबूत है, वहां किसी एक दल का बहुमत प्राप्त करना उतना कठिन है, क्योंकि वहां एक नहीं कई दल किसी न किसी इलाके या समुदाय के बीच मजबूत पकड़ रखते हैं।

इस समस्या के समाधान के लिए खास पदों पर ऐसी व्यवस्था की गई है, जिसमें कई चरण में चुनाव होते हैं ताकि अंतिम चरण में बस दो-तीन लोग बचे और जनता किसी एक को 50 प्रतिशत से ऊपर मत देने को बाध्य हो। चीन में अगर एक पार्टी की तानाशाही है तो अमेरिका में दो दलों की तानाशाही है। चीन और अमेरिका का पॉलिटिकल मॉडल उत्तरी कोरिया, ईरान और कतर जैसे देशों से बेहतर है, लेकिन भारत, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन का मॉडल अमेरिका और चीन से बेहतर है, जो बहुदलीय व्यवस्था को पोषण देता है। ये मॉडल यह मानकर नहीं चलता है कि कोई एक या दो दल ही, पूरे देश की बेहतरी के चौकीदार हैं। आजादी के खुमार से निकलने में भारत को करीब 45 साल लगे और 1989 में भारत में किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। सबसे बड़े दल सरकार गठन से किनारा कर लिया। दूसरे बड़े दल ने तीसरे दल एवं अन्य के साथ मिलकर सरकार बनाई, लेकिन वह करीब 11 महीने में गिर गई। उसके बाद सबसे बड़े दल ने एक छोटे से धड़े को बाहर से समर्थन देकर उसकी सरकार बनवा दी। इस विडंबना को किसी विद्वान ने नैतिक संकट नहीं बताया कि जिस दल के खिलाफ बड़े दल ने चुनाव लड़ा था, उसकी ही सरकार बनवा दी गई। 1989 के चुनाव का संदेश साफ था कि सबसे बड़ा दल सरकार चलाएगा तभी वह 5 साल चलेगी नहीं तो ऐसे ही हर साल नया प्रधानमंत्री मिलेगा। दो साल में दो सरकार गिरने के बावजूद देश की जनता ने 1991 के चुनाव में खुद को देश का डिफाल्ट रूलर समझने वाले दल को पूर्ण बहुमत नहीं दिया। 1991-92 के चुनाव में जिस दल को सबसे ज्यादा 244 सीटें मिलीं उसने बिना किसी गठबंधन के अगले 5 साल तक सरकार चलाई। संदेश साफ था कि या तो हमें बाहर से समर्थन दो या फिर पिछली बार की तरह 11 महीने वाले रेंटर पीएम के लिए तैयार रहो।

1991 में जिस दल ने बिना बहुमत के अकेले दम पर पांच साल सरकार चलाई उस पर आजतक किसी ने अनैतिक सरकार होने का आरोप नहीं लगाया। विद्वान उसे अल्पमत की सरकार कहते हैं। 1996 में सबसे ज्यादा 161 सीट जीतने वाले दल को विपक्ष में बैठना पड़ा। 140 सीटें जीतने वाले दूसरे बड़े दल ने विपक्ष में बैठकर भी तीसरे बड़े दल का प्रधानमंत्री बनवा दिया, जिसे महज 46 सीटों पर जीत मिली थी, जो कुल सीटों की 10 प्रतिशत भी नहीं था। यानी तकनीकी तौर पर मुख्य विपक्षी दल का दर्जा पाने के लिए जरूरी 55 सीटों से भी कम सीट पाने वाले दल ने करीब दो साल देश में सरकार चलाई, लेकिन 11 महीने वाला पुराना रेंटर सिस्टम जारी रहा। इस पूरी कवायद को विद्वानों ने अनैतिक घोषित नहीं किया गया। इसे लोकतंत्र की माया या त्रिशंकु संसद बताया। 1998-1999 में जो दल सबसे बड़ा बनकर उभरा उसने बाहर से समर्थन के लेन-देन के रेंटल सिस्टम को नकारते हुए दो दशक पुराना नुस्खा नए एंगल से अपनाया। 1977 में कई दलों ने आपस में विलय कर लिया था तो इस बार उन्होंने विलय करने के बजाय गठबंधन बनाकर एक गुट बनाया। विद्वानों ने इसे भी अनैतिक नहीं माना और गठबंधन युग के आगाज की मुनादी करवा दी। सरकार छह साल चली। 1996 में जिस दूसरे बड़े दल ने 140 सीटें जीतकर सरकार नहीं बनाई थी उसी दल ने 2004 में महज 145 सीटें जीतकर सरकार बना ली। 1989 और 1996 में उसने साफ संदेश दे दिया था कि हमारा पीएम नहीं रहेगा तो 11 महीने का रेंटर पीएम सिस्टम सहना पड़ेगा। नतीजा ये हुआ कि महज सबसे बड़े दल ने महज 145 सीटों के साथ आराम से 5 साल गठबंधन सरकार चलाई, लेकिन किसी विद्वान ने इसे अनैतिक नहीं कहा। इसे गठबंधन युग का नया अध्याय कहा।

2004 में दूसरे बड़े दल को 138 सीटों पर जीत मिली थी यानी उसे सबसे बड़े दल से केवल 7 सीटें कम मिली थीं, लेकिन वे सात सीटें उन मौसरे भाइयों जैसी साबित हुईं, जिनमें 7 दिन पहले पैदा हुए भाई को आजीवन भैया कहना पड़ता है। दूसरा बड़ा दल अगले पांच साल तक भइया-भइया कहता रहा, लेकिन यह कभी न कह सका कि भइया आपकी नैतिक हार हुई है, आपकी सरकार अनैतिक है। दूसरा दल तो छोड़िए किसी बड़े विद्वान ने इस प्रक्रिया को अनैतिक घोषित नहीं किया, बल्कि गठबंधन को देशहित में बताया। 5 साल राज करने के बाद भी सत्ताधारी दल को 2009 में बहुमत से 66 सीटें कम मिलीं तो भी किसी ने नहीं कहा कि आपको अकेले दम पर बहुमत नहीं मिला, इसलिए यह नैतिक हार है और जनता ने आपको नकार दिया है। किसी एक पार्टी को बहुमत न मिलने की भारत में पिछले 35 साल में किसी विद्वान ने 2024 से पहले "नैतिक पराजय" नहीं कहा था। जर्मनी, फ्रांस, कनाडा इत्यादि में गठबंधन सरकारें चल रही हैं, लेकिन किसी विद्वान ने वहां की सरकार को "नैतिक रूप से हारी हुई" सरकार नहीं कहा।

गठबंधन सरकार की नैतिकता के लिए पहले विद्वानों ने यह राय बनाई थी कि चुनाव परिणाम आने के बाद महज सत्ता प्राप्ति के लिए किया गया जोड़-तोड़ जनता के साथ धोखा है। ऐसे में चुनाव पूर्व गठबंधन को नैतिक माना गया। चुनाव पश्चात के गठबंधन को मजबूरी। चुनाव बाद गठबंधन को अनैतिक नहीं बताया गया, क्योंकि जनता पर चुनाव के खर्च का बोझ डालना सही नहीं रहेगा। आप देख रहे होंगे कि नैतिकता भी खर्च के हिसाब से पाला बदल लेती है। जिस समाज में दो तरह की नैतिकता हो, वह नैतिक रूप से भ्रष्ट समाज होता है। इधर मैं ये सोच रहा हूं कि भारत हो या फ्रांस, ऐसी दोहरी निष्पक्षता या नैतिकता किसी पार्टी या राजनीतिक समूह की कब तक रक्षा कर पाएंगे?

## प्रसंगवश

# जिंदगी का सबक मोहर्रम

मोहर्रम के महीने से, सीखना कर्बला से, सीखना इमाम हुसैन से, सीखना शहीदों और बीबी जैनब से की, कैसे जुल्म के खिलाफ खड़ा हुआ जाता है। मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है। हम खुद, हमारे बुजुर्ग और बहुत से लोग इसकी मुबारकबाद नहीं देते हैं। ऐसा हजरत ईमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों के गम और उनकी शहादत के सम्मान में किया जाता है।



हफीज किदवई
लेखक

कोई इसके इतर भी चल सकता है, यह उसकी अपनी मर्जी। वैसे भी कर्बला जबरदस्ती का नाम नहीं, बल्कि सहयोग और त्याग का नाम है। मैं मोहर्रम को कभी इस्लामी नुक्ते नजर से नहीं देखता। मैं इसे उस आंदोलन की तरह देखता हूं, जिसने यजीद को चुनौती दी, जिसने शहादत चुनकर जुल्मी के पांव उखाड़ दिए, जिसने प्यासे रहकर गुरूर के महलों की दीवारें चटखा दीं, जिनकी तारीख में कर्बला जैसे उदाहरण हों, वह किसी भी कीमत में अधर्मी और पापी के सामने नहीं झुक सकते, जो झुक जाते हैं, उनके दिलों से ईमाम हुसैन रुखसत हो जाते हैं। मोहर्रम में कर्बला की जंग और उसके बाद बीबी जैनब का कर्बला से निकलकर, शहीदों की शहादत की दास्तान को घर-घर पहुंचाना। शायद दुनिया का पहला आंदोलन था, जिसे किसी औरत ने लीड किया था। उन्होंने अपनी आंखों देखी जुल्म की सियाह रातों को, तपती दोपहर को और खून से भीगी सुबह की सच्चाई, दुनिया के सामने रखी।

बच्चों की प्यास से सूखे गले में चुभे तीर के दर्द को बतलाया तो बुजुर्गों का जोश से लड़ते हुए शहीद होना बतलाया। रसूल के चश्मे चिरागों के सर, नेजो पर चढ़े, जब कर्बला से जीत की जंग में लाए जा रहे थे। तब ही तय हो गया तो, जो आज जीत के घमंड में इतरा रहा है, असल में वह ही हार गया है।

हर धर्म मे ऐसे उदाहरण हैं। हर अधर्म का मुकाबला करो, पाप के विरुद्ध खड़े हो। मोहर्रम से सीखें, यह महीना इंसानियत और उसूल का बहुत बड़ा सिलेबस है। इंसानी जात को बचाए रखने के लिए, क्या कर गुजरना पड़ेगा, सारे चैप्टर इसमें मौजूद हैं। मोहर्रम और कर्बला को हमेशा याद रखिए, यह जिंदगी का सबक है।

# वर्तमान संदर्भ में भारतीय लोक संस्कृति

संसार की संस्कृतियां आज एक-दूसरे के सामने खड़ी हैं और परस्पर परिचय कर रही हैं। एक अभिनव मानव संस्कृति की रचना अग्रसर है। लोकतंत्र के राजनैतिक अधिकार, आर्थिक विकास, सामाजिक समानता और सांस्कृतिक स्वायत्तता ये चारों ही तत्व महत्वपूर्ण हैं और अनिवार्य हैं। संस्कृति, जातीय अस्मिता तथा परंपरा का महत्व कम नहीं है।

लोकजीवन में स्वतंत्रता, समानता, संपत्ति, अभिव्यक्ति और शोषण के विरुद्ध अधिकार अपराधी को दंड तथा पंच-पंचायत संबंधी कहानियां और कहावतों का भंडार है। लोक संस्कृति सामूहिक जीवन के सघन संबंधों में विकसित होती है। यह ध्यान रखने की बात है कि समष्टि का जो तत्व है, वह लोक संस्कृति में अधिक विकसित है। अभिजन भी है और सामान्यजन भी है और दोनों के बीच निरंतर व्यवहार और संवाद भी होता है। अभिजन संस्कृति सामान्यजन संस्कृतियों के बीच भी यह व्यवहार और संवाद होता है। अनेक सांस्कृतिक प्रक्रियाओं के परिणामस्वरूप अनेक कारकों के माध्यम से मास कल्चर अथवा जन संस्कृति उभरती है, जिसमें देशी-विदेशी, जनपदीय, प्रदेशीय, नागर, ग्राम्य, वन्य सांस्कृतिक तत्वों का समाहार होता है।

प्रत्येक व्यक्ति अपने आप में भी किसी न किसी संस्कृति का ही एक प्रतिनिधि है। सांस्कृतिक धारा की एक लहर, एक भाषा, एक परिधान, एक खानपान, एक सरीखा पश्चिम प्रेरित जीवन आरोपित करने की कोशिशें। हमला तो हमारे लोक पर ही है। सारी दुनिया को एक रंग में रंग देने की यह कोशिश भी लोक विरुद्ध है। छोटी-छोटी लोकभाषाओं और लोक संस्कृति विलुप्त हो रही



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मनुष्य और मनुष्यता की पहचान ही कौन कर रहा है? करे भी क्यों? सत्ता की राजनीति से पहचान करने में मुनाफा है।

हैं। लोक को झुठलाने के प्रयत्न हो रहे हैं। अपनी पुस्तक भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश में डॉ. रामविलास शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिस्थितियों में भारत की प्राचीन संस्कृति का अध्ययन अत्यंत प्रासंगिक है। इस संस्कृति के बारे में हमारी भ्रांतियां आज के राजनैतिक जीवन को प्रभावित करती हैं। प्राचीन संस्कृति सामंतों और पुरोहितों की रची हुई है और आज के युग में हमें इससे कुछ भी लेना-देना नहीं है, यह भाव भ्रांतिजन्य है। मोटा खाने मोटा पहनने की सादगी की जगह तड़क-भड़क की जिंदगी का आकर्षण बढ़ा।

चिकित्सा में किसी जमाने में सेवा समितियां हुआ करती थीं, धर्मार्थ चिकित्सालय होते थे। आज उसका व्यावसायीकरण हो चुका है। भूमंडलीकरण एक ऐसे विश्व समाज की परिकल्पना है, जिसमें शक्ति संपन्न लोग और अधिक शक्ति संपन्न बनें और बनते चले जाएं। भूमंडलीकरण अर्थात बाजार का साम्राज्य। भूमंडलीकरण अर्थात समाज को बाजार के रूप में परिवर्तित करने की योजना। बाजार, जिसमें हर चीज बिकाऊ है मानव संबंध भी, मनुष्य की भावना और विचार भी ब्रांड बन चुके हैं। विज्ञापनों की चकाचौंध है, दिग्भ्रम है। हजारों साल की संचित विरासत की विस्मृति है। उत्तर क्षेत्र को कॉउ-बेल्ट कहना, लोक विश्वास और लोकाचार के प्रति राजनेता का दृष्टिकोण बाजार, प्रशासन, मीडिया और बुद्धिजीवियों के दृष्टिकोण अलग-अलग हैं।

माइकल जैकसन मेडोना का आना और विचित्र व्यंजन में मदिरा, मेकअप, फैशन, वेशभूषा का प्रवेश होना। बहुजन समाज उसकी ओर ललचाए नजरों से देखता है। इससे लक्ष्य भ्रम हो जाता है। व्यावसायीकरण है और संप्रदाय करण है। लोक संस्कृति का लोक शिल्पकार ऊपर औद्योगीकरण और मशीनों का दबाव है, जैसे मिट्टी के बर्तन दलिया चटाई। देश की सार्वभौमिकता के सामने भूमंडलीकरण वाली शक्तियों पर संस्थाओं का दबाव है, लोक कल्याणकारी अवधारणाएं संकट में हैं। विकसित देशों की नकल है, आराम की जिंदगी। भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है।

मनुष्य और मनुष्यता की पहचान ही कौन कर रहा है? करे भी क्यों? सत्ता की राजनीति से पहचान करने में मुनाफा है। लोक की जिजीविषा अदम्य है, मौजूदा समय में लोक अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहा है। जैसे-मोर सैंया तो खूबै कमात हैं, महंगाई डायन खाए जात है। मनुष्य की युगयात्रा आज एक ऐसे पड़ाव पर आ पंहुची है, जहां संसार की विभिन्न संस्कृतियों का संवाद हो रहा है। जहां-जहां संबंधों में गहनता है, वहां-वहां लोक संस्कृति किसी न किसी रूप में आज भी जीवित जागरित है। परंपराएं आज भी जीवित हैं। परिवर्तन भी हो रहे हैं और निरंतरता भी बनी हुई है। दूसरी ओर अपनी जड़ों की ओर लौटो जैसे नारे भी दिए जा रहे हैं।

## सोशल फोरम

# कौन-कौन हैं वे

जो-जो सुनहरे भविष्य को बेचकर बच्चों को बर्बाद कर रहे हैं और उनके मां-बाप को लूट रहे हैं। वे कौन-कौन हैं? कोचिंग सेंटर वाले, सौ प्रतिशत रिजल्ट का झांसा देकर एयर कंडीशंड स्कूल चलाने वाले इंजीनियरिंग, एकाउंटेंसी, लॉ जैसे विशेषता के पाठ्यक्रमों के लिए मोटी फीस वसूलने वाले, 'पक्का पास कराने' के लिए पर्चा लीक का गोरखधंधा चलाने वाले, परीक्षा के समय नकल की समुचित व्यवस्था करने वाले, एक बार में सफल न हो पाए प्रतियोगियों से दोबारा फीस वसूलने वाले, इन सबको संरक्षण देकर सामाजिक प्रतिष्ठा पाने में मददगार राजनीतिज्ञ और अफसर, कानून से इन्हें आवश्यक पर्याप्त कठोर दंड न देने वाले, आत्महत्या करके जंजाल से निकल जाने वाले विद्यार्थियों का पैसा वापस न करने वाले, वगैरह-वगैरह।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

इस विराट माफिया तंत्र के मुकाबले साधनहीन, सरकारों पर निर्भर और दयनीय परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को लेकर जो सरकारी स्कूल चलते हैं, फिर भी अच्छा रिजल्ट देते हैं, उनका जयजयकार करने का मन होता है। यह कुछ-कुछ वैसा ही मुकाबला है जैसा रामचरितमानस में राम और रावण का थाः रावण रथी विरथ रघुवीरा।/ देख विभीषण भए अधीरा।।

ज्यादातर खुद सरकार संचालित विद्यालयों-विश्वविद्यालयों में पढ़कर इतने योग्य बने हैं कि वे सरकारी संस्थाओं को मटियामेट करने का अभियान चलाएं। हमारी वैदिक संस्कृति से चली प्राचीन गुरुकुल परंपरा रही हो या बौद्ध काल में विकसित तक्षशिला और नालंदा की विश्वविद्यालय परंपरा, उसमें शिक्षा माफिया की गुंजाइश नहीं थी। इसलिए जिन बच्चों के सपने टूट रहे हैं, जिनके माता-पिता खेत बेचकर बच्चे को योग्य बनाने का वहम पाले हैं, जो बच्चे असफल होने के डर से या असफल होने के बाद आत्महत्या कर रहे हैं। चाहे अतीत के आदिम साम्यवाद के आदर्श पर हों या भविष्य के काल्पनिक स्वप्न के अनुरूप वैज्ञानिक समाजवाद के आदर्श पर हो, लेकिन इस समस्या का हल निकलना चाहिए, युवाओं की जिंदगी चंद माफियाओं मुनाफे से ज्यादा कीमती है।

-फेसबुक वॉल से

# गीता के प्रथम श्लोक की व्याख्या

गीता का प्रारंभ प्रश्न से होता है। यह बात अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे जीवन में अगर कोई सबसे बड़ी चीज है तो वह है जिज्ञासा। जिज्ञासा से ही विज्ञान पैदा होता है और जिज्ञासा से ही धर्म। अगर जिज्ञासा न हो तो हमारा विकास रुक जाएगा। जैसे पशुओं का विकास रुका हुआ है। पशु जो होकर जनमता हैं, मरने के समय भी वही रहता है, लेकिन मनुष्य क्या से क्या हो जाता है। जिज्ञासा ही उसे पशुओं से अलग करती है। अगर मनुष्य को मनुष्य बनाना है तो उसे जिज्ञासा से भर देना होगा। भर देना शब्द सही नहीं है, क्योंकि मनुष्य जिज्ञासा लेकर ही पैदा होता है।

माता-पिता और शिक्षक का काम है जिज्ञासा की रक्षा करना। इसी कसौटी पर माता-पिता और गुरु को रखकर परखा जा सकता है कि वह सही है या नहीं। दुखद स्थिति है कि बच्चों की जिज्ञासा बचपन में ही मार दी जाती है। एक बार मार देने पर फिर से उसे पैदा करना बहुत कठिन होता है। जिज्ञासाएं अनेक तरह की होती हैं, जिसकी जैसी जिज्ञासा होती है, उसकी उपलब्धि भी वैसी ही होती है। धृतराष्ट्र के पास न केवल बाहरी आंखें नहीं हैं, वरन् भीतरी आंख भी नहीं है। वे मोहांध हैं। पुत्र-मोह में पड़कर उनकी न्याय बुद्धि नष्ट हो गई है। कुरुक्षेत्र में दोनों तरफ की सेनाएं लड़ने के लिए तैयार हैं। अपने पुत्र की विजय कामना से भरे धृतराष्ट्र संजय से पूछते हैं कि बताओ वहां क्या हो रहा है? श्लोक इस प्रकार है-धृतराष्ट्र उवाच धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः। मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

माता-पिता और शिक्षक का काम है जिज्ञासा की रक्षा करना। इसी कसौटी पर माता-पिता और गुरु को रखकर परखा जा सकता है कि वह सही है या नहीं।

संजय।। धृतराष्ट्र ने पूछा-हे संजय, धर्मभूमि कुरुक्षेत्र में युद्ध के लिए इकट्ठे हुए मेरे और पांडु के पुत्रों ने क्या किया? इस श्लोक के तीन शब्दों को ठीक से समझने की आवश्यकता है। वे हैं-धर्मक्षेत्र, धृतराष्ट्र और संजय। प्रश्न उठता है कि क्या धर्मक्षेत्र में युद्ध हो सकता है? अगर धर्मक्षेत्र में भी युद्ध होगा तो उसका समाधान किस क्षेत्र में होगा? जहां एक-दूसरे के खून के प्यासे दो दल मरने और मारने को आतुर हों, वह धर्मक्षेत्र नहीं हो सकता। कहा जा सकता है कि धर्मयुद्ध उस स्थल पर होने की वजह से कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कहा गया है। फिर वही प्रश्न! क्या युद्ध भी धर्म के लिए हो सकता है? धर्म है क्या? अगर धर्म आत्मज्ञान है तो क्या यह मरने-मारने से उपलब्ध होता है? बुद्ध ने किस युद्ध में आत्मज्ञान हासिल किया था? धर्म के लिए तो यह युद्ध लड़ा ही नहीं गया है। युद्ध तो स्वार्थों की टकराहट से पैदा होता है। भले किसी का स्वार्थ जायज हो और किसी का नाजायज। न्याय पाने के लिए यह युद्ध लड़ा जा रहा है। संपत्ति की हिस्सेदारी और प्रतिशोध के लिए लड़ा जा रहा है। सांसारिक चीजों के लिए युद्ध हो रहा है।

इसे धर्मयुद्ध कहना फिजूल है। धर्मयुद्ध ही नहीं तो धर्मभूमि कैसे? लेकिन कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कहा है धृतराष्ट्र ने, जो कि अंधे हैं और अंधों की धर्म की धारणा ही अलग होती है। वे तो मंदिरों, मस्जिदों, गिरिजाघरों और गुरुद्वारों में भगवान खोजते हैं। ऐसी बात भी नहीं, किसी भौतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए ही प्रायः वे वहां जाते हैं। या देखा-देखी के कारण जाते हैं। अगर शांति की खोज उन्हें होगी तो अंदर प्रवेश करना पड़ेगा। बाहर कहीं शांति है ही नहीं। जनसाधारण काबे और कैलास को धर्मक्षेत्र कहते हैं, क्योंकि कभी वहां स्थित किसी व्यक्ति के भीतर धर्म का अवतरण हुआ था। हो सकता है कि पुराने समय में कोई आध्यात्मिक घटना कुरुक्षेत्र में घटी हो और उसे धर्मक्षेत्र मान लेने की परंपरा रही हो।

धृतराष्ट्र एक साधारण मनुष्य हैं। शायद इसलिए उन्होंने प्रथा के अनुसार कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कह दिया है। मैं भी कुरुक्षेत्र धर्मक्षेत्र कहने के लिए राजी हूं, सिर्फ एक कारण से, वह कारण यह है कि वहां भगवान श्रीकृष्ण विद्यमान हैं। जहां साक्षात् भगवान विद्याज्ञान हों, वह भूमि तो धर्मभूमि हो ही जाएगी। कृष्ण को अगर धृतराष्ट्र पहचानते तो युद्ध की अनुमति वे कभी नहीं देते। इसलिए यह तो स्पष्ट है कि कृष्ण की मौजूदगी के कारण धृतराष्ट्र कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र नहीं कह रहे हैं। संजय को लेकर ऊहापोह है। नास्तिक बिना जाने कहते हैं कि यह कोरी कल्पना है। संजय जैसा आदमी नहीं हो सकता। आस्तिक भी बिना जाने कहते हैं कि यह गलत हो नहीं सकता। संजय सत्य है। ये दोनों प्रकार के लोग ज्ञान के दुश्मन हैं। बिना जाने, बिना खोजे, बिना प्रयोग किए इन दो तरह के लोगों का निष्कर्ष तैयार रहता है, लेकिन ओशो जानकर कहते हैं कि ऐसा हो सकता है। इस तरह की शक्ति थोड़े प्रयास से पाई जा सकती है। यह बहुत बड़ी शक्ति नहीं है। यह आत्मज्ञान नहीं है। यह एक मानसिक शक्ति है।

इस बात को समझाने के लिए वे अनेक तरह के वर्तमान समय में उपलब्ध उदाहरण देते हैं। उनमें से एक उदाहरण मैं यहां देना चाहूंगा। ओशो के जीवित रहते अमेरिका में एक व्यक्ति जीवित थे। उनका नाम था टेड सीरियो, जो हजारों मील की दूरी पर कुछ भी देखने में समर्थ थे। अगर न्यूयॉर्क में बैठे सीरियो को कहा जाता कि बताइए अहमदाबाद के खास मैदान में इस समय क्या हो रहा है तो वे पांच मिनट के लिए आंख बंद करेंगे और सब कुछ बता देंगे। उनकी आंखों में वहां के लोगों की तस्वीर आ जाती थी, जिसे कैमरे से अनेक बार खींचा गया था। उनका हर तरह से परीक्षण कर इस घटना को सही पाया गया था। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि संजय कोई काल्पनिक पात्र नहीं है। इस तरह की शक्ति वाला व्यक्ति उस समय अवश्य रहा होगा।

# छद्मविज्ञान ही नहीं छद्मअध्यात्म का भी बोलबाला

पढ़े-लिखे भी झांसे में आ रहे हैं। सावधान रहने की जरूरत है। कोई भी बाबा और संन्यासिन आपके दुख-दर्द को दूर नहीं कर सकते। पुरुषार्थ करिए। पुरुषार्थ सब कष्टों के निवारण का मूलमंत्र है। अपने बुद्धि पर पड़े पर्दे को हटाए। कर्म में लगिए। नहि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः। अध्ययन के प्रति लगाव है तो प्रमाणित भारतीय शास्त्रों को पढ़ने में अभिरुचि जगाएं। वे सभी बुढ़ापे के साहित्य नहीं हैं। अभी से नहीं पढ़ना शुरू करेंगे तो बाद में पल्ले नहीं पड़ेगा, क्योंकि भारतीय अध्यात्म दर्शनशास्त्र की अपनी विशिष्ट शब्दावली और अर्थ है। जैसे बिना प्रारंभिक गणित में गति के आप इसके उच्चतर स्वरूप को समझ नहीं पाएंगे। आप श्रीमद्भगवद्गीता या रामचरितमानस से अपनी अध्यात्म यात्रा शुरु कर सकते हैं। आप जब श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ेंगे तो यह बात और भी स्पष्ट होती जाएगी। वहां निरर्थक कर्मकांडों का निषेध है। 'पुष्पिताम वादिनम' वाले लोभी भविष्यदर्शियों से सावधान किया गया है। आपकी अपनी निजी आत्मिक उन्नति आप स्वयं के चिंतन से पा सकते हैं और रामचरित मानस में तो धर्म के नाम पर पाखंड फैलाने को बहुत दुत्कारा है। किंतु यह कितना दुखद है कि एक विशाल आध्यात्मिक वाङ्मय से समृद्ध भारत की एक बड़ी जनसंख्या मूढ़ बनकर पाखंडी, ढकोसलेबाज बाबाओं के पीछे भाग रही है। उनकी चरण रज लेने के लिए आत्मोसर्ग कर रही है और कैसे पापी हैं वे बाबा लोग जो निज रज स्पर्श का आह्वान करते हैं। उनकी चरण रज? माई फुट। वे तुलसीदास के गुरु सदृश भला हैं, जिनके लिए रामचरित मानस की प्रस्तावना में ही संत कवि कहते हैं - बंदऊ गुरु पद पदुम परागा सुरुचि सुवास सरस अनुरागा। एक तुलसी के आराध्य, प्रातः वंदनीय गुरु और आज के स्वयंभू ये अक्ल से पैदल और सूटबूट के बाबा जो अपना चरण रज बांट रहे हैं। ओह यह विद्रूप। चेतो भारत चेतो! उठो कर्म प्रधान बनों। स्वयं के सिवा कोई और मददगार नहीं है आपका। सारे बाबा आपको ठग रहे और खुद ऐयाशी कर रहे हैं। उनके किए कुछ नहीं होता। अपने दिमाग से पर्दे हटाएं। मूर्खतामूलक आस्था में बंद पड़े चक्षुओं को खोलकर देखिए, ज्ञानचक्षु तभी खुलेंगे। अन्यथा हाथरस हादसे होते रहेंगे।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

## बाइक सवार को कुचलते हुए बेकाबू डंपर घर में घुसा, एक की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बाइक सवार को कुचलते हुए बेकाबू डंपर घर में घुस गया। दुर्घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य पांच लोग चपेट में आने से बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना के बाद जुटी भीड़ ने हंगामा कर जाम लगा दिया। पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत किया।

मूंढापांडे के नरखेड़ा निवासी जुनैद बाइक से मंगलवार तड़के दलपतपुर से आम खरीदने जा रहे थे। दलपतपुर-अलीगंज रोड पर गांव वीरपुर थान के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जुनैद को कुचलते हुए बेकाबू डंपर सड़क किनारे बने तस्लीम के घर में घुस गया।जुनैद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य डंपर की चपेट में आने बुरी तरह जख्मी हो गए। डंपर का चालक व हेल्पर मौके से फरार हो गए। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत किया। क्षतिग्रस्त बाइक व डंपर को कब्जे में लिया है। मूंढापांडे थाना प्रभारी निरीक्षक रामप्रसाद वर्मा ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। डंपर स्वामी की पहचान की जा रही है।

# आजम खां के हमसफर रिसोर्ट पर चली जेसीबी, कब्जा ढहाया

## खाद के गड्ढों की 0.038 हेक्टेयर भूमि को कराया कब्जा मुक्त

रामपुर कार्यालय

**अमृत विचार :** मंगलवार की सुबह प्रशासनिक अधिकारी पुलिस बल के साथ पूर्व मंत्री आजम खां के हमसफर रिसोर्ट पहुंचे और सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया। अधिकारियों ने सरकारी जमीन पर बनी दीवार को जेसीबी से गिराकर कब्जा मुक्त करा लिया। इस दौरान सपा के नेता भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने बिना लाल निशान लगाए रिसोर्ट की दीवार और इमारत को ध्वस्त कर दिया है।

सपा के शासन में कोतवाली थाना क्षेत्र के पसियापुरा गांव में पूर्व मंत्री आजम खां ने मंत्री पद पर रहते हुए इस हम सफर रिसोर्ट का निर्माण कराया गया था। यह आजम खां की पत्नी पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम खां के नाम पर है। भाजपा सरकार में आजम खां और उनके परिवार की घेराबंदी शुरू हो गई थी। उनके खिलाफ सरकारी जमीनों को कब्जाने के मुकदमे दर्ज किए गए थे। कुछ मामलों में पूर्व सांसद डॉ.तजीन फात्मा और अब्दुल्ला आजम खां भी शामिल हैं। कुछ समय पहले प्रशासन ने तहसीलदार सदर की कोर्ट में वाद दायर किया था। इसमें कहा गया था कि रिसोर्ट में खाद के गड्ढों की 0.038 हेक्टेयर जमीन है। इसकी गाटा संख्या 164 है। करीब तीन घंटे तक यह कार्रवाई चली। इस दौरान एसडीएम मोनिका सिंह के अलावा प्रशासन के कर्मचारी मौजूद रहे। कब्जा ढहाने के बाद भी कोतवाली प्रभारी पवनवीर सिंह राणा समेत फोर्स तैनात रहा।



● रिसोर्ट के आसपास भारी संख्या में तैनात रही पुलिस

"हमसफर रिसोर्ट से खाद के गड्ढों की सरकारी जमीन को मुक्त कराने का कार्य सराहनीय है। किंतु, यह काम काफी समय पूर्व हो जाना चाहिए था। लेकिन अधिकारी गहरी नींद में सोते रहे। अब उम्मीद है कि अधिकारी आजम खां द्वारा कब्जाई गईं अन्य जमीनों को भी मुक्त कराएंगे।
–आकाश सक्सेना, शहर विधायक

### 29 जून को भेजा नोटिस 5 जुलाई को मिला

पूर्व सपा जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि प्रशासन ने डाक के माध्यम से डॉ. तजीन फात्मा को नोटिस भेजा था, जो पांच जुलाई को मिला। जबकि, नोटिस 29 जून को भेजा गया था। नोटिस में कहा गया था कि सात दिन में कब्जा हटा लें। डॉ. तजीन फात्मा ने कहा कि सात दिन का वक्त मिला है सामान हटा लेंगे। लेकिन, प्रशासन ने 29 जून से समय सीमा शुरू कर दी। पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन ने हमसफर रिसोर्ट तोड़ने के लिए कोई निशान नहीं लगाए और इमारत तथा दीवार को तोड़ दी।

# राणा के दूसरे भाई गौरीशंकर का भी आत्मसमर्पण

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए दिनदहाड़े दो घंटे तक गोलीबारी कराकर शहर को दहला देने के आरोपी राजीव राणा के भाई गौरीशंकर ने भी मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया।

पुलिस ने यहां से उसे थाना इज्जतनगर ले जाकर पूछताछ की और फिर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पीलीभीत बाईपास पर करीब 15 करोड़ कीमत के प्लॉट पर टाइल्स कारोबारी आदित्य उपाध्याय काबिज था। इसी प्लॉट पर कब्जे के लिए राजीव राणा के पक्ष ने किराए के बदमाशों के साथ 22 जून की सुबह दो घंटे तक गोलीबारी की थी। आदित्य उपाध्याय पक्ष ने भी जवाबी फायरिंग की। इसके बाद राजीव राणा के सिटी स्टार होटल, घर, ऑफिस और आदित्य उपाध्याय के सांवरिया लॉन नाम के बरातघर पर बुलडोजर चलवा दिया था। इस मामले में अब तक 32 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। गौरीशंकर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

दोपहर एक बजे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे गौरीशंकर ने आत्मसमर्पण करने के बाद पुलिस को बताया कि उसने गोलीकांड के बाद प्रयागराज और लखनऊ में शरण ली थी। हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका भी दायर की लेकिन सोमवार को हाईकोर्ट ने उसकी अर्जी निरस्त कर दी। इस मामले में रफत उर्फ बाबा, इरफान, चांद मियां समेत 23 आरोपी अब भी फरार हैं।

गोलीकांड में फरार 25 हजार के इनामी गौरीशंकर को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, फिर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अब तक 32 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। फरार 23 आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।
– **अनीता चौहान**, क्षेत्राधिकारी तृतीय

## मकान मालिक का खून से लथपथ शव मिला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर कॉलोनी निवासी बलविंदर सिंह(55) ट्रांसपोर्टर थे। वह मकान की दूसरी मंजिल पर और नीचे एक सिपाही तथा अन्य किराएदार रहते हैं। मंगलवार की शाम को छह बजे लोदीपुर का अनुज उनके मकान पर ई-रिक्शा चार्जिंग करने के लिए गया। वह दूसरी मंजिल पर गया तो देखा कि बलविंदर के सिर में पीछे की तरफ चोट थी और वह जमीन पर पड़े कराह रहे थे। उसने सिपाही को बताया । इसक बाद वह दोबारा ऊपर गया तो बलविंदर पानी मांग रहे थे। उसके पानी पिलाते ही उन्होंने दम तोड़ दिया। बताते हैं कि वह पूरे दिन शराब के नशे में रहते थे। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों से जानकारी करने के अधिकारियों को सूचना दी। एसपी अशोक कुमार मीणा, एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सिटी सौम्या पांडे पहुंची। एसपी ने ई-रिक्शा चालक तथा सिपाही से जानकारी जुटाई। इधर मृतक की दामाद तथा बेटी रात आठ बजे घर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि मृतक के परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई और मामले की जांच की जा रही।

# 100 मीटर बह गई रेल पटरी



मैलानी–पलिया रेल मार्ग पर बह गई रेल लाइन।

लखीमपुर खीरी कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले की पलिया, निघासन में शारदा, मोहाना और धौरहरा में घाघरा नदी का रौंद रूप मंगलवार को भी जारी रहा। लगातार बढ़ रहे पानी की चपेट में आकर करीब 146 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। पलिया-भीरा के मध्य 100 मीटर से अधिक रेल पटरी कट गई है।

पलिया नगर के मोहल्लों में करीब तीन फुट बाढ़ का पानी भरा हुआ है। इससे पलिया की करीब 60 हजार आबादी प्रभावित हुई है। पलिया नगर टापू बनकर रह गया है। शारदा और घाघरा नदी की विभीषिका से 146 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। करीब 1200 एकड़ फसल पानी में डूब गई है। इससे जिले की करीब 2 लाख से अधिक की आबादी प्रभावित है। हालत यह है कि पलिया नगर में लोग नाव का सहारा ले रहे हैं। प्रशासन के बाढ़ से निपटने के इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। शारदा नदी में बाढ़ के कारण पलिया-निघासन रोड़ पर मिलिनिया गांव के पास रोड पर पानी का प्रवाह बढ़ गया है। नानपारा रेल प्रखंड पर पलिया भीरा के मध्य लगभग 100 मीटर तक शारदा की तेज धार ने रेल पटरी काट दी है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि थाना मझगई पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी स्थानीय लोगों की मदद के लिए मौजूद है। स्थानीय पुलिस व यातायात पुलिस को डायवर्जन के लिए लगाया गया है। फूलबेहड़ की ग्राम पंचायत जंगल नंबर 11 के साथ ही बिरहा, सुतिया, धोबियाना, शंकरपुर, गूम आदि जलमग्न हैं।

# लीड लगाकर जा रहे युवक की ट्रेन से कटकर मौत

शाहजहांपुर कार्यालय

**अमृत विचार :** हरदोई जिले के थाना शाहाबाद के गांव बरौनिया निवासी अमन कुमार(20) पुत्र जीवन लाल के ताऊ नंद किशोर सेहरामऊ दक्षिणी थाना के गांव ददऊ में रहते है। अमन पंजाब में काम करता था, जो 15 दिन पहले वहां से आया था।

सोमवार की दोपहर अमन ताऊ के घर आया था क्योकि उसके ताऊ को भी पंजाब जाना था। दोपहर उसके ताऊ ने पंजाब जाने के लिए सामान तैयार कर लिया। शाम सात बजे अमन ने ताऊ से कहा कि मंगलवार की शाम चलेंगे।आज का कार्यक्रम निरस्त हो गया। इस पर अमन शाम सात बजे मोबाइल की लीड कान में लगाकर गाने सुनते हुए रेल लाइन की तरफ चला गया। उसके घर से रेल लाइन सौ मीटर की दूरी पर है। बताते है कि डाउन लाइन के किनारे कान में लीड लगाकर अमन मोबाइल से गाने सुन रहा था। लखनऊ की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गया। खबर सुनकर परिवार वाले रेलवे लाइन के किनारे पहुंचे। परिवार वाले घायल अमन को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोबाइल की लीड उसके कानों में लगी हुई थी और कुछ दूरी पर मोबाइल पड़ा हुआ था। एसओ रोहित सिंह पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था।

## बाढ़ में लबालब तालाब में डूबने से युवक की मौत

**पीलीभीत,अमृत विचार:** घर से सिंघाड़े की बेल देखने जाने की बात कहकर निकला युवक तालाब में डूब गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनिया के रहने वाले धर्मपाल (40) पुत्र मुन्नालाल खेती करते थे। मंगलवार सुबह करीब दस बजे वह घर से ये कहकर निकले थे कि सिंघाड़े की बेल देखने जा रहे हैं। बता दें कि जमुनिया और पटपुरा के पास के तालाब में उनकी सिंघाड़े की बेल थी। पानी के तेज बहाव के चलते सिंघाड़े की बेल नष्ट हो गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं आए। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे कुछ ग्रामीणों की नजर तालाब में उतराते शव पर पड़ी। शव मिलने का शोर मचा तो भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

# रबड़ फैक्ट्री प्रकरण में पिछली दो तारीखों पर नहीं हो पाई सुनवाई

बरेली कार्यालय

● प्रदेश सरकार के महाधिवक्ता की सेवानिवृत्ति के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट में रुकी पैरवी

● एसएंडसी यूनियन के आग्रह के बाद मीरगंज विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** सरकार की ओर से महाधिवक्ता की नियुक्ति न किए जाने की वजह से फतेहगंज पश्चिमी में करीब 25 साल से बंद पड़ी रबड़ फैक्ट्री की जमीन पर मालिकाना हक के केस में बॉम्बे हाईकोर्ट में पिछली दो तारीखों पर सुनवाई नहीं हो सकी है। मंगलवार को एस एंड सी कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधिमंडल के आग्रह करने के बाद मीरगंज विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस केस में पैरवी कराने का आग्रह किया है।

फैक्ट्री बंद होने के बाद बेरोजगार हुए 1432 कर्मचारियों के बकाए के भुगतान के लिए संघर्षरत एसएंडसी कर्मचारी यूनियन के महासचिव अशोक कुमार मिश्रा के मुताबिक बॉम्बे हाईकोर्ट में चल रहे केस में सरकार की ओर से महाधिवक्ता अनिल सिंह और अधिवक्ता रमेश पाटिल पैरवी कर रहे थे, लेकिन महाधिवक्ता अब सेवानिवृत्त हो गए हैं। महाधिवक्ता न होने की वजह से दो बार केस की सुनवाई टल चुकी है। इस लेटलतीफी से कर्मचारियों कता नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि केस में पैरवी कराने के लिए जिला प्रशासन ने भी कई बार पत्र लिखा है, लेकिन उसका कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।

मंगलवार को यूनियन का प्रतिनिधिमंडल मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा से मिला। उन्हें बताया कि बॉम्बे हाईकोर्ट में सरकार की ओर से पैरवी न होने से नुकसान हो सकता है। एसएंडसी कर्मचारी यूनियन के महासचिव ने बताया कि विधायक डीसी वर्मा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर महाधिवक्ता और अधिवक्ता को केस में पैरवी करने का निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

प्रतिनिधि मंडल में अशोक मिश्रा के अलावा, प्रदीप रस्तोगी, अजय भटनागर, संत प्रकाश शर्मा, हैदर नबी, आनंद प्रकाश, गुड्डू, सत्येंद्र सिंह, विवेक सिंह, रामपाल, मदनलाल आदि लोग मौजूद रहे।



## कार्यालय : खण्ड शिक्षा अधिकारी - मीरगंज, बरेली

पत्रांक : बी.आर.सी./नीलामी/162–168/2024–25 दिनांक : 09.07.2024

### कार्यालय ज्ञाप

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक–एस.एस.ए./निर्माण/4642–47/2023–24 दिनांक 15.12.2023 एवं अपर मुख्य सचिव उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या 885/68–05/2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग 05 दिनांक 03 सितम्बर 2020 के अनुपालन में विकासखण्ड–मीरगंज के पत्र के साथ संलग्न सूची में अंकित 09 विद्यालय जिनकी इमारत जर्जर है की नीलामी सम्बन्धित विद्यालय पर सम्बन्धित विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा होना नियत है। नीलामी विवरण निम्नवत है–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | भवन की स्थिति | न्यूनतम बोली की धनराशि | धरोहर की धनराशि | नीलामी का दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रा.वि. खुदागंज | जर्जर | 102593.35 | 10259.35 | दिनांक – 11.07.2024 समय– प्रात: 10 बजे |
| 2 | उच्च प्रा.वि. संजरपुर | जर्जर | 123071.99 | 12307.199 | |
| 3 | सं.वि. गहवरा | जर्जर | 131971.43 | 13197.143 | |
| 4 | प्रा.वि. पहाड़पुर | जर्जर | 108936.29 | 10893.629 | |
| 5 | प्रा.वि. भैरपुरा | जर्जर | 147297.58 | 14729.758 | |
| 6 | प्रा.वि. खमरिया आज़मपुर | जर्जर | 139182.73 | 13918.273 | |
| 7 | सं.वि. सिंधौली (बालिका) | जर्जर | 182710.12 | 18271.012 | |
| 8 | प्रा.वि. नरखेड़ा | जर्जर | 45545.70 | 4554.57 | |
| 9 | प्रा.वि. गौसगंज | जर्जर | 77285.00 | 77285.00 | |

**नीलामी हेतु नियम व शर्तें**

1. नीलामी में कोई भी व्यक्ति/फर्म नीलामी के दिनांक को कॉलम 5 में अंकित धनराशि नगद में जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है।
2. कोई भी व्यक्ति/फर्म एक या अधिक या समस्त विद्यालयों की नीलामी में भी प्रतिभाग कर सकता है।
3. अधिकतम बोलीदाता को उसी अथवा अगले कार्यदिवसों में बोली की समस्त धनराशि विद्यालय के प्रबंध समिति खातों में जमा करनी होगी। जमा की पुष्टि उपरान्त ध्वस्तीकरण का आदेश दिया जायेगा।
4. निर्धारित समय में बोली की धनराशि जमा न करने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी तथा पुन: नीलामी की जाएगी।
5. नीलामी से पूर्व बोलीदाता जर्जर विद्यालय भवन को किसी भी कार्य दिवस में भौतिक रूप से देख लें जिससे वे भौतिक रूप से जर्जर भवन की जानकारी प्राप्त कर सकें।
6. ध्वस्तीकरण आदेश जारी होने के 15 दिवस के अन्दर जर्जर भवन को ध्वस्त कर अवशेष मलवे को हटाना होगा। अवशेष मलवे को स्वयं के श्रम एवं व्यय राशि से नींव सहित हटाना होगा।
7. असफल बोलीदाता की धरोहर राशि नीलामी उपरान्त वापस कर दी जाएगी।
8. नीलामी प्रक्रिया विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से की जाएगी।
9. किसी विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय ही अंतिम एवं मान्य होगा।
10. किसी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद बरेली होगा।

नोट– उपरोक्त सभी नीलामी वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/इं. प्रधानाध्यापक अपने स्तर से नीलामी के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत स्तर से नीलामी के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत स्तर पर डुग्गी/मुनादी कराते हुए व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को ससमय नीलामी की सूचना दें।

**राजेश कुमार**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**मीरगंज, बरेली।**

## प्रा.वि. कोठा मक्खन वि.खं. भदपुरा, बरेली

**नीलामी सूचना**

अपर मुख्य सचिव उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या–885/68–5/2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 दिनांक 03.09.2020 तथा अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंता विभाग प्रखंड–बरेली के पत्रांक 2504/ग्रा.अ.वि./कैंप/जीर्ण भवन तथा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक एस.एस.ए./निर्माण– 3395/3405/2023–24 दिनांक 25.10.2023 के अनुपालन में प्राथमिक विद्यालय के जर्जर कक्ष की नीलामी 12.07.24 दिन शुक्रवार को प्रात: 11 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोलीदाता को बोली से पूर्व धरोहर धनराशि 10000 रू. जमा करनी होगी। नीलामी की शेष शर्ते विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है। बोलीदाता का पंजीकरण नीलामी दिनांक को ही 10 बजे प्रात: को 10:30 तक होगा। बोलीदाता अपना आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लेकर आयें।

**तेजपाल–(अध्यक्ष)** **मनोहर सिंह–(सचिव)**
**विद्यालय प्रबंध समिति प्राथमिक विद्यालय कोठा मक्खन वि.खं. भदपुरा, बरेली**

## क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज तथा चिट्स 193 ए. सिविल लाइन्स बरेली

पत्रांक : 567-I दिनांक : 27.06.2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नेतराम उर्फ राजेश कुमार पुत्र श्री रामस्वरूप के द्वारा अध्यक्ष की हैसियत, रामकथा वाचक प्रबन्ध समिति, पता– ग्राम रिछा, पोस्ट भुता, तहसील फरीदपुर, बरेली पिन–243503 के ऑनलाईन पंजीकरण हेतु सोसा. रजि. अधि. 1860 के अन्तर्गत ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये हैं :–

| क्र.सं. | नाम पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | श्री नेतराम उर्फ राजेश कुमार पुत्र श्री रामस्वरूप | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अजीत अवस्थी पुत्र श्री हरदेव अवस्थी | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री केशव कुमार पाण्डेय पुत्र श्री राजेश पाण्डेय | सचिव |
| 4. | श्री देवेश पाण्डेय पुत्र श्री ओम नारायण | कोषाध्यक्ष |
| 5. | श्रीमती सीमा देवी पत्नी श्री केशव कुमार पाण्डेय | सदस्य |
| 6. | श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री ओम नारायण | सदस्य |
| 7. | श्री ओम नारायण पुत्र श्री राजेश पाण्डेय | सदस्य |

पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजों साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. अधि. 1860 की धारा 3(1) के "परन्तुक" के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कनकपुरी, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024–25 दिनांक 09.07.2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कनकपुरी, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, एस.एल.डब्ल्यू.एम. तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण, आर.आर.सी. निर्माण, ई–रिक्शा क्रय एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत घर बाउंड्रीवॉल, हैण्ड पम्प मरम्मत, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 11.07.2024 को प्रात: 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 11.07.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे खोली जायेगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**प्रधान–श्रीमती मुन्नी देवी** **सचिव–सत्य प्रकाश**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अभयपुर महमूदपुर, वि.क्षं. दमखोदा बहेड़ी, बरेली

### निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अभयपुर महमूदपुर की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पंचम/15वां वित्त आयोग आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाइल्स, आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 10.07.2024 से दिनांक 14.07.2024 सायं 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 15.07.2024 को अपरान्ह 2 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | मान सिंह के घर से स्कूल तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 4.5 लाख | पंचम/15वां वित्त आयोग |
| 2 | चाँद बाबू के घर से राजेन्द्र के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 4.5 लाख | ,, |
| 3 | राजेश के मकान से ज्ञान प्रकाश के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 2 लाख | ,, |
| 4 | कोमिल के घर से रामबाबू के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 2 लाख | ,, |
| 5 | शंकर लाल के मकान से मोहन लाल के मकान तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य | 2 लाख | ,, |
| 6 | छोटे खां के घर से मुकेश ठाकुर के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 4.5 लाख | ,, |
| 7 | पंडित जी के पीपल से प्रमोद के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 1.5 लाख | ,, |
| 8 | अभयपुर में देवस्थान से साबिर के मकान तक सी.सी. व नाली/इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 10 लाख | मनरेगा |
| 9 | मुकेश के खोखा से गोरा नालों की पुलिया तक नाला निर्माण कार्य | 5 लाख | मनरेगा |

**ग्राम प्रधान–श्रीमती कुसुमा देवी** **सचिव–श्री हरेन्द्र सिंह मतौलिया**

**Format C-7**
(For political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011).

**Name of Political Party:** Bharatiya Janata Party
***Name of Election:** Bye Elections to the Legislative Council of Uttar Pradesh - 2024
**Name of State/UT:** Uttar Pradesh

(1) Name of the Constituency - Bye Elections to the Legislative Council of Uttar Pradesh - 2024
Name of the Candidate - Bahoranlal Maurya

| Sl No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Criminal antecedents | | |
| (i) | a. | Nature of the offences | 188, 269, 171(B), 171 IPC, 3 Epidemic Act 1897, 51 Disaster Management Act 2005 & 123(1) Representation of the People Act. |
| | b. | Case No. | FIR No.- 17/2022 |
| | c. | Name of the Court | ACJM-III, MPMLA Court, Bareilly. |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | Not Applicable |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Not Applicable |
| 2 | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | He is a Ex. MLA, further his name is forwarded by District unit of the party. His name is forwarded on the basis of merit, his social work and popularity in the constituency. |
| 3 | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | He has been implicated in the case due to political rivalry. He is a Ex. MLA and has been strongly associated and is extremly popular in this constituency hence he has been preferred over the other candidates. |

(2) Name of the Constituency - Bye Elections to the Legislative Council of Uttar Pradesh - 2024
Name of the Candidate - Bahoranlal Maurya

* In the case os election to Counsil of States or States or election to Legislative Counsil by MLAs, mention the election concerned in Place of name of Constituency.

Akhilesh Awasthi
अखिलेश कुमार अवस्थी
प्रदेश संयोजक
चुनाव आयोग सम्पर्क विभाग
भारतीय जनता पार्टी, उ0प्र0
मो. नं. 9335910881

Signature of office bearer of the Political Party
Name and designation - Akhilesh Kumar Awasthi, State Convenor, Chunav Ayog Sampark Vibhag, BJP, U.P.

## कार्यालय ग्राम पंचायत पंडरी, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024–25 दिनांक 09.07.2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पंडरी, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, एस.एल.डब्ल्यू.एम. तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण, आर.आर.सी. निर्माण, ई–रिक्शा क्रय एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत घर बाउंड्रीवॉल, हैण्ड पम्प मरम्मत, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 11.07.2024 को प्रात: 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 11.07.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे खोली जायेगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**प्रधान–श्रीमती फरमीद** **सचिव–सत्य प्रकाश**

## कार्यालय ग्राम पंचायत परेवा, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024–25 दिनांक 09.07.2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परेवा, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, एस.एल.डब्ल्यू.एम. तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण, आर.आर.सी. निर्माण, ई–रिक्शा क्रय एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत घर बाउंड्रीवॉल, हैण्ड पम्प मरम्मत, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 11.07.2024 को प्रात: 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 11.07.2024 को सायं 4:00 बजे खोली जायेगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**प्रधान–श्रीमती आयशा बी** **सचिव–सत्य प्रकाश**

# ई-डिस्ट्रिक्ट पर होगा 3.10 करोड़ ग्रामीण परिवारों का ब्योरा

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के 3.10 करोड़ ग्रामीण परिवारों का ब्योरा यानी परिवार रजिस्टर राज्य सरकार की ई-डिस्ट्रिक्ट साइट पर होगा। पंचायती राज विभाग ने बांदा, गाजीपुर, बहराइच, इटावा व मेरठ में डिजिटलाइजेशन का पायलट प्रोजेक्ट पूरा करने के बाद फेज-1 के 35 जिलों में प्रक्रिया शुरू कर दी है। पहले चरण में 1.45 करोड़ परिवार का विवरण रजिस्टर की बजाय खसरा, खतौनी, आय, जाति, निवासी की तरह ई-डिस्ट्रिक्ट साइट से डाउनलोड करके निकाला जा सकेगा। इसके लिए विभाग ने पोर्टल तैयार करके परीक्षण शुरू कर दिया है। अगस्त से साइट पर एप्लीकेशन यानी प्रक्रिया के विकल्प जोड़कर एक माह के अंदर 35 जिलों के हर ग्रामीण परिवार का ब्योरा स्कैन करके ऑनलाइन किया जाएगा।

**पहले चरण के ये 35 जिले शामिल :** लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी,चित्रकूट, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सहारनपुर, शामली आदि शामिल हैं।

# आयोजनकर्ताओं में बीएसएफ का एक जवान भी था शामिल

## पुलिस कर रही जांच, अधिकतर आरोपियों के फोन स्विच ऑफ

**हाथरस हादसा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जवान ने आयोजन के लिए 15 हजार रुपये दान किए
- घटना से जुड़े 125 लोगों को भेजा नोटिस, पूछताछ के लिए बुलाया



**अमृत विचार :** हाथरस घटना के आरोपियों में एक सेना के जवान का नाम भी सामने आया है। पता चला है कि जवान पंजाब में बीएसएफ में तैनात है और आयोजनकर्ताओं की लिस्ट में 40वें नंबर पर दर्ज है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं पुलिस के सामने सबसे बड़ा संकट यह है कि अधिकतर आरोपियों के फोन स्विच ऑफ हैं और तलाश के दौरान मिल भी नहीं रहे हैं। जिन 11 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनमें से दो को रिमांड पर लेने के लिए पुलिस ने न्यायालय में आवेदन कर दिया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक आयोजनकर्ताओं की सूची में जिस मोहित कुमार का नाम दर्ज है, वह बीएसएफ का जवान है और पंजाब में तैनात है। बताया जा रहा है कि उसका नाम आयोजनकर्ताओं की सूची में 40वें नंबर पर दर्ज है। यह भी पता चला कि उसने 15 हजार रुपए चंदे के रूप में भी दिए थे। यह भी जानकारी मिल रही है कि जिन 11 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है, उसमें से तीन आरोपी ऐसे हैं, जिनका नाम आयोजनकर्ता की सूची में नहीं है।

### महाकुंभ में ढोंगी बाबाओं का बहिष्कार करेगा अखाड़ा परिषद

**प्रयागराज, अमृत विचार :** हाथरस कांड के बाद अखाड़ा परिषद ने ढोंगी बाबाओं के खिलाफ मुहिम छेड़ दी है। परिषद ने नारायण सरकार उर्फ भोले बाबा को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। अखाड़ा परिषद की ओर से यह निर्णय किया गया है कि इस बार महाकुंभ में ढोंग करने वाले बाबाओं को मेले में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके लिए अखाड़ा परिषद ने सूची तैयार करना शुरू कर दी है। मुद्दे को लेकर 13 अखाड़ों ने बैठक भी की है। अखाड़ा परिषद के लोगों का कहना है कि हाथरस में हुई भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत के बाद अखाड़ा परिषद ने बड़ा फैसला लिया है। ढोंगी बाबाओं ने धर्म और आस्था के नाम पर खिलवाड़ और खुद को ईश्वर समझने वालो को अब सबक सिखाने का वक्त आ गया है।

# चारागाह की जमीन पर बना आश्रम, जांच शुरू

- राजस्व टीम ने शुरू की जांच-पड़ताल, डीएम को भेजी जाएगी रिपोर्ट

**बिधनू (कानपुर), अमृत विचार:** हाथरस भगदड़ में एक सैकड़ा से अधिक लोगों के मारे जाने के बाद चर्चा में आए करसुई के नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के आश्रम की जांच शुरू हो गई है, जिससे जल्द ही शिकंजा कसने की संभावना है। बताते हैं कि 14 बीघे में फैला आश्रम चारागाह और गरीबों को आवंटित पट्टे की भूमि पर बना है। राजस्व विभाग अपनी जांच पूरी कर जल्द ही रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजेगा। बिधनू से पांच किलोमीटर दूर किसान नगर रोड पर करसुई गांव में स्थित नारायण साकार विश्वहरि उर्फ भोले बाबा का आलीशान आश्रम है, जो 14 बीघे क्षेत्रफल में फैला है। सड़क के किनारे जिस जमीन पर आश्रम बना है, उसकी राजस्व विभाग ने जांच शुरू कर दी है। बताते हैं कि यह आश्रम चारागाह और गांव के गरीबों को आवंटित पट्टे की जमीन पर बना है, जिसकी शुरुआती जांच में पुष्टि हो गई है।

## खबरें कोर्ट रूम से...

# एएसआई सर्वे की मांग पर मस्जिद कमेटी से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**ज्ञानवापी मामला**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के भीतर वुजुखाना क्षेत्र की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी करके पूछा है कि सर्वे क्यों न कराया जाए। मस्जिद कमेटी को 11 दिनों के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने मामले को एक महत्वपूर्ण मामले के रूप में मानते हुए अगली सुनवाई आगामी 14 अगस्त को निर्धारित की है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने वाराणसी जिला न्यायाधीश के 21 अक्टूबर 2023 के आदेश को चुनौती देने वाली राखी सिंह द्वारा दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। दरअसल 21 अक्टूबर के आदेश में जिला न्यायाधीश ने एएसआई को ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर वुजुखाना क्षेत्र का सर्वेक्षण करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया था।

### अधिवक्ता आज न्यायिक कार्य से रहेंगे विरत

**प्रयागराज, अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं को परेशान करने वाले कुछ मुद्दों, विशेष रूप से बार के प्रति कुछ न्यायाधीशों के आचरण को लेकर चिंता जताई है। इसके अलावा अधिवक्ताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के भी कई मामले सामने आए हैं। मंगलवार को बार एसोसिएशन की बैठक के बाद बुधवार को अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता अनिल तिवारी और सचिव विक्रांत पांडेय ने की। संगठन के पदाधिकारियों ने वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करते हुए कहा कि वर्तमान स्थिति न्याय प्रशासन को नुकसान पहुंचा रही है। मौजूदा समस्याओं के बारे में मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है।

### संविधान में किसी अन्य की धर्मांतरण की अनुमति नहीं

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धर्मांतरण से जुड़े मामले में कहा कि भारत का संविधान अपने नागरिकों को अपने धर्म को स्वतंत्र रूप से मानने, आचरण करने और उसका प्रचार करने का मौलिक अधिकार देता है, लेकिन यह किसी भी नागरिक को किसी अन्य नागरिक के धर्म परिवर्तन की अनुमति नहीं देता है। अंतरात्मा और धर्म की स्वतंत्रता के व्यक्तिगत अधिकार को धर्मांतरण के सामूहिक अधिकार के रूप में नहीं समझा जा सकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने श्रीनिवास राव की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

### अशरफ के गुर्गे सद्दाम की जमानत पर सुनवाई टली

**प्रयागराज, अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अतीक अहमद के छोटे भाई अशरफ के करीबी सद्दाम की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए पाया कि ट्रायल कोर्ट के दस्तावेज अभी रिकॉर्ड पर उपलब्ध नहीं है। अतः सरकारी अधिवक्ता ने मामले को आगे के लिए स्थगित करने का अनुरोध किया, जिस पर कोर्ट ने मामले को आगामी 11 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। हालांकि याची की ओर से जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया गया है। मालूम हो कि बरेली जेल में निरुद्ध रहने के दौरान कुख्यात गैंगस्टर अशरफ से रोजाना उसके करीबी लल्लागद्दी व सद्दाम मिलने आते थे, जिन्हें गैर कानूनी ढंग से जेल के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत द्वारा अशरफ से मिलवाया जाता था।

# सेवानिवृत्ति परिलाभ कर्मचारी का अधिकार

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्ति परिलाभों के भुगतान में लगातार बरती जाने वाली लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति परिलाभ एक कर्मचारी का अधिकार है और उसे उसके अधिकारों से वंचित करना संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन माना जाएगा। उक्त टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकलपीठ ने क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक, उच्चतर माध्यमिक (लेखा एवं पेंशन), बरेली को इस आदेश से दो माह की अवधि के भीतर याची शौकत अली खान के सभी सेवानिवृत्ति बकायों का भुगतान करने का निर्देश दिया है। दरअसल, याची को शुरू में अस्थायी आधार पर गांधी फैज-ए-आम कॉलेज, शाहजहांपुर में रसायन विज्ञान विभाग में डेमोंस्ट्रेटर के रूप में नियुक्त किया गया था। उसी के साथ दो अन्य व्यक्ति भी नियुक्त किए गए थे। शिक्षा निदेशक ने तीनों डेमोंस्ट्रेटरस् के वेतन भुगतान के संबंध में कुछ आपत्ति जताई थी।

## सार-संक्षेप

### हाईस्कूल-इंटर की मेरिट से मिलेगा जीएनएम में दाखिला

**लखनऊ, अमृत विचार :** नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केंद्रों में चल रहे नर्सिंग एंड मिडवाइफरी( जीएनएम ) में इस वर्ष दाखिला लेने के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होगी, पूर्व की भांति इंटर में प्राप्त अंकों के आधार पर एडमिशन मिलेगा। राज्य सरकार ने, केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया लागू करने का निर्णय वापस ले लिया है। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता ने उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव को आदेश जारी किया है। उन्होंने आदेश में स्पष्ट किया है कि केन्द्रीकृत प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया में, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय ने जीएनएम में प्रवेश के लिए परीक्षा की तिथि 28 जुलाई 2024 निर्धारित थी, जिसकी वजह से सत्र समय से अर्थात 1 अगस्त से नहीं चालू हो पा रहा था, सत्र देर से शुरू होने पर छात्रों की होने वाली दिक्कतों को मद्देनजर केन्द्रीकृत प्रवेश परीक्षा और काउंसिलिंग प्रक्रिया स्थगित करते हुए, दाखिले की प्रक्रिया पूर्व की भांति यथावत जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

### पीडब्ल्यूडी में 20 अधीक्षण अभियंताओं का स्थानांतरण

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग में मंगलवार को 20 अधीक्षण अभियंताओं को स्थानांतरित किया गया। इनमें आठ ऐसे जिन्हें प्रोन्नति के बाद नई तैनाती दी गई है। नव प्रोन्नत कैलाश कुमार सिंह को बदायूं पीलीभीत वृत्त, प्रभात कुमार चौधरी को 31वां वृत्त सेतु लोनिवि मुख्यालय और आईजीएस वृत्त लखनऊ मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार, सनत कुमार ऋषि को कन्नौज फर्रुखाबाद वृत्त, मनीष वर्मा को बुलंदशहर वृत्त, प्रवीण कुमार को वाराणसी वृत्त, ओंकार भारतीय को राष्ट्रीय मार्ग वृत्त प्रयागराज, प्रकाश चंद्र को बरेली वृत्त तथा नव प्रोन्नत मृगेंद्र कुमार अनिल को पीएमजीएसवाई वृत्त आगरा में अधीक्षण अभियंता के पद पर तैनाती दी गई है।

### सीएसआर फंड से हो रहा प्राइमरी स्कूलों का कायाकल्प

**लखनऊ, अमृत विचार :** बड़ी-बड़ी निजी कंपनियां अपने सीएसआर फंड से प्राइमरी विद्यालयों का कायाकल्प कर रहीं हैं। टाटा की एयर इंडिया (एआई) सैट्स द्वारा महाराजगंज में दो प्राइमरी विद्यालयों को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस कर दिया है। तैयार हो चुके स्कूल में किचन से लेकर क्लासरूम, स्मार्ट क्लास तक की सभी सुविधाएं किसी नामी निजी स्कूल की तर्ज पर बनाई गई हैं। महाराजगंज के दो प्राइमरी स्कूलों के लिए एआई सैट्स ने जिला प्रशासन को 45 लाख रुपए मुहैया कराए हैं। इससे चौक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय सोनाड़ी खास व प्राथमिक विद्यालय चौक छावनी को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। कंप्यूटर, इंट्रैक्टिव पैनल, स्मार्ट क्लास, फर्नीचर आदि सुविधा मुहैया कराकर दोनों विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया गया है।

### भदोही: जुलूस में फलस्तीनी झंडा लहराया, एक गिरफ्तार

**भदोही, एजेंसी :** औराई थाना क्षेत्र में मुहर्रम का चांद दिखने पर निकाले गए जुलूस में फलस्तीन का झंडा लहराने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने दो नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। औराई थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सच्चिदानंद पांडेय ने बताया कि रविवार रात कुछ युवकों ने बिना अनुमति के राष्ट्रीय राजमार्ग पर माधोसिंह इलाके में जुलूस निकाला, जिसमें फलस्तीन के झंडे लेकर नारेबाजी की गई। पांडेय के मुताबिक, सोमवार को जुलूस का एक वीडियो वायरल होने के बाद जांच में साहिल उर्फ बादशाह और गोरख नाम के युवकों सहित कुछ अन्य के फलस्तीनी झंडा लहराने की बात सामने आई।

### बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** डेढ़ वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी को नोएडा पुलिस ने 12 घंटे के अंदर मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरोपी के पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। एडीसीपी के मुताबिक नोएडा सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सदरपुर में करीब डेढ़ वर्ष की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के संबंध में सोमवार को मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद उक्त घटना में वांछित आरोपी उदयवीर को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की गई।

# हज 2025 के संबंध में सर्कुलर जारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** हज कमेटी ऑफ़ इंडिया ने हज-2025 के सम्बन्ध में सर्कुलर जारी कर दिया है। हज व उमराह मंत्रालय सऊदी अरब सरकार की ओर से मिली सूचना के बाद भारतीय दूतावास रियाद की तरफ से हज-2025 के लिए जल्दी शुरू किये जाने का निर्देश जारी किया गया है। हज कमेटी ऑफ़ इंडिया मुम्बई ने अपनी वेबसाइट http://hajconnittee.gov.in पर हज-2025 के सन्दर्भ में सर्कुलर जारी कर बताया है कि जुलाई 2024 के अंत में या अगस्त के पहले हफ्ते में हज-2025 की घोषणा कर दी जाएगी। हज पर जाने के इच्छुक मशीन पर पढ़े जाने योग्य अपना पासपोर्ट तैयार रखें। पासपोर्ट की वैधता 15 जनवरी 2026 तक समाप्त हो रही है वह अपना पासपोर्ट तैयार रखें।

# बहराइच: बंदर के साथ रील बनाई, छह नर्सें निलंबित

संवाददाता, बहराइच



- बहराइच के महिला जिला अस्पताल का मामला

**अमृत विचार :** महिला अस्पताल में ड्यूटी के दौरान बंदर के साथ खेलने वाली छह स्टाफ नर्सों को मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मंगलवार को निलंबित कर दिया।

सूत्रों के अनुसार बहराइच मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महिला जिला अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में स्टाफ नर्स अंजली, आंचल शुक्ला, किरन सिंह, प्रिया, पूनम पांडे और संध्या सिंह की तैनाती है। इन सभी ने 5 जुलाई को ड्यूटी के दौरान महिला अस्पताल में बंदर को कपड़े पहना कर रील बनाया। इसके बाद रील को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। रील की वीडियो प्राचार्य डॉ. संजय खत्री के पास पहुंची, जिस पर उन्होंने सभी स्टाफ नर्सों को निलंबित कर दिया है। प्राचार्य का कहना है कि इससे मेडिकल कॉलेज की छवि खराब हुई है। प्राचार्य ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी को निलंबित कर दिया है। साथ ही सभी के विरुद्ध विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं।

# बिहार जा रही बस का अमेठी में एक्सीडेंट, 5 लोगों की मौत

संवाददाता, अमेठी

- पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बाजार शुकुल क्षेत्र में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों से भरी निजी बस अज्ञात वाहन से टकराकर पलट गई। हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हो गए। बस 50 यात्रियों को लेकर दिल्ली से बिहार के सीवान जा रही थी। हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। वहीं डीएम निशा अनंत, एसपी अनूप सिंह, सीएमओ अंशुमान सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिए।

पुलिस के अनुसार मंगलवार की भोर अमेठी जिले से गुजर रही पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 68.8 पर दिल्ली से सीवान जा रही बस अज्ञात वाहन में पीछे से जा भिड़ी। चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी बाजार शुकुल पहुंचाया, जहां से तीन घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### हरदोई में झोपड़ी पर बस पलटी, 4 की मौत

**हरदोई।** सवारियों को लेकर जा रही बस बिल्हौर-कटरा हाईवे पर माधौगंज मार्ग पर पेड़ के नीचे चारपाई पर बैठे लोगों को रौंदते हुए झोपड़ी पर पलट गई, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और 6 लोग जख्मी हो गए। जानकारी होने पर डीएम मंगला प्रसाद, एसपी केशव गोस्वामी मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे। टीम ने बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। झोपड़ी पर गिरी बस को जेसीबी की मदद से हटाया गया। बस में 30 लोग सवार थे। मृतक आयशा (45), हसाना (75), सूफियान (25), ननकी (62) आपस में रिश्तेदार थे।

# निहारिका वेंचर्स के एमडी की तलाश में पड़े छापे

**लखनऊ, अमृत विचार:** 400 करोड़ के घोटेले के आरोपी निहारिका वेंचर्स कंपनी के एमडी अभिषेक द्विवेदी एवं उनकी पत्नी की तलाश में प्रयागराज पुलिस ने लखनऊ एवं नोएडा में एक साथ छापा मारा। इसके अलावा पुलिस ने लखनऊ, दिल्ली, नोएडा, कौशांबी, प्रतापगढ़ जिलों के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भी अभिषेक द्विवेदी को लेकर सूचनाएं भेजी हैं। उधर, एमडी अभिषेक और निहारिका की नामी-बेनामी संपत्ति की सूची तैयार कर अब उसे कुर्क करने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। इस मामले में अब तक पुलिस अभिषेक द्विवेदी के पिता और उसकी सास को जेल भेज चुकी है। पति-पत्नी फरार हैं। रिश्तेदारों से पूछताछ और लोकेशन के आधार पर इससे पहले प्रतापगढ़, बनारस, लखनऊ में छापेमारी हुई थी।

# बारिश के दौरान बज्रपात से तीन लोगों की मौत

कौशांबी, एजेंसी। पश्चिम शरीरा क्षेत्र में मंगलवार को बारिश के दौरान बिजली गिरने की घटनाओं में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। उप जिलाधिकारी आकाश सिंह ने बताया कि पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के लोधन का पुरवा गांव निवासी रानी देवी (19) तथा शिवाकांत (12) खेत में धान की रोपाई कर रहे थे कि इसी दौरान बारिश होने लगी, तभी गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से रानी देवी तथा शिवाकांत की मौके पर ही मौत हो गई। इसी थाना क्षेत्र के धवाडा गांव निवासी उर्मिला देवी (40) एवं कौशल्या देवी अन्य महिलाओं के साथ खेत में धान की रोपाई कर रही थी कि इसी दौरान वे आकाशीय बिजली की चपेट में आ गईं। इस घटना में उर्मिला देवी की मौके पर ही मौत हो गई।

## वर्ग पहेली-126

**बाएं से दाएं**

1. वह स्थान या बाज़ार जहां फलों का क्रय-विक्रय होता है।

3. 1. चलताऊ, मोटे तौर पर 2. जल्दी में, स्थूल रूप से 3. बिना गंभीरता के।

5. 1. नाके पर रहने वाला पहरेदार 2. नाके का अधिकारी।

7. 1. एक बलवान और हिंसक जानवर, शेर, केशरी, मृगेंद्र 2. बारह राशियों में से पांचवीं राशि 3. जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी का चिह्न 4. वास्तुकला में उक्त प्रकार की आकृति

8. अकस्मात, सहसा, अचानक, यकायक, एकदम।

**ऊपर से नीचे**

2. मंद-मंद चलने वाली हवा, बयार, सुखद प्रतीत होने वाली वायु; मंदसमीरण।

4. 1. पहाड़ की तराई में होने वाला एक वृक्ष 2. उक्त वृक्ष पर लगने वाला खट्टा-मीठा फल जिसका अचार भी बनाया जाता है।

6. एक प्रकार का मसाला जो प्रसूता को दिया जाता है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 3 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 4 |
| 5 | 6 | | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 7 | |
| 8 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -125 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जा | दू | ■ | 2 तु | ■ | ■ |
| गी | ■ | ■ | षा | ■ | ■ |
| र | ■ | 3 ऐ | रा | प | 4 ति |
| ■ | 5 प | ■ | पा | ■ | बा |
| 6 क | सा | फ़ | त | ■ | रा |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 ब | ना | व | टी | ■ | ■ |

## सुडोकू -39

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | 6 | | 9 |
| | | 7 | | | | | 2 | |
| 2 | | 9 | | 5 | 3 | | | 8 |
| | 9 | | 1 | | | 2 | | 6 |
| | 2 | 1 | | | | 5 | 7 | |
| 3 | | 5 | | | 4 | | 8 | |
| 7 | | | 8 | 9 | | 1 | | 5 |
| | 1 | | | | | 3 | | |
| 4 | 5 | | | | | | 9 | |

### सुडोकू -38 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 9 | 1 | 5 | 7 | 3 | 2 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 5 | 9 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 1 | 7 | 2 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 07 .51 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष:** आज आप अपने कुछ कामों को लेकर प्लानिंग करेंगे। व्यवसाय में आप किसी परिवर्तन को बनते दिख रहे हैं। तालमेल बनाने की आवश्यकता रहेगी। प्रेमीजन की मूल भावनाओं को समझने का प्रयास करें।

**वृष:** आज समाज में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संपर्क बनेंगे। आपको किसी विशेष व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा,जो बिजनेस में आपकी मदद करेगा। माता-पिता का व्यवहार स्नेहमय रहेगा।

**मिथुन:** आज अविवाहित लोगों को विवाह संबंधित शुभ समाचार मिलेगा। समाज में आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना होगी। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। बिजनेस में आप अपने कामों को लेकर किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क:** आज आपको किसी विशेष काम को करने का मौका मिलेगा और आप अपनी आय को बढ़ाने के स्रोतों पर पूरा ध्यान देंगे। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। दांपत्य जीवन में सुख सहयोग में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज परस्पर तालमेल में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा। पर्यटन स्थल अथवा तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। आपको किसी नए काम की शुरुआत करने में कुछ समस्याएं आएंगी।

**कन्या:** आज आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है। किसी नए वाहन के खरीदारी करना अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा निर्णय सोच समझकर करें। आध्यात्मिक कार्यों में अभिरुचि बढ़ेगी। ईश्वर के प्रति आस्था में वृद्धि होगी।

**तुला:** आज किसी अतिथि के आने से परिवार में खुशियों का संचार होगा। सामाजिक कार्य में आपकी कार्यशैली सराहनीय रहेगी। नए सहयोगी बनेंगे। व्यवसाय में आप कोई नया निर्णय बहुत ही सोच विचार कर लें।

**वृश्चिक:** आज भाई-बहनों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में सहभागिता करने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन हो सकता है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को एक नई पहचान मिलेगी।


**धनु:** आज आपको अपनी पुरानी गलतियों से सबक लेना होगा। संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा। किसी पुराने रिश्तेदार से यकायक भेंट हो सकती है,जिससे आपको बेहद खुशी होगी। प्रेस संबंध में प्रगाढ़ता आएगी।

**मकर:** आज किसी अनजान व्यक्ति से अचानक घनिष्ठता न बढ़ाएं। सोच समझकर संबंधों को आगे बढ़ाएं। मित्रों के साथ मनोरंजन का लुफ्त उठाएंगे। आपको किसी नए वाहन की खरीदारी करने अच्छा रहेगा। मन में प्रसन्नता बढ़ेगी।

**कुंभ:** आज कारोबार में कोई बड़ी डील हो सकती है। पारिवारिक दायित्व को निभाने की कोशिश करेंगे। संतान सुख में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से भेंट होगी। सामाजिक कार्यों में अरुचि रहेगी। आपको किसी अपरिचित व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में आप कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं। यदि आप पार्टनरशिप में कोई बिजनेस करेंगे तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। छात्रों को पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। शेयर मार्केट में निवेश सोच विचार कर करें।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।

चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृतिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मघा 10 .15 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कौन करे कुर्बानी — सुबह : 11 .44
- घातक — शाम : 05 .23

&pictures
- एंटरटेनमेंट — सुबह :10 .39
- चुप — रात : 08 .00

SONY PIX
- जस्टिस लीग — दोपहर : 12 .43
- जर्नी 2 — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- अखंडा — सुबह : 11 .30
- ड्रीम गर्ल — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
- खूबसूरत — सुबह : 09 .52
- हम तुम्हारे हैं सनम — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दामाद अपने ससुराल में गुरुजी का प्रवचन सुनने गया।
गुरुजी बोले- जो स्वर्ग जाना चाहता है, वह अपना हाथ ऊपर करो।
उसकी सास और बीवी ने हाथ उठाया, मगर दामाद ने नहीं उठाया।
गुरुजी ने दामाद से पूछा - क्या तुम स्वर्ग नहीं जाना चाहते?
उसने जवाब दिया- बस ये दोनों चली जाएं तो मेरे लिए यहीं स्वर्ग बन जाएगा।

एक बार टिल्लू डॉक्टर के पास गया
डॉक्टर - कौन सा ग्रुप है आपका?
टिल्लू- जी नादान परिंदे।
डॉक्टर - ब्लड ग्रुप पूछ रहा हूं, 'व्हाटसएप के कीड़े'।

## खेल डायरी



### सिराज को आवासीय भूखंड और नौकरी देगी सरकार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंथ रेड्डी ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की प्रशंसा करते हुए मंगलवार को इस क्रिकेटर को आवासीय भूखंड और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। भारत की टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे सिराज पिछले सप्ताह अपने गृह नगर हैदराबाद पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री ने उनको सम्मानित किया तथा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन की तारीफ की। उन्होंने अधिकारियों को हैदराबाद या आसपास के इलाकों में सिराज के लिए उपयुक्त आवासीय भूखंड की पहचान करने और इस क्रिकेटर को सरकारी नौकरी देने के निर्देश भी दिए।

### पीसीबी ने कर्स्टन और गिलेस्पी को खुली छूट दी: सूत्र

**लाहौर।** टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी को टीम की किस्मत बदलने के लिए खुली छूट दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए विश्व कप के ग्रुप चरण में अमेरिका की नई नवेली टीम के अलावा भारत से हारकर सुपर आठ चरण में जगह बनाने में नाकाम रहा था। नकवी ने सीमित ओवरों के प्रारूप और टेस्ट टीम के कोच से मुलाकात की। इस दौरान कर्स्टन और गिलेस्पी ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपनी योजनाएं साझा कीं। पीसीबी के अनुसार नकवी ने दोनों कोचों से कहा कि उन्हें उन पर पूरा भरोसा है और उन्हें बोर्ड से समर्थन मिलेगा। सूत्र ने कहा, कर्स्टन ने विश्व कप के आधार पर सफेद गेंद की टीम के बारे में अपनी चिंताओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया।

### गुकेश के लिए बेहतर प्रदर्शन का मौका गुजराती को वाइल्डकार्ड

**जगरेब (क्रोएशिया)।** विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश के पास ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग में अपना प्रदर्शन सुधारने का मौका है जबकि विदित गुजराती वाइल्ड कार्ड के जरिये उनसे जुड़ेंगे। गुकेश का सामना विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में 20 नवंबर को चीन के डिंग लिरेन से होगा। गुकेश का प्रदर्शन क्लासिकल प्रारूप में बेहतरीन रहा है लेकिन तेज रफ्तार वाले प्रारूप में वह लय नहीं बना सके हैं। विश्व चैंपियनशिप में मुकाबला टाईरहने पर रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज के तेज समय नियंत्रण में मुकाबले खेले जाएंगे।

### हॉकी इंडिया साउथ जोन चैंपियनशिप 10 से आंध्र प्रदेश में होगी शुरू

**नई दिल्ली।** दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला साउथ जोन चैंपियनशिप 10 से 17 जुलाई तक आंध्र प्रदेश के कडप्पा में आयोजित की जाएगी। इस टूर्नामेंट में कुल छह टीमें हिस्सा लेंगी। पुरुष वर्ग में प्रतिस्पर्धी टीमों में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी कर्नाटक, केरल हॉकी, हॉकी आंध्र प्रदेश, ले पुडुचेरी हॉकी और तेलंगाना हॉकी शामिल हैं। महिला वर्ग में टीमें कर्नाटक, यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना हॉकी और ले पुडुचेरी हॉकी की टीमे हिस्सा लेंगी। दोनों वर्गों में प्रतियोगिता राउंड-रॉबिन प्रारूप के अनुसार होगी जिसमें शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी।

### चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने को तैयार हैं वॉर्नर

**सिडनी।** डेविड वॉर्नर ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को खत्म हुआ अध्याय करार दिया लेकिन कहा कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में उन्हें जगह मिलती है तो वह देश के लिए फिर से खेलने के लिए तैयार होंगे। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पाकिस्तान में फरवरी-मार्च के महीने में होने की संभावना है और ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि वॉर्नर उनके आपातकालीन विकल्प होंगे। वॉर्नर ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप जीतने के बाद वनडे से संन्यास ले लिया था, जबकि उनका आखिरी टेस्ट जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ था। उन्होंने आखिरी टी-20 24 जून को भारत के खिलाफ खेला था। वॉर्नर ने इंस्टाग्राम पर लिखा अध्याय खत्म। इतने लंबे समय तक शीर्ष स्तर पर खेलना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है।

### मैत्री मैच में म्यांमार ने भारत को 1-2 से हराया

**यांगून (म्यांमार)।** विन थेइंगी तुन और सान थाव थाव के गोल से म्यांमार की महिला फुटबॉल टीम ने मंगलवार को यहां मैत्री मैच में भारत को 2-1 से शिकस्त दी। दोनों टीमें पांच साल के अंतराल पर एक-दूसरे का सामना कर रही थी। भारतीय घरेलू फुटबॉल में ओडिशा एफसी का प्रतिनिधित्व करने वाली थेइंगी तुन ने मैच के 14वें मिनट में गोल कर म्यांमा को बढ़त दिला दी। क्लब टीम की उनकी साथी प्यारी खाखा ने 58वें मिनट में गोल कर भारत की वापसी कराई। भारतीय टीम हालांकि म्यांमार को बढ़त लेने से ज्यादा देर नहीं रोक सकी। मे थेट मोन माइंट की फ्री किक को थाव थाव ने मैच के 74वें मिनट में गोल में बदल दिया। म्यांमार के खिलाफ छह मैचों में यह भारत की पांचवीं हार है। दोनों टीमों के बीच दूसरा मैत्री मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा।

# बुमराह और मंधाना चुने गए प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, एजेंसी



भारत की पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार से नवाजा गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि जून महीने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को यह पुरस्कार दिया गया है।

यह पहली बार है जब एक ही देश महिला और पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों ने एक ही महीने में यह पुरस्कार जीते हैं। बुमराह ने भारतीट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के रहमानुल्लाह गुरबाज को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है।

जसप्रीत बुमराह ने टी-20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ मैचों में 4.17 की औसत से गेंदबाजी की और 15 विकेट झटके थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी नवाजा गया था। इसके अलावा एनरिक नोटर्जे ने भी टूर्नामेंट में 9 मैच में 15 विकेट झटके। सबसे ज्यादा 17-17 विकेट संयुक्त रूप से अफगानिस्तान फजलहक फारूकी और भारत अर्शदीप सिंह ने लिए थे।

### सूर्यकुमार यादव पत्नी के साथ पहुंचे उडुपी मंदिर

**उडुपी (कर्नाटक)।** भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पत्नी दिविशा शेट्टी के साथ मंगलवार को उडुपी जिले के कापू मारिगुडी मंदिर गए और टी20 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर विशेष पूजा की। सूर्यकुमार और दिविशा सोमवार को मेंगलुरु पहुंचे थे। उन्होंने हवाई अड्डे पर ही केक काटकर अपनी शादी की आठवीं सालगिरह मनाई थी। दिविशा मूल रूप से दक्षिण कन्नड़ के तटीय क्षेत्र की रहने वाली है। मंदिर के अधिकारियों के अनुसार दिविशा ने भारत के टी-20 विश्व कप जीतने पर अपने पति के साथ कापू मारिगुडी मंदिर जाने का संकल्प लिया था। सूर्यकुमार और दिविशा ने देवी कापू मरियम्मा को माला चढ़ाई और परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान दिविशा को तुलु भाषा में बात करते देखा गया।

# पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ी दिखाएंगे दम : मोदी

मॉस्को, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टी-20 विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए मंगलवार को विश्वास जताया कि पेरिस ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने युवाओं के आत्मविश्वास को भारत की असली पूंजी करार दिया और कहा कि यही युवा शक्ति देश को 21वीं सदी की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सबसे बड़ा सामर्थ्य रखती है।

प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि निश्चित तौर पर उन्होंने भी भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 विश्व कप क्रिकेट का फाइनल मुकाबला देखा होगा और जीत का जश्न भी मनाया होगा। विश्व कप जीतने की असली कहानी जीत की यात्रा भी है। आज का युवा और आज का युवा भारत आखिरी बॉल तक और आखिरी पल तक हार नहीं मानता है और विजय उन्हीं के चरण चूमती है जो हार मानने को तैयार नहीं होते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भावना सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है बल्कि दूसरे खेलों में भी दिख रही है। उन्होंने कहा कि इस बार पेरिस ओलंपिक में भी भारत की तरफ से एक शानदार टीम भेजी जा रही है। आप देखिएगा, पूरी टीम... सारे खिलाड़ी कैसे अपना दम दिखाएंगे। भारत की युवा शक्ति का यही आत्मविश्वास भारत की असली पूंजी है और यही युवा शक्ति भारत को 21वीं सदी की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सबसे बड़ा सामर्थ्य रखती है।

# खाली हाथ विदा हुई मेहमान दक्षिण अफ्रीका टीम

## एकतरफा जीत से टी-20 श्रृंखला की बराबर, भारतीय महिलाओं ने जीती थी टेस्ट और वनडे सीरीज

चेन्नई, एजेंसी



पूजा वस्त्राकर

पूजा वस्त्राकर और राधा यादव की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने तीसरे और अंतिम महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 55 गेंद शेष रहते हुए 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

तेज गेंदबाज वस्त्राकर (13 रन पर चार विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए चार जबकि बाएं हाथ की स्पिनर राधा (छह रन पर तीन विकेट) ने तीन विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 17.1 ओवर में 84 रन पर ढेर हो गई। भारत ने 10.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 88 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। स्मृति मंधाना 40 गेंद पर 54 रन और शेफाली वर्मा 25 गेंद पर 27 रन बनाकर नाबाद रही। मंधाना ने अयोबांगा खाका पर दो चौके लगाकर शुरुआत की। दोनों भारतीय बल्लेबाजों ने सहजता से रन बटोरे। भारत में पावर प्ले में 40 रन बनाए। इसके बाद मंधाना दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजों पर पूरी तरह हावी हो गई। मंधाना ने नेदिन डि क्लर्क पर दो चौके और विजयी छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया।





तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला 1-1 से बराबर करने के बाद ट्रॉफी के साथ भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीमें। ● एजेंसी

इससे पहले भारत की तरफ से वस्त्राकर और राधा के अलावा अरुंधति रेड्डी (14 रन पर एक विकेट), श्रेयंका पाटिल (19 रन पर एक विकेट) और दीप्ति शर्मा (20 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से सलामी बल्लेबाज तेजमिन ब्रिट्स (20) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाई।

भारत ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को बल्लेबाजी का न्योता दिया। जिसमें कप्तान लॉरा वोलवार्ट (09) और मारिजेन कैप (10) के विकेट गंवाकर पावर प्ले में 39 रन जोड़े। वोलवार्ट ने पहले ही ओवर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में छह हजार रन पूरे किए। ब्रिट्स ऑफ स्पिनर दीप्ति की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में हवा में शॉट खेल गईं और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। एनेके बॉश और क्लो ट्रॉयोन ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने 10वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। वस्त्राकर ने बॉश (17) को पगबाधा करके दक्षिण अफ्रीका को चौथा झटका दिया। दो गेंद बाद नेदिन डि क्लर्क (00) भी पूजा की गेंद विकेटों पर खेल गईं जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर पांच विकेट पर 61 रन हो गया। राधा ने एनेरी डर्कसेन (02), सिनालो (08) और नोनकुलुलेको (00) को आउट किया जबकि अरुंधति ने ट्रॉयोन (08) की पारी का अंत किया। वस्त्राकर ने एलिज मारी मार्क्स (07) को विकेटकीपर उमा छेत्री के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका की पारी का अंत किया।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने पहला मैच 12 रन से जीता था जबकि दूसरा मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था। भारत ने इससे पहले वनडे श्रृंखला में 3-0 से जीत दर्ज करने के अलावा एकमात्र टेस्ट मैच भी अपने नाम किया था। भारतीय महिला टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए मेहमान टीम को खाली हाथ ही घर वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका :** 84/10, 17.1 ओवर। तेजमिन ब्रिट्स 20, लॉरा वोलवार्ट 9, मारिजेन कैप 10। **विकेट :** पूजा 4, राधा 3, दीप्ति 1, श्रेयंका 1।

**भारत :** 88। 10.5 ओवर। मंधाना 54, शेफाली वर्मा 27।


# जायसवाल के बल्लेबाजी क्रम पर फोकस

हरारे, एजेंसी

- जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी-20 में सलामी जोड़ी में हो सकता है बदलाव मध्यक्रम में जुड़ सकते हैं नए नाम

टी-20 विश्व कप विजेता खिलाड़ियों की वापसी के साथ जिम्बाब्वे के खिलाफ बुधवार को तीसरे टी-20 मैच में भारतीय टीम के लिए यशस्वी जायसवाल और अभिषेक शर्मा में से एक का चयन काफी मुश्किल होगा। जायसवाल, संजू सैमसन और शिवम दुबे टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे। उनकी वापसी से टीम मजबूत हुई है जिसने दूसरे मैच में 100 रन से जीत दर्ज करके श्रृंखला में वापसी की थी।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने दूसरे मैच में 46 गेंद में शतक लगाया। वैसे भारत की पहली पसंद की टी-20 टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज होने के कारण जायसवाल का शुभमन गिल के साथ पारी की शुरूआत का दावा पुख्ता लगता है। जायसवाल ने 17 टी-20 मैचों में एक शतक



और चार अर्धशतकों के साथ 161 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। वैसे ऐसा होता नहीं है कि एक यादगार पारी खेलने के बाद बल्लेबाज को अगले मैच में बाहर किया जाए। वैसे गिल अंडर 14 दिनों के सबसे अच्छे दोस्त के साथ नाइंसाफी होने नहीं देंगे। ऐसे में दो खब्बू बल्लेबाजों में से एक को बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरना होगा।

### मैच : शाम 4: 30 बजे

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा, रूतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, मुकेश कुमार, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, खलील अहमद, तुषार देशपांडे।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया , क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स , एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा ।

# भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के नए कोच बने गौतम गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी

- गंभीर की नियुक्ति पर बीसीसीआई सचिव बोले- विश्वास है वह भारत को और आगे ले जाएंगे



विश्व कप विजेता टीम के सलामी बल्लेबाज रहे गौतम गंभीर को मंगलवार को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे जिन्होंने भारत की टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा मैं गौतम गंभीर का भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हुए बेहद प्रसन्न हूं। आधुनिक समय में क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते परिदृश्य को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में विभिन्न भूमिकाओं में कड़ी मेहनत करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श व्यक्ति हैं।

टीम इंडिया के लिए उनका स्पष्ट दृष्टिकोण उनके अपार अनुभव के साथ मिलकर उन्हें इस रोमांचक और सबसे अधिक मांग वाली कोचिंग भूमिका को संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार करता है। इस नए सफर पर निकलने के लिए बीसीसीआई उनका पूरा समर्थन करता है।

# नीदरलैंड को हराकर फाइनल में जाना चाहेगा इंग्लैंड

**यूरो कप 2024**

डोर्टमंड (जर्मनी), एजेंसी



इंग्लैंड बुधवार को यहां दूसरे सेमीफाइनल में जब नीदरलैंड से भिड़ेगा तो उसकी नजरें लगातार दूसरे यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के फाइनल में जगह बनाने पर टिकी होंगी। पहला सेमीफाइनल मंगलवार को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा। फाइनल रविवार को होना है। क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड और नीदरलैंड दोनों ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी।

इंग्लैंड ने निर्धारित और अतिरिक्त समय में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद स्विट्जरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराया था जबकि नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था। नीदरलैंड के खिलाफ हालांकि इंग्लैंड की राह आसान नहीं होगी। टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेलने वाली टीमों में नीदरलैंड की रैंकिंग सबसे बेहतर है। इंग्लैंड ग्रुप चरण में सर्बिया, डेनमार्क और स्लोवेनिया के खिलाफ खेला था जबकि नॉकआउट मुकाबलों में उसकी भिड़ंत स्लोवाकिया और स्विट्जरलैंड के साथ हुई। इंग्लैंड अब तक बाएं छोर से कीरन ट्रिपर पर निर्भर रहा है जबकि स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच में ल्यूक शॉ फरवरी में चोटिल होने के बाद पहली बार अंतर्राष्ट्रीय मैच में उतरे। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट को फैसला करना होगा कि वह पिछले मैच में निलंबित मार्क गुही की जगह खेले एजरी कोन्सा को फिर मौका देते हैं या फिर गुही का निलंबन खत्म होने के बाद उनकी वापसी कराते हैं। स्विट्जरलैंड के खिलाफ अतिरिक्त समय में ऐंठन के कारण हैरी केन के बाहर होने के बाद इंग्लैंड के कप्तान की फिटनेस पर भी नजरें रहेंगी। नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन के अपनी शुरुआती एकादश में लगातार तीसरे मैच में कोई बदलाव नहीं करने की उम्मीद है। मेम्फिस डेपाय, कोडी गेप्को और स्टीवन बर्गविन की जोड़ी मैच में शुरुआत कर सकती है।

### कोपा के सेमीफाइनल में खेलेंगे मेसी : स्कालोनी

**न्यू जर्सी।** अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने कहा कि टीम के कप्तान लियोनेल मेसी कनाडा के खिलाफ कोपा अमेरिका टूर्नामेंट के मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल के लिए फिट है। सकालोनी ने कहा लियो ठीक है और कल वह खेल का हिस्सा होगा। उन्होंने कहा वह खेलने के लिए फिट है और हम इसे लेकर सहज हैं। जब उनसे पूछा गया कि अगर मेसी स्पष्ट रूप से फिटनेस की कमी के बावजूद खुद को उपलब्ध कराते हैं तो वह क्या करेंगे। स्कालोनी ने कहा, यह बहुत आसान है क्योंकि 99 प्रतिशत समय ऐसा ही होता है वह खेलने के लिए तैयार है। टीम के मुख्य कोच ने कहा, इसका मुझ पर कभी कोई असर नहीं होगा, क्योंकि मैं जानता हूँ कि वह हमें क्या दे सकता है, भले ही वह अनुकूल परिस्थितियों में न हो। उल्लेखनीय है कि 37 वर्षीय मेसी मांसपेसियों की समस्या के कारण पेरू पर अर्जेंटीना की 2-0 की जीत के अंतिम ग्रुप मैच में नहीं खेल पाए थे। वह इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टरफाइनल के लिए शुरुआती 11 मिनट में वापस आ गए यह मैच अर्जेंटीना ने पेनल्टी पर जीता लिया था।



# क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जोकोविच

लंदन, एजेंसी

सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच विंबलडन राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में हूटिंग के बीच अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के होल्गर रूण को सीधे सेटों में हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए है।

सोमवार को जोकोविच ने दो घंटे और तीन मिनट तक चले मुकाबले में 15वीं वरीयता प्राप्त रूण को 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। सात बार के चैंपियन जोकोविच क्वार्टरफाइनल में दुनिया के नौ नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर से भिड़ेंगे। मैच के बाद जोकोविच ने कहा मुझे पता है कि वे रूण के लिए चीयर कर रहे थे, लेकिन यह हूटिंग करने का एक बहाना है। उन्होंने कहा कि मुझे सभी तरकीबें पता हैं। मैंने इससे कहीं ज्यादा शत्रुतापूर्ण माहौल में खेला है। आप लोग मुझे छू नहीं सकते।

वहीं एक अन्य मुकाबले में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी करते हुए जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टरफाइनल में फ्रिट्ज का मुकाबला 25वीं वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा।



डेनमार्क के होल्गर रूण के खिलाफ मैच में शॉट खेलते जोकोविच। ● एजेंसी

### मेदवेदेव से हारे सिनर, बाहर

**लंदन।** शीर्ष वरीय यानिक सिनर को दानिल मेदवेदेव ने पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मंगलवार को विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए सिनर को 6-7 (7), 6-4, 7-6 (4), 2-6, 6-3 से हराया। सिनर के इस मुकाबले के दौरान अपने ट्रेनर से उपचार लेना पड़ा और वह तीसरे सेट में कोर्ट से चले गए थे। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि सिनर को क्या हुआ था। लॉकर रूम में जाने से पहले उनकी हृदय गति की जांच भी की गई। इटली का यह 22 वर्षीय खिलाड़ी लगभग 10 मिनट बाद वापस लौटा और फिर से खेलना शुरू किया।

### डोना सेमीफाइनल में

**लंदन।** क्रोएशिया की 28 वर्षीय खिलाड़ी डोना वेकिच ने मंगलवार को यहां विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में तीन सेट तक चले मुकाबले में लुलु सन को हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वेकिच ने न्यूजीलैंड की क्वालीफायर सन को 5-7, 6-4, 6-1 से हराया। वह किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में 43वीं बार भाग ले रही है। वेकिच विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली क्रोएशिया की दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### अमेरिका में भारतीय छात्र की डूबने से मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के ट्राइन विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे 25 वर्षीय एक भारतीय छात्र की न्यूयॉर्क राज्य के अल्बानी में एक झरने में डूबने से मौत हो गई। यहां भारत के वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी। साई सूर्या अविनाश गड्डे की 7 जुलाई को यहां से करीब 240 किलोमीटर उत्तर में अल्बानी के बार्बरविले फॉल्स के पास गया था। दूतावास ने कहा कि हम अविनाश की मौत से बहुत दुखी हैं। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा हम शोक संतप्त परिवार एवं मित्रों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

### उड़ान भरने के बाद विमान का पहिया निकला

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में यूनाइटेड एयरलाइंस के बोइंग जेट विमान का पहिया सोमवार को उड़ान भरते समय निकल गया। हालांकि, बाद में विमान को डेनवर में सुरक्षित उतार लिया गया। विमानन कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। लॉस एंजिलिस में विमान का पहिया बरामद कर लिया गया है।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन 23 शव बरामद

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर सोने की एक अवैध खदान में भूस्खलन के बाद बचावकर्मी मंगलवार को मलबा हटाकर लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। इस हादसे में कम से कम 23 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रांतीय खोज एवं बचाव कार्यालय के प्रमुख हेरियांतो ने बताया कि दूरस्थ और पर्वतीय गांव बोन बोलांगो में रविवार को 100 से अधिक ग्रामीण सोने के लिए खुदाई कर रहे थे, तभी आसपास के पर्वतों से कई टन मिट्टी गिरी, जिससे उनके अस्थायी शिविर दब गए।

### कैलिफोर्निया में 42 प्रतिशत स्टार्टअप प्रवासियों ने शुरू किए

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने चंदा जुटाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में प्रमुख भारतीय अमेरिकियों के एक समूह से कहा कि कैलिफोर्निया में 42 प्रतिशत स्टार्टअप प्रवासियों द्वारा शुरू किए गए और इस प्रांत की सफलता में इनका उल्लेखनीय योगदान है। डेमोक्रेटिक पार्टी के वरिष्ठ नेता न्यूसम ने सोमवार को मैसाचुसेट्स में एक कार्यक्रम में ये बात कहीं कि हमारे प्रांत की सफलता में प्रवासी महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

# कई सरकारी एप्स हैं सहायक, घर बैठे हो जाएंगे सभी जरूरी काम

**अमृत विचार नेटवर्क...।** मोबाइल एप्स ने हमारी जिंदगी बेहद आसान बना दी है। सुबह उठते ही हम सबसे पहले फोन में मैसेजिंग ऐप्स स्क्रॉल करते हैं। इसके अलावा कुछ ऐसे मोबाइल एप्स भी हैं, जिन्होंने हमारे जीवन को बहुत आसान बना दिया है। चाहे ट्रेन या प्लेन का टिकट बुक करवाना हो या पैसों का लेन-देन करना हो। ये मोबाइल एप्स हमारी बहुत मदद करते हैं। डिजिटल होती दुनिया में भारत सरकार ने भी लोगों की सुविधा के लिए कई एप्स बनाएं हैं, जिनका इस्तेमाल करके आसानी से सरकारी सुविधाओं का घर बैठे लाभ उठाया जा सकता है। इस तरह के एप्स से समय तो बचता ही है, साथ ही किसी सरकारी ऑफिस के चक्कर नहीं काटने पड़ते। ये एप्स पूरी तरह से फ्री होते हैं। इसके लिए किसी तरह का कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं देना पड़ता है। भारत सरकार ने नागरिकों की सुविधा के लिए कुछ ऐसे ऐप्स बनाए हैं, जिसकी मदद से आप सरकारी योजनाओं का आसानी से फायदा उठा सकते हैं। आज हम बताएंगे यह एप्स कौन-कौन से हैं और इनके प्रयोग के दौरान क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए।




### इन सरकारी एप्स को करें डाउनलोड

अगर आप एंड्रॉयड प्रयोगकर्ता हैं तो इन सभी सरकारी एप्स को आसानी से गूगल के प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा आईओएस यूजर भी एपल के एप स्टोर से इन एप को डाउनलोड कर सकते हैं। इनमें मुख्य रूप से भीम, एमआधार, उमंग, यूटीएस, डिजीलॉकर, एमपासपोर्ट सेवा, नेक्स्टजेन परिवहन इत्यादि शामिल हैं।

### पारदर्शिता को मिलता है बढ़ावा

ये एप्लिकेशन न केवल समय पर सर्विस देते हैं, बल्कि इसके इस्तेमाल से पारदर्शिता को भी बढ़ावा मिलता है। तेजी से डिजिटल होती दुनिया में ये एप सरकार और उसके नागरिकों के बीच की दूरी को पाटने का काम करते हैं। इनका इस्तेमाल करना बेहद आसान है। यह बहुत ही यूजर फ्रेंडली होते हैं। यही चीज इन्हें बाकी के एप्स से अलग बनाती है। सरकारी ऐप्स के इंटरफेस की डिजाइन बहुत आसान होती है। टेक्नोलॉजी से अपरिचित लोग भी इन्हें आसानी से चला सकते हैं। ज्यादातर एप्स में स्थानीय भाषा में सर्च करने और सर्विस लेने की सुविधा भी उपलब्ध है।

### सिक्योर होते हैं यह एप्स

सरकारी ऐप्स पूरी तरह से सुरक्षित होते हैं। सरकार इन ऐप्स में यूजर के डेटा की सुरक्षा को प्राथमिकता देती है। किसी भी तरह की संवेदनशील जानकारी की सिक्योरिटी के लिए हाई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे यूजर अपने पर्सनल डेटा के साथ इन प्लेटफॉर्म्स पर भरोसा कर सकें।

### नकली ऑफिशियल सरकारी वेबसाइट्स को कैसे पहचान सकते हैं?

- जब भी आप इस सुविधा का प्रयोग करें सबसे पहले वेब एड्रेस (URL) को ध्यान से देखें। आधिकारिक सरकारी वेबसाइटों में gov.in या nic.in डोमेन होता है। इसलिए इससे मिलते-जुलते डोमेन या URL वाली वेबसाइटों से आप हमेशा सावधान रहें।
- आधिकारिक सरकारी मुहरें, लोगो या चिन्ह को जरूर देखें। असली सरकारी वेबसाइट्स अक्सर इन चीजों को प्रमुखता से दिखाती हैं। हालांकि ध्यान रखें कि इन्हें कॉपी भी किया जा सकता है।



- वेबसाइट की वर्तनी और व्याकरण संबंधी त्रुटियों की जांच करें। सरकारी वेबसाइट्स के इंटरफेस में आमतौर पर भाषाई गलतियां नहीं होती हैं। टाइपो और व्याकरण संबंधी गलतियां नकली वेबसाइट का संकेत है।
- अगर आपको किसी वेबसाइट की प्रमाणिकता के बारे में कोई संदेह है तो इसके सत्यापन के लिए संबंधित सरकारी एजेंसी से सीधे संपर्क करना सबसे अच्छा विकल्प है।


# संघर्ष का समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं

## मोदी बोले- यूक्रेन युद्ध में मासूमों की मौत पीड़ादायक, पुतिन ने युद्ध विराम को लेकर भारत के सुझावों की सराहना की

**मॉस्को, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक स्पष्ट संदेश देते हुए मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं है और बम, बंदूकों तथा गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन में पुतिन के साथ शिखरवार्ता से पहले, अपने प्रारंभिक वक्तव्य में मोदी ने जाहिर तौर पर यूक्रेन में बच्चों के एक अस्पताल पर बम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि बेगुनाह बच्चों की मौत हृदय-विदारक और बहुत पीड़ादायी है।

मोदी ने वैश्विक समुदाय को आश्वासन दिया कि भारत शांति के पक्ष में है और संघर्ष का समाधान बातचीत से निकाला जाना चाहिए। नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शांति अत्यंत आवश्यक है। मोदी ने कहा शांति बहाली के लिए भारत हरसंभव तरीकों से सहयोग को तैयार है। मोदी दो दिवसीय रूस यात्रा पर सोमवार को मॉस्को पहुंचे और मंगलवार को पुतिन के साथ उन्होंने 22वीं भारत-रूस वार्षिक शिखरवार्ता में भाग लिया। यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर पश्चिमी देश इस यात्रा पर लगातार नजर रखे हुए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मोदी-पुतिन वार्ता से पहले वाशिंगटन में कहा हम भारत से आग्रह करेंगे, जैसा कि हम रूस से वार्ता करने वाले हर देश से करते हैं कि वह स्पष्ट करे कि यूक्रेन में संघर्ष का कोई भी समाधान ऐसा होना चाहिए जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करता हो, जो यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता एवं यूक्रेन की संप्रभुता का सम्मान करता हो। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में, सोमवार को यूक्रेन में बच्चों के एक अस्पताल पर बम हमले का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा अगर लोगों की जान जाती है तो मानवता में विश्वास करने वाला हर व्यक्ति दुखी होता है।



मॉस्को में 22वें रूस-भारत शिखर वार्ता के दौरान चर्चा करते मोदी-पुतिन।

**मोदी के पुतिन से गले मिलने पर जेलेंस्की ने आपत्ति जताई :** इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मोदी के पुतिन से गले मिलने पर आपत्ति जताई। जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा यूक्रेन में बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर रूसी मिसाइल से हमला हुआ, जिसमें कैंसर के मरीज बच्चों पर निशाना साधा गया। मलबे के नीचे कई लोग दब गए। उन्होंने कहा दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को मॉस्को में ऐसे दिन दुनिया के सबसे बड़े खूनी अपराधी को गले लगाते हुए देखना बड़ा निराशाजनक और शांति प्रयासों के लिए विनाशकारी झटका है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार रात पुतिन के साथ अपनी अनौपचारिक बातचीत का भी जिक्र किया और कहा कि रूस के राष्ट्रपति की बात सुनने से उम्मीद बनी।



भारतीय समुदाय के लोगों से हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी।

### भारत-रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है ऊर्जा

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन के साथ रोसेटम पवेलियन का दौरा किया और कहा कि ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है तथा नई दिल्ली इस क्षेत्र में मॉस्को के साथ संबंध और मजबूत करने को लेकर आशान्वित है। मोदी ने वीडीएनकेएच के रोसेटम मंडप में असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग को समर्पित एक फोटो प्रदर्शनी देखी, जिसका उद्घाटन नवंबर 2023 में किया गया था। यह वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के इतिहास में सबसे बड़ी प्रदर्शनियों में से एक है। मोदी ने यात्रा की अपनी तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा राष्ट्रपति पुतिन के साथ एटम पवेलियन का दौरा किया। ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है और हम इस क्षेत्र में संबंध और मजबूत करने के लिए आशान्वित हैं। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी को एटमिक सिम्फनी भी दिखाई गई - जो वीवीईआर-1000 रिएक्टर का एक स्थायी कार्यशील मॉडल है। यह भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (केकेएनपीपी) का हृदय है।

### सुख-दुख का भरोसेमंद साथी है रूस : मोदी

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री ने मंगलवार को रूस को भारत का सुख-दुख का साथी और सबसे भरोसेमंद दोस्त बताते हुए पिछले दो दशकों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने वैश्विक गरीबी से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत हर चुनौती को चुनौती देने में सबसे आगे रहेगा और चुनौती देना तो उनके डीएनए में है। मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा दशकों से भारत और रूस के बीच जो अनोखा रिश्ता रहा है, मैं उसका कायल रहा हूं। हमारे रूसी दोस्त इसे द्रुजवा कहते हैं और हम हिंदी में इसे दोस्ती कहते हैं।

# पहाड़ी रास्तों पर हिंसा के निशान दे रहे सैनिकों की बहादुरी के सबूत

**मछेड़ी (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी।** सेना के गश्ती दल पर घात लगाकर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के एक दिन बाद मंगलवार को पेड़ों और पहाड़ी से घिरी सड़क पर खून के धब्बे, बिखरे हुए हेलमेट, गोलियों के खोखे, चकनाचूर शीशे और पंचर टायर वाले वाहन घटना की विभीषका तो बयां कर रहे हैं, साथ ही जवानों द्वारा बहादुरी से किए गए मुकाबले और घंटों चली मुठभेड़ की भी गवाही दे रहे हैं।

भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सोमवार को जिला मुख्यालय कठुआ से लगभग 150 किलोमीटर दूर बदनोटा गांव के पास माछेड़ी-किंडली-मल्हार पहाड़ी मार्ग पर अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे दो सैन्य वाहनों पर ग्रेनेड फेंका और अंधाधुंध गोलीबारी की। हमले में पांच सैनिक शहीद हो गए तथा पांच अन्य घायल हो गए। यह एक महीने में जम्मू संभाग में पांचवां आतंकवादी हमला था।

कश्मीर घाटी की तुलना में अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि के लिए अधिकारियों ने आतंकियों के पाकिस्तानी आकाओं को जिम्मेदार ठहराया है जो क्षेत्र में आंतकवाद को फिर से भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने घटना को याद करते हुए बताया कि सैनिकों ने हताहत होने के बावजूद साहस और दृढ़ता का परिचय दिया तथा कई घंटों तक आतंकवादियों का मुकाबला किया।

### कठुआ मुठभेड़



छानबीन करते आर्मी के जवान।

### बारिश रुकते ही फिर तलाशी अभियान शुरू

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण सोमवार देर रात अभियान को स्थगित कर दिया था लेकिन मंगलवार को इसे फिर से शुरू किया गया। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त तलाशी दलों ने कठुआ, उधमपुर और डोडा सहित विभिन्न दिशाओं से अभियान शुरू किया है।

### जोरदार धमाके की आवाज आई थी : पूरनचंद

ग्रामीण पूरन चंद शर्मा ने बताया हमले से करीब 10 मिनट पहले एक गैर सैनिक बस वहां से गुजरी थी। हमने जोरदार धमाका सुना और शुरुआत में लगा कि टायर फटा है लेकिन कुछ देर बाद ही गोलीबारी की आवाज आने के महसूस हुआ कि मुठभेड़ शुरू हो गयी है।

# सिंगापुर में नाबालिग से दुष्कर्म में भारतीय को 13 साल जेल

**सिंगापुर एजेंसी**

- नौ कोड़े मारने की सजा सुनाई, भगोड़ों को शरण देने के मामले में भी दोषी ठहराया गया

यहां की एक अदालत ने भारतीय मूल के एक व्यक्ति को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराते हुए सोमवार को 13 वर्ष चार सप्ताह की जेल और नौ कोड़े मारने की सजा सुनाई है।

समाचार चैनल न्यूज एशिया की खबर के मुताबिक, राज कुमार बाला (42) को पीड़िता के साथ दुष्कर्म और छेड़छाड़ के अलग-अलग आरोपों के अलावा चिल्ड्रन एंड यंग पर्सन एक्ट के तहत भगोड़ों को शरण देने के मामले में भी दोषी ठहराया गया। दोषी बाला भारतीय मूल का नागरिक है, जिसके पास अब सिंगापुर की नागरिकता है और वह देश में एक बार का संचालन करता है। खबर के अनुसार, बचाव पक्ष के वकील रमेश तिवारी ने कहा कि उनके मुवक्किल ने अपील लंबित रहने तक जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया है।

## चीन पर साइबर हमलों का लगाया आरोप

**बीजिंग।** ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका ने मंगलवार को चीन पर ऑस्ट्रेलिया और अन्य स्थानों पर सरकारी एजेंसियों पर साइबर हमले करने का आरोप लगाया। इन पांच देशों को जासूसी गठबंधन फाइव आईज''कहा जाता है। ऑस्ट्रेलिया के इंटरनेट/नेटवर्क मामलों के निदेशालय द्वारा फाइव आईज के सहयोगी देशों जर्मनी, जापान और दक्षिण कोरिया की सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन का सुरक्षा मंत्रालय 'नेटवर्क ऑफ इंटरेस्ट' को हैक कर रहा है।

# फ्रांस के नवनिर्वाचित सांसद अगली सरकार बनाने की तैयारी में जुटे

**पेरिस, एजेंसी**

- चुनाव में वामपंथी, मध्यमार्गी और दक्षिणपंथी दलों में से किसी को नहीं मिला था स्पष्ट बहुमत

फ्रांस के नवनिर्वाचित सांसद मंगलवार को नेशनल असेंबली में बातचीत के लिए जुटे, ताकि त्रिशंकु संसद बनने के बाद वे साथ मिलकर बहुमत वाली सरकार का गठन कर सकें।

संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली के लिए हुए चुनाव में वामपंथी, मध्यमार्गी और दक्षिणपंथी दलों में से किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को अपने प्रधानमंत्री गैब्रियल अट्टल से सरकार का दैनिक कामकाज संभालते रहने को कहा। वहीं, पेरिस ओलंपिक शुरू होने में तीन सप्ताह से भी कम समय शेष है। मैक्रों वाशिंगटन में नाटो के शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होंगे। चुनाव में कोई भी गुट सरकार बनाने के लिए आवश्यक बहुमत के करीब भी नहीं पहुंच पाया, जिससे यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के ठप्प हो जाने का खतरा बढ़ गया है। हालांकि, यूरोप में त्रिशंकु संसद बनना कोई असामान्य बात नहीं है, लेकिन फ्रांस के आधुनिक इतिहास में यह स्थिति अभूतपूर्व है। सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले वामपंथी गठबंधन, 'न्यू पॉपुलर फ्रंट' का कहना है कि उन्हें नयी सरकार बनानी चाहिए। गठबंधन में शामिल तीन मुख्य पार्टियों - कट्टर वामपंथी फ्रांस अन्बाउड, सोशलिस्ट्स और ग्रीन्स - ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार तलाशने के लिए बातचीत शुरू कर दी है।

# अमेरिका भारत से बोला- यूक्रेन संघर्ष समाधान में संप्रभुता का हो सम्मान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- भारत रणनीति साझेदार है जिसके साथ पूर्ण व स्पष्ट बातचीत हो सकती
- भारत की इस मसले पर सर्वजनिक टिप्पणी का रहेगा इंतजार


अमेरिका ने कहा कि उसने भारत से रूस को यह स्पष्ट करने का आग्रह किया है कि यूक्रेन में संघर्ष के किसी भी समाधान में संयुक्त राष्ट्र चार्टर तथा यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता तथा संप्रभुत्ता का सम्मान होना चाहिए।

अमेरिका ने कहा कि भारत एक रणनीति साझेदार है जिसके साथ वह पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करता है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी की रूस की यात्रा तथा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी बैठकों के बारे में पूछा गया था जिस पर उन्होंने यह जवाब दिया। मिलर ने कहा भारत एक रणनीतिक साझेदार है जिसके साथ हम पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करते हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा मैं मोदी की सार्वजनिक टिप्पणियों का इंतजार करूंगा कि उन्होंने क्या बात की।

## बॉलीवुड हलचल


### कंगना रनौत ने मीना कुमारी की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने ट्रेजडी क्वीन, दिवंगत अभिनेत्री मीना कुमारी की तारीफ की है। रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कमल अमरोही निर्देशित फिल्म पाकीजा से मीना कुमारी की एक क्लिप शेयर की है। इसके साथ कंगना ने लिखा मैंने मीना जी के काम को ज्यादा नहीं देखा है, लेकिन मैंने बहुत कुछ पढ़ा है। वह अपने काम के लिए काफी मशहूर थीं। दुख से लेकर हंसी और फिर निराशा तक का यह रोंगटे खड़े कर देने वाला बदलाव सबसे बढ़कर है। उस दौर में दूसरी हीरोइंस को एक्ट्रेस कहने की हिम्मत कोई नहीं करता था, मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री कहते थे कि वो सब हीरोइंस हैं, लेकिन एक्ट्रेस एक ही हैं- मीना कुमारी। कंगना बहुत जल्द फिल्म इमरजेंसी में नजर आने वाली हैं।



### अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा का गाना दे ताली रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का गाना दे ताली रिलीज हो गया है। श्लोक लाल के बोल और तनिष्क बागची की एड्रेनालाईन पैक रचना और दमदार गायकी के साथ, दे ताली प्रेरणादायक और प्रेरक गान है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित, सरफिरा स्टार्टअप और एविएशन पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास जैसे शानदार कलाकारों से सजी सरफिरा कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित है। यह फिल्म ग्रामीण महाराष्ट्र में एक शिक्षक के बेटे वीर जगन्नाथ म्हात्रे (अक्षय कुमार) की यात्रा का अनुसरण करती है।



### पवन सिंह और डिम्पल सिंह का गाना रंगदारी रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह और अभिनेत्री डिम्पल सिंह का गाना रंगदारी रिलीज हो गया है। पवन सिंह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म पॉवर स्टार को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। पवन सिंह और मधु शर्मा की मुख्य भूमिका वाली इस फ़िल्म का जब से फर्स्ट लुक आया है तब से उनके फैंस और ऑडियंस का क्रेज देखते ही बन रहा है। इसी कड़ी में टाइम्स म्यूजिक भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से पवन सिंह और अभिनेत्री डिम्पल सिंह पर फिल्माया नया सांग रंगदारी रिलीज किया गया है।

## डेमोक्रेटिक पार्टी सदस्यों की चिंताओं को गंभीरता से ले रही

**वाशिंगटन।** अमेरिका में प्रभावशाली कांग्रेसनल प्रोग्रेसिव कॉकस राष्ट्रपति जो बाइडेन को राष्ट्रपति पद के चुनाव में उम्मीदवारों की दौड़ से हटाने की डेमोक्रेटिक पार्टी में बढ़ती मांग के बीच उनके बारे में अपने सदस्यों की चिंताओं को ध्यानपूर्वक सुन रहा है।

कॉकस की अध्यक्ष और भारतीय अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांग्रेसनल प्रोग्रेसिव कॉकस (सीपीसी) अमेरिकी कांग्रेस में डेमोक्रेटिक पार्टी से संबद्ध एक समूह है। जयपाल ने कहा यह सच है कि डेमोक्रेट्स हमारे सदस्यों और घटकों के बीच बातचीत कर रहे हैं क्योंकि हम अपनी पार्टी की रक्षा करने के लिए सबसे अच्छे रास्ते पर विचार करते हैं।

**तैयारी** संगीत, नृत्य, कला, व्यंजन और साहित्यिक प्रतिभाओं का होगा आयोजन

# न्यूयॉर्क में होगा भारतीय संस्कृति का प्रदर्शन

**न्यूयॉर्क एजेंसी**

- ऐतिहासिक लिंकन सेंटर में सप्ताह भर आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम

न्यूयॉर्क के ऐतिहासिक लिंकन सेंटर में सप्ताह भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भारतीय संगीत, नृत्य, कला, व्यंजन और साहित्यिक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। वैश्विक कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए शहर के प्रख्यात लिंकन सेंटर में 10 से 14 जुलाई तक इंडिया वीक आयोजित किया जाएगा जिसमें भारतीय संस्कृति की सुंदरता और जीवंतता की झलक देखने को मिलेगी। सप्ताह भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में देश के संगीत, नृत्य, कला, व्यंजन तथा अन्य क्षेत्रों की प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। 'इंडिया वीक' के मुख्य आकर्षण में प्रसिद्ध तालवादक पद्म भूषण पुरस्कार विजेता वीटी एच. विनायकराम, ग्रैमी-नामांकित गायिका प्रिया दर्शिनी की गीत प्रस्तुति, पीबॉडी पुरस्कार विजेता अभिनेता एवं लेखक आसिफ मांडवी, हास्य अभिनेता हरि कोंडाबोलू, एमी-नामांकित लेखक व हास्य कलाकार निमेश और अपर्णा नानचेरला की प्रस्तुति शामिल होगी। नानचेरला को रोलिंग स्टोन द्वारा 'द 50 फनीएस्ट पीपुल राइट नाऊ' में से एक नामित किया गया है। इसमें ऑस्कर पुरस्कार विजेता फिल्म 'आरआरआर' भी दिखायी जाएगी। इस फिल्म का निर्देशन एस. एस राजमौली ने किया है। सप्ताह भर आयोजित होने वाले समारोह का मुख्य आकर्षण राजस्थानी लोक समूह 'एसएजेड' होगा जिसमें सुमित्रा दास गोस्वामी 'रंग-ए-थार' प्रस्तुत करेंगी।



इंडिया वीक आयोजन के तहत तैयारी करतीं छात्राएं।